RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 288
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पंड्या के दमदार प्रदर्शन से पाकिस्तान हारा
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पलक झपकते ही धूल में मिल गए भ्रष्टाचार के ट्विन टॉवर

- विस्फोटकों में दोपहर 2.30 बजे हुए धमाके के बाद 12 सेकेंड जमींदोज हो गईं दोनों विशाल इमारतें
- धूल के गुबार से पट गया पूरा वातावरण, पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से हो गई संपन्न

**रिंकू यादव।** नोएडा

**नोएडा** में भ्रष्टाचार के रावण के प्रतीक बन चुके ट्विन टॉवर रविवार को जमींदोज हो ही गए। दोपहर में ढाई बजते ही आसमान विस्फोटों से गूंज उठा और पूरा इलाका गर्द व गुबार में डूब गया। देखते ही देखते दोनों विशाल इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गईं। पूरी प्रक्रिया सुरक्षित तरीके से संपन्न हो गई। लगभग एक दशक की कानूनी लड़ाई के बाद पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें ढहाने का कड़ा फरमान सुनाया था। दोनों टॉवरों का विनाश देखने के लिए न केवल नोएडा बल्कि दूरदराज के लोग आसपास की सड़कों, इमारतों आदि पर एकत्र हो गए थे। पूरे दिन देशभर की मीडिया का भी जमावड़ा रहा। नोएडा के सेक्टर 93ए में स्थित सुपरटेक ट्विन टॉवर (32 मंजिला एपेक्स एवं 29 मंजिला सियोन) को 3700 किलोग्राम विस्फोटक के जरिए ढहाया गया। करीब छह महीने से इन्हें ध्वस्त करने की तैयारियां चल रही थीं। इस काम में करीब 17.55 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

टॉवर्स को गिराने का यह खर्च भी बिल्डर कंपनी सुपरटेक ही वहन करेगी। इन दोनों टॉवरों में कुल 950 फ्लैट्स थे और इन्हें बनाने में सुपरटेक ने करीब 300 करोड़ रुपये खर्च किए थे। भारतीय कंपनी एडिफिस और दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमोलिशंस ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम दिया। जेट के प्रबंध निदेशक जोए ब्रिंकमैन ने कहा कि दोपहर को 2.30 बजे विस्फोट करने के लिए बटन दबाया गया और दोनों ट्विन टॉवर 12 सेकेंड में जमीन पर आ गिरे। ढहने के तुरंत बाद लगभग 10 से 15 मिनट तक आसपास पूरी तरह धूल का गुबार छाया रहा। आसपास कुछ भी नहीं दिख रहा था। हालांकि विस्फोट के लिए इम्प्लोजन तकनीक का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण मलबा बाहर की तरफ न जाकर इमारत परिसर में ही अंदर की तरफ गिरा। फिर भी सड़कों के करीब पेड़-पौधों पर धूल और सीमेंट की चादर सी चढ़ गई। थोड़ी देर बाद एहतियातन लगाई गई टीम ने अन्य इमारतों से धूल के गुबार पर पानी की बौछार कर धूल को धो दिया। धूल बैठ जाने के बाद गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने विस्फोट पर निगरानी रखने वाली अधिकारियों की टीम से बात कर स्थिति की जानकारी ली। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अभी तक विस्फोट के बाद किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नही है। पड़ोस की एक सोसायटी की दीवार को मामूली नुकसान हुआ है जबकि कुछ फ्लैट की खिड़कियों के शीशे चटक गए हैं। एडिफिस कंपनी के एक्सपर्ट पूरी सघन जांच में जुटे हैं। वहीं नोएडा की सीईओ ने बताया कि विस्फोट के बाद कुछ मलबा सड़क तक और पास की एटीएस सोसायटी तक गया है, जिसे साफ कराया जाएगा। फिलहाल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। सब कुछ सुरक्षित है। एहतियातन पुलिस ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा के कई रास्तों को बंद कर डायवर्जन किया था। विस्फोट से ठीक पहले एक्सप्रेस वे को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया था। ट्विन टावर के आसपास 7 सीसीटीवी कैमरों से इंसिडेंट कमांडर निगाह रख रहे थे। ट्विन टावर के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इनमें ग्राउंड में 550 सिविल पुलिसकर्मी, 100 से ज्यादा ट्रैफिक पुलिसकर्मी, छह क्यूआरटी तैनात किए गए थे। आपात स्थिति के लिए 120 जवानों को रिजर्व रखा गया था। दो कंपनी एनडीआरएफ तैनात थी।

स्मोग गन, एम्बुलेंस, जेसीबी, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आदि तमाम व्यवस्था की गई थी। वहीं, जिला प्रशासन की तरफ से पांच हॉस्पिटल मे बेड आरक्षित किए गए थे। आपातकालीन स्थिति मे ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया गया था। बता दें कि टॉवरों में विस्फोट करने के लिए रिमोट कंट्रोल का इस्तेमाल किया गया। ट्विन टॉवर में लगे विस्फोटक को सक्रिय करने के लिए 100 मीटर की दूरी पर स्विच कंट्रोल रूम बनाया गया था। इस दायरे में सिर्फ छह लोग ही थे। इसके अलावा किसी को भी 500 मीटर के दायरे में आने की इजाजत नहीं थी। जो छह लोग 100 मीटर ब्लास्ट कंट्रोल रूम में थे, उसमें दक्षिण अफ्रीका के माइनिंग इंजीनियर टीम के सदस्य जो ब्रिंकमैन, मार्टिंस, केविन स्मिथ, साइट इंचार्ज मयूर मेहता, इंडियन ब्लास्टर चेतन दत्ता और एक पुलिस अधिकारी शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक आईपीएस राजेश एस को ट्विन टॉवर विस्फोट का इंसिडेंट कमांडर बनाया गया था, जो मोबाइल कंट्रोल रूम में बैठकर सारी स्थिति और गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। ऐसा बताया जा रहा है कि एस राजेश के ग्रीन सिंग्नल देने के बाद ही ट्वीन टावर में विस्फोट किया गया। विस्फोट के मद्देनजर आसपास की सोसायटी की बिजली और गैस आदि के कनेक्शन काट दिए गए थे, ताकि कोई विपरीत स्थिति न पैदा हो। विस्फोट के बाद प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि एक बार विस्फोट करने वाली कंपनी व अन्य एजेंसियों की क्लीनचिट मिलने के बाद सभी सोसायटी को तमाम सुविधाओं को सुचारू कर दिया जाएगा और यहां से सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए सभी लोगों को वापस लाया जाएगा। बता दें कि विस्फोट से पहले प्रशासन ने लगभग 7000 लोगों को वहां से दूर हटा दिया था।

दोनों टॉवर्स के गिरने पर सबसे बड़ी समस्या धूल के गुबार की मानी जा रही थी। इसे लेकर दिल्ली के माथे पर भी चिंता की लकीरें थीं। प्रदूषण विभाग ने भी शनिवार को दिल्ली के प्रभावित होने का अंदाजा लगाया था, लेकिन रविवार सुबह राहत की बात ये रही कि हवा का रुख ही दिल्ली की तरफ से ग्रेटर नोएडा की तरफ हो गया। इस कारण विस्फोट के बाद धूल के कण दिल्ली की तरफ न जाकर ग्रेटर नोएडा की तरफ गए।



नोएडा में रविवार दोपहर को सेक्टर 93ए में सुपरटेक के ट्विन टावर को धराशाई कर दिया गया। अवैध रूप से निर्मित इन ढांचों को ध्वस्त करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के साल भर बाद यह कार्रवाई की गई। लगभग 100 मीटर ऊंचे ढांचों को विस्फोट कर चंद सेकेंड में गिरा दिया गया। दिल्ली के ऐतिहासिक कुतुबमीनार (73 मीटर) से भी ऊंचे गगनचुंबी ट्विन टावर को वाटरफॉल इम्प्लोजन तकनीक की मदद से गिराया गया। ट्विन टावर को ध्वस्त किए जाने के कुछ मिनट बाद आसपास की इमारतें सुरक्षित नजर आईं। ट्विन टावर भारत में अब तक ध्वस्त किए गए सबसे ऊंचे ढांचे थे। राष्ट्रीय राजधानी से लगे नोएडा के सेक्टर 93ए में सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी के भीतर 2009 से एपेक्स (32 मंजिल) और सियान (29 मंजिल) टावर निर्माणाधीन थे। फोटोः रंजन डिमरी

## कैसे होगा मलबे का प्रबंधन

**दोनों** इमारतों से कंकरीट, स्टील, लोहा आदि को मिलाकर अनुमानित 75,000 से 80,000 टन मलबा निकलेगा। स्टील व लोहे के मलबे को एडिफिस ही बेचेगी। यही नहीं, सीमेंट और अन्य प्रकार के मलबे के लिए नोएडा व आसपास में खाली प्लॉट तैयार किए गए हैं, जहां मलबे को पहुंचाया जाएगा और बाद में निस्तारण किया जाएगा। साइट से मलबा हटाने में लगभग तीन महीने लगेंगे।

## ढोल-नगाड़े बजे, गुलाल लगाकर बांटी मिठाई

**दोनों** इमारतों के ढह जाने के कुछ देर बाद जब धूल हटी तो एक अन्य दृश्य साफ हुआ। जहां आसपास की सोसायटी के लोगों ने ढोल बजाकर और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कुछ लोगों ने यहां मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। लोगों का कहना है कि इतनी लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार भृष्टाचार की हार हुई है। ये किसी सपने के सच होने से कम नहीं है।

## छतों से बनाए वीडियो, ट्विटर पर हुआ मीम्स का विस्फोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुपरटेक** के ट्विन टॉवर के मलबे में तब्दील होते ही उठे धुएं और धूल के गुबार के साथ ट्विटर पर मनोरंजक टिप्पणियों, प्रफुल्लित करने वाले मीम्स और गहरे तंज करते ट्वीट का विस्फोट हो गया। कुछ लोगों ने ट्वीट कर कहा कि भ्रष्टाचार की मीनार ढह गई, तो कुछ अन्य ने कहा कि अभूतपूर्व घटना का मीडिया कवरेज ऐसे हो रहा है मानो इसरो चंद्रमा पर गगनयान भेज रहा है। लोगों ने ट्वीटर पर अलग-अलग तरीके से भावनाएं व्यक्त करते हुए प्रतिक्रियाएं दीं।

कुछ ने यह भी पूछा कि क्या इन इमारतों का ढहाना बहुत आवश्यक था और क्या इन्हें अन्य मानवीय या लोक कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता था। अनेक लोगों ने विस्फोट और इमारतों के ढहाने के



ट्विन टावर के विध्वंस की प्रक्रिया को देखते लोग। कई ने इसके वीडियो भी बनाये

वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा- डन यानी ढह गईं दोनों इमारतें। कोई इन्हें भ्रष्टाचार की टॉवर कह रहा था तो कोई न्याय की जीत।

कई ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी बॉलीवुड फिल्मों के प्रसिद्ध संवादों और चित्रों का उपयोग करके विध्वंस को हास्य एवं तंज के मिश्रण से मीम्स की झड़ी लगा दी। आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों (शेष पेज 8)

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई

- देश में अब तक ध्वस्त किए गए सबसे ऊंचे ढांचे थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** के सेक्टर 93ए में सुपरटेक के ट्विन टावर को रविवार दोपहर धराशाई कर दिया गया। अवैध रूप से निर्मित इन ढांचों को ध्वस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के साल भर बाद यह कार्रवाई की गई। लगभग 100 मीटर ऊंचे ढांचों को विस्फोट कर चंद सेकेंड में गिरा दिया गया। दिल्ली के ऐतिहासिक कुतुब मीनार (73 मीटर) से भी ऊंचे गगनचुंबी ट्विन टावर को वाटरफॉल इम्प्लोजन तकनीक की मदद से गिराया गया।

ट्विन टावर को ध्वस्त किए जाने के कुछ मिनट बाद आसपास की इमारतें सुरक्षित नजर आईं। ट्विन टावर भारत में अब तक ध्वस्त किए गए सबसे ऊंचे ढांचे थे। राष्ट्रीय राजधानी से लगे नोएडा के सेक्टर 93ए में सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी के भीतर 2009 से एपेक्स (32 मंजिल) और सियान (29 मंजिल) टावर निर्माणाधीन थे। इमारतों को ध्वस्त करने के लिए 3,700 किलोग्राम से अधिक



ट्विन टावर को गिराए जाने से पहले प्रदूषण से निपटने के लिए तैनात एंटी स्मॉग गन।

विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया। ट्विन टावर को गिराने का कार्य करने वाली कंपनी एडिफिस इंजीनियरिंग के एक अधिकारी ने बताया कि एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी के आसपास मौजूद आवासीय इमारतों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एडिफिस, दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन्स, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) और नोएडा के अधिकारी ट्विन टावर के पास स्थित दो सोसाइटी एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज की इमारतों का संरचनागत विश्लेषण कर रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि धूल पर पानी का छिड़काव ॅकरने के लिए एंटी स्मॉग गन (पानी का छिड़काव करने वाले उपकरण) का उपयोग किया जा रहा है। ट्विन टावर में 40 मंजिलें और 21 दुकानों समेत 915 आवासीय अपार्टमेंट प्रस्तावित थे।

इन ढांचों को ध्वस्त किए जाने से पहले इनके पास स्थित दो सोसाइटी एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज के करीब 5,000 लोगों को वहां से हटा दिया गया। इसके अलावा, करीब 3,000 वाहनों तथा बिल्ली और कुत्तों समेत 150-200 पालतू जानवरों को भी हटाया गया। अनुमान के मुताबिक, ट्विन टावर को गिराने के बाद इससे उत्पन्न हुए 55 से 80 (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,833 | |
| निफ्टी | 17,558 | |
| सोना | 52,031 | /10g |
| चांदी | 55,979 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत, अमेरिका के विशेष बलों ने किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के विशेष बलो ने हिमाचल प्रदेश के बक्लोह मे मुख्य तौर पर आतंकवाद रोधी अभियानो पर ध्यान केंद्रित करते हुए तीन सप्ताह का एक अभ्यास किया। भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास वज्र प्रहार मौजूदा वैश्विक स्थिति की पृष्ठभूमि मे दोनों देशो की सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ मे महत्वपूर्ण था। इस वार्षिक अभ्यास का आयोजन भारत और अमेरिका मे वैकल्पिक रूप से किया जाता है। 12वें संस्करण का आयोजन पिछले साल अक्टूबर मे वाशिंगटन मे ज्वाइंट बेस लुईस मैककॉर्ड मे किया गया था। इस अभ्यास मे दोनो पक्षो ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत एक संयुक्त वातावरण मे हवाई संचालन, विशेष अभियान और आतंकवाद रोधी अभ्यास किए। अभ्यास दो चरणो मे आयोजित किया गया।

## कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होगा 17 अक्टूबर को

- सीडब्ल्यूसी की वर्चुअल बैठक में लिया गया फैसला, 24 सितंबर से शुरू होगा नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष चुनने के लिए 17 अक्टूबर को अध्यक्ष पद के चुनाव की घोषणा की है। यह निर्णय रविवार को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की ऑनलाइन बैठक के बाद लिया गया। चुनाव की अधिसूचना 22 सितंबर को जारी होगी।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह फैसला दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद के ताजा इस्तीफे के बाद पार्टी में मचे उथल पुथल और राहुल गांधी पर हुए तीखे हमले के बीच लिया गया है। सीडब्ल्यूसी की करीब 30 मिनट की बैठक के बाद पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने यह जानकारी दी।

उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 24 सितंबर को आरंभ होगी और इसकी आखिरी तिथि 30 सितंबर होगी और इस अवधि के दौरान सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच एक अक्टूबर होगी। नामांकन पत्र आठ अक्टूबर तक वापस लिए जा सकते हैं। मिस्त्री ने कहा कि एक से अधिक उम्मीदवार होने पर चुनाव 17 अक्टूबर को होगा और मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा 19 (शेष पेज 8)

## गुजरात को बदनाम करने की चल रही साजिशः प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा 2047 तक भारत विकसित देश होगा

**भाषा।** भुज

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात को बदनाम करने और निवेश रोकने के लिए साजिशें रची गई हैं, लेकिन इस राज्य ने इन्हें नज़रअंदाज किया और प्रगति का नया मार्ग प्रशस्त किया।

मोदी इस साल के अंत में गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भुज में विकास कार्यों का उद्घाटन करने और उनकी नींव रखने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि फिलहाल कई कमियों के बावजूद वह साफ तौर पर



भुज में एक रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देख सकते हैं। मोदी ने भुज में 4400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी जिनमें सरदार सरोवर परियोजना की कच्छ शाखा नहर, सरहद डेयरी की नई स्वचालित दूध प्रसंस्करण और पैकिंग संयंत्र, भुज में क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, गांधीधाम में डॉ. (शेष पेज 8)

## फोगाट मामलाः गोवा सरकार सीबीआई को दे सकती है केस

- इस मामले में भाजपा नेता के दो सहयोगियों समेत पांच लोगों को किया जा चुका है गिरफ्तार

**भाषा।** पणजी

**गोवा** के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार भारतीय जनता पार्टी की नेता सोनाली फोगाट की मौत के मामले को जरूरत पड़ने पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने के लिए तैयार है। उधर फोगाट की कथित हत्या के मामले में मादक पदार्थ के एक और तस्कर को गिरफ्तार किया है।

फोगाट (43) की 22 अगस्त को गोवा में रहस्यमई परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में राज्य की पुलिस अब तक पांच लोगों को



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत

गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें फोगाट के दो सहयोगी शामिल हैं, जिन पर हत्या का आरोप लगाया गया है। पणजी में पत्रकारों से बात करते हुए, सावंत ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पहले ही उनसे बात कर चुके हैं और उन्होंने मामले की विस्तृत जांच का अनुरोध किया है।

सावंत ने कहा कि खट्टर ने उन्हें बताया कि फोगाट परिवार चाहता है कि मामले (शेष पेज 8)

# पांच साल में खोलने थे 500 स्कूल, खुले केवल 63

## आरटीआई में खुली सरकार के वादों की पोल, दो-तिहाई में विज्ञान पढ़ाने की व्यवस्था नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार देश दुनिया में अपने शिक्षा मॉडल की दुहाई देती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही स्थिति बयां करती हैं।

दिल्ली सरकार के तहत आने वाले सिर्फ एक-तिहाई स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा में विज्ञान के विषयों की पढ़ाई नहीं होती है। यही नहीं, केजरीवाल सरकार 500 नए स्कूल खोलने के अपने लक्ष्य से काफी पीछे है। उसने पिछले सात साल में उसने राष्ट्रीय राजधानी में 63 नए स्कूल खोले हैं। सूचना के अधिकार के तहत शिक्षा विभाग से जानकारी मांगी गई थी कि दिल्ली सरकार के तहत आने वाले कुल कितने स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा में विज्ञान और वाणिज्य के विषय पढ़ाए जाते हैं। साथ ही यह भी पूछा गया था कि सरकार ने फरवरी



2015 से लेकर मई 2022 के बीच कितने नए स्कूल खोले हैं। मांगी गई जानकारी में शिक्षा विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में मध्य दिल्ली जिले के स्कूलों की स्थिति सबसे खराब है, जहां के 31 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में से सिर्फ चार में विज्ञान और 10 स्कूलों में वाणिज्य के विषयों की पढ़ाई होती है। शिक्षा विभाग ने अपने जवाब में बताया कि आप की सरकार ने फरवरी 2015 से लेकर मई 2022 के बीच कुल 63 नए स्कूल खोले हैं। आप ने वर्ष 2015 के विधानसभा चुनावों के लिए जारी अपने घोषणा पत्र में 500 स्कूल खोलने का वादा किया था।

आप के घोषणा पत्र के बिंदु-19 के मुताबिक, पार्टी दिल्ली में 500 स्कूल खोलेगी और उसका विशेष ध्यान माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों पर होगा, ताकि दिल्ली के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। आरटीआई में 26 स्कूलों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जबकि अन्य स्कूलों की जानकारी शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट से जुटाई गई है।

कुल 838 उच्च माध्यमिक विद्यालयों के आंकड़े उपलब्ध हुए हैं, जिनमें से सिर्फ 279 स्कूलों में विज्ञान और 674 विद्यालयों में वाणिज्य के विषयों की पढ़ाई होती है। यानी राष्ट्रीय राजधानी के लगभग 66 फीसदी सरकारी स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा में विज्ञान, जबकि तकरीबन 19 प्रतिशत विद्यालयों में वाणिज्य के विषयों की पढ़ाई नहीं होती है। दिल्ली सरकार के तहत आने वाले स्कूलों की कुल संख्या 1047 है, जिनमें माध्यमिक और मिडिल स्कूल भी शामिल हैं।

दिल्ली सरकार के स्कूलों में विज्ञान और वाणिज्य की पढ़ाई नहीं होने को लेकर वर्ष 2017 में उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कि विज्ञान और वाणिज्य के विषयों का आवंटन असमान तरीके से किया गया है, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है और यह क्षेत्र के विद्यार्थियों के साथ नाइंसाफी है। याचिका दायर करने वाले वकील युसुफ नकी ने कहा, उनकी याचिका पर उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था, जिसके जवाब में सरकार ने हलफनामा दायर कर कहा था कि वह करीब 50 स्कूलों में विज्ञान और वाणिज्य के विषयों की पढ़ाई शुरू करने जा रही है। इसके बाद अदालत ने याचिका का निपटान कर दिया था। नकी के अनुसार, सरकार ने तब अपने जवाब में कहा था कि 291 सरकारी स्कूलों में विज्ञान के विषयों की पढ़ाई होती है।

### शिक्षा मॉडल में चल रहा फर्जीवाड़ा : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल को खोखला बताया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सरकार के तथाकथित वर्ल्ड क्लास शिक्षा मॉडल को पूरी तरह फर्जीवाड़ा करार दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस दावे को खुली चुनौती दी है कि निजी स्कूलों को छोड़कर बच्चे सरकारी स्कूलों में आ रहे हैं। सरकारी स्कूलों के छात्रों की संख्या पिछले सात साल में करीब एक लाख घट गई है। स्कूलों में जितने बच्चे आ रहे हैं, उनमें से भी रोजाना 40 फीसदी गैरहाजिर रहते हैं। निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों का आंकड़ा 43 फीसदी हो गया है। बिधूड़ी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया है कि सरकारी स्कूलों में वर्ष 2013-14 में छात्रों की संख्या 16.1 लाख थी लेकिन वर्ष 2019-20 में घटकर 15.1 लाख रह गई।

# आबकारी नीति और क्लास रूम घोटाले पर मांगेंगे जवाब : बिधूड़ी


रामवीर सिंह बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा विस में आबकारी नीति और क्लासरूम घोटाले के मुद्दे उठाएगी और सरकार से इन मुद्दों पर जवाब मांगेगी। रविवार को नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में बैठक हुई और उसमें सोमवार को होने वाली बैठक के लिए रणनीति पर विचार किया गया।

बिधूड़ी ने बताया कि घोटाले पर भाजपा, सिसोदिया को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग करेगी। आबकारी नीति में घोटाले पर अब तक सरकार किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे पाई है। नेता प्रतिपक्ष बताया कि हाल ही में उपराज्यपाल ने जिस प्रकार क्लास रूम घोटाले को दबाने के बारे में मुख्य सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है, उस मुद्दे पर भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा। क्लास रूम घोटाले में सीवीसी ने ढाई साल पहले दिल्ली सरकार को रिपोर्ट भेजी थी लेकिन सचिव, सतर्कता विभाग ने उसे दबाए रखा।

### एलजी के फाइल लौटाने और सरकार के घोटालों पर हो चर्चा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने कहा कि विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में केजरीवाल सरकार ने नई आबकारी नीति में हुए भारी भ्रष्टाचार के बारे में किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा एलजी के फाइल लौटाने और सरकार के घोटालों पर चर्चा हो। उन्हें आशा है कि इस बार केजरीवाल भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल का सही जवाब देंगे।

# विस के विशेष सत्र दूसरे दिन भी हंगामा होने की आशंका



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे

विधानसभा के सोमवार को बुलाए गए विशेष सत्र में सत्तापक्ष और विपक्षी दल के बीच नोंकझोंक देखने को मिल सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस सत्र में सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे।

भाजपा पर तीखा हमला करते हुए केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि विपक्षी दल का उनकी सरकार को गिराने के लिए ऑपरेशन लोटस विफल हो गया है क्योंकि वह आप के किसी विधायक को नहीं तोड़ सकी।

केजरीवाल ने कहा था, वह विधानसभा में विश्वास मत लाना चाहता है ताकि दिल्ली के लोगों के सामने यह साबित किया जा सके कि भाजपा का ऑपरेशन लोटस दिल्ली ऑपरेशन कीचड़ बन गया है। भाजपा की लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं है और उसका ऑपरेशन लोटस धोखे से सत्ता हथियाने का तरीका है। वहीं, भाजपा ने पलटवार करते हुए केजरीवाल पर राजनीतिक प्रचार के लिए विधानसभा का इस्तेमाल करने तथा अपनी सरकार के शराब घोटाले से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए नाटक करने का आरोप लगाया।

### तेज रफ्तार कार की बस से टक्कर में एक व्यक्ति घायल

**नई दिल्ली।** रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद कथित तौर पर अनियंत्रित होकर डीटीसी बस से टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में कार में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पूर्वी पंजाबी बाग निवासी आशीष गुप्ता के रूप में हुई है। दुर्घटना जन्माष्टमी पार्क के पास रिंग रोड पर हुई। पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल के मुताबिक पुलिस को एक कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। कार का चालक वाहन को तेज गति से चला रहा था। तभी कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसके बाद अनियंत्रित हो कर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस से टकरा गई।

# वर्क फ्राम होम की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में तीन गिरफ्तार

● रोजगार की तलाश कर रहे 100 लोगों से ठगी का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में कथित तौर पर वर्क फ्रॉम होम नौकरी दिलाने के नाम पर 100 से अधिक लोगों से ठगी करने के आरोप में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान राहुल सिंह, संध्या और रोहित कुमार दुबे के रूप में हुई है। आरोपी रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी जल्द रुपये कमाने के लिए करते थे। ये क्विकर डॉट कॉम पोस्ट के जरिए लोगों को अच्छी तनख्वाह पर वर्क फ्रॉम होम (घर से ही काम) नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की गई। आरोपी बेरोजगार लोगों से पंजीकरण और साक्षात्कार शुल्क के नाम पर पैसे मांगते थे और रुपये मिलने के बाद गायब हो जाते थे। यह मामला सामने आया जब अशोक विहार की एक युवती ने शिकायत की कि उसने वर्क फ्रॉम होम नौकरी के लिए क्विकर डॉट कॉम पर पंजीकरण कराया था। पीड़िता को कॉल आया कि उसके सीवी का चयन नौकरी के लिए कर लिया गया है।

# बीएसएफ उप-निरीक्षक को दोस्त ने गोली मारी

● कार में साथ घूमते समय नशे में था आरोपी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक उप-निरीक्षक को उसके दोस्त ने कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उप-निरीक्षक के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो नशे की हालत में था। उन्होंने बताया कि नजफगढ़ के गोपाल नगर के निवासी पीड़ित संदीप कुमार का इलाज चल रहा है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने कहा कि उप-निरीक्षक झारखंड में तैनात था। पुलिस ने बताया कि मामला शनिवार को तब सामने आया, जब वेंकटेश्वर अस्पताल की तरफ से नजफगढ़ थाने को इसकी सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने बताया कि पीड़ित अपने बहनोई अंकुश, भतीजे रवि और संदीप सहवाग नाम के एक अन्य व्यक्ति के साथ द्वारका में एक कार में घूम रहा था। उन्होंने बताया कि सहवाग के पास एक पिस्तौल थी और वह नशे की हालत में था और उसने गोली चलाई जो कुमार को लग गई। डीसीपी ने कहा कि चालक के तौर पर काम करने वाले सहवाग (29) को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# धौला कुआं- हवाईअड्डा सड़क सौंदर्यीकरण परियोजना तीन महीने में पूरी होगी : एलजी

पायनियर समाचवार सेवा। नई दिल्ली

● उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

धौला कुआं से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक आठ किलोमीटर लंबी सड़क के सौंदर्यीकरण का काम तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। शहर के कई अन्य हिस्सों में सड़क सौंदर्यीकरण की परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। उप राज्यपाल वी.के. सक्सेना ने रविवार को धौला कुआं से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सड़क सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया।

राजनिवास के अनुसार इस परियोजना के तहत फुटपाथ के अलावा खाली जगहों पर विभिन्न ऊंचाईयों के फूलों के पौधों के साथ आठ किलोमीटर लंबी सड़क को समान रूप से विकसित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल को जानकारी दी कि सड़क के विभिन्न हिस्सों पर काम शुरू हो चुका है और सात-आठ फव्वारे लगाने के लिए स्थानों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के टर्मिनल-एक के पास संगमरमर पत्थर से बनी प्रतिमाएं लगाने की भी योजना है।

उपराज्यपाल ने ट्वीट कर कहा, धौला कुआं से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक आठ किलोमीटर लंबी सड़क के सौंदर्यीकरण कार्य के तहत एक किलोमीटर सड़क की पायलट परियोजना का आज निरीक्षण किया। इसी तर्ज पर शेष सात किलोमीटर के हिस्से का सौंदर्यीकरण तीन महीने में किया जाएगा।

### डीयू में आरक्षण व रोस्टर लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** एससी/एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में आरक्षण व रोस्टर को अच्छी तरह से लागू करवाने की मांग दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश कुमार सिंह से की है। संसदीय समिति में विशेष याचिका दायर कर 22 दिसम्बर 2016 के संसदीय समिति द्वारा डीयू को भेजे गए सर्कुलर को लागू करने की भी मांग की गई है।

उस समय संसदीय समिति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों का 4500 पदों का बैकलॉग पाया और रोस्टर को लेकर अनेक विसंगतियां पाई थी।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform all concerned that my DDA Property Documents i.e. Original Allotment cum Demand Letter and Original Mutation Letter issued by Delhi Development Authority of Plot No. W-16, Rewari Lane, Industrial Area, Phase-II, Mayapuri, Delhi has been lost. If anybody finds the same, he/she may return the same to me. The public are hereby cautioned in dealing with the above and if they do so, they will be doing so at their own risk and responsibility. By Smt. Ramesh Rani W/o Shri Trilochan Lal, R/o 9/6, Ground Floor, Gali No. 9, Subhash Nagar, New Delhi-110027 Mob. : 9811640051

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सम्पत्ति सं. बी–812, 8वां तल, बी ब्लॉक, पीयूष हाइट्स, सेक्टर–89, फरीदाबाद–121005 के संबंध में श्रीमती संगीता कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री अनिल कुलश्रेष्ठ के नाम में मूल हस्तांतरण विलेख (कन्वेयंस डीड) सं. 4892 दिनांक 18–09–2017 फरीदाबाद में मार्ग में खो गई है। पाने वाला व्यक्ति कृपया उक्त दस्तावेज श्रीमती संगीता कुलश्रेष्ठ को उपरोक्त पते पर अथवा एसबीआई आरएसीपीसी एससीओ 98, सेक्टर–16, हुडा मार्किट, फरीदाबाद को वापस लौटा दे अथवा कॉल बैक करे।

एम. : 9910843071, 9545446461

**गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : सी 115, मानसरोवर गार्डन, भू तल, नई दिल्ली 110015
फोन नंबर 011 25193268, ई मेल : goldedgeestate2016@gmail.com,
सीआईएन : L70101DL1992PLC047541, www.goldedgeestate.in

**सदस्यों हेतु सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. कम्पनी की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), बैठक की सूचना दिनांकित 20 अगस्त, 2022 में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे, कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए), भारत सरकार तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी एमसीए जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 02/2022 तथा अन्य सभी लागू कानूनों और सर्कुलर्स के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेन्स ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. उपरोक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021 22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को, 26 अगस्त, 2022 को अथवा पूर्व, भेजी जा चुकी हैं, जिनका ई मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीबद्ध है।
3. कम्पनी ने सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के प्लेटफार्म पर ई वोटिंग सुविधा के माध्यम से 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना में वर्णित सभी व्यवसाय मदों के निष्पादन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधा की व्यवस्था की है। सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई–वोटिंग") का प्रयोग करते हुए अपना वोट बैठक के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से डाल सकते हैं। रिमोट ई वोटिंग सुविधा शनिवार 24 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के बाद ई वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
4. कोई व्यक्ति, जिसने सूचना के प्रेषण के बाद शेयर अर्जित किए हैं तथा कम्पनी का सदस्य बना है, वह कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट्स, मैसर्स स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से रिमोट ई वोटिंग के लिए यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में भी दी गई है, जो कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः एमएसईआई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध है।
5. सदस्यगण कृपया नोट करें कि :

(क) सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे के बाद ई वोटिंग की अनुमति नहीं होगी तथा किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी ।

(ख) सदस्य ई वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद भी सामान्य बैठक में भाग ले सकता है परंतु उसको पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

(ग) जिस सदस्य ने रिमोट ई वोटिंग का उपयोग नहीं किया है वह वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में ई वोटिंग द्वारा वोट डाल सकता है।

(घ) सदस्य, जिसका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात 20 सितम्बर, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद पाया जाएगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग सुविधा पाने का हकदार होगा।

(ङ) उपरोक्त सेबी सर्कुलर के अनुसरण में, डीमैट मोड सीडीएसएल/एनएसडीएल में प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए आभासी बैठकों से जुड़ने तथा ई वोटिंग के लिए लॉगइन विधि एजीएम की सूचना में दी गई है।

6. ई वोटिंग का परिणाम कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के पश्चात घोषित किया जाएगा। घोषित परिणाम तथा संवीक्षक की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर सदस्यों की सूचनार्थ प्रकाशित किए जाने के अलावा स्टॉक एक्सचेंज(जों) को भी सूचित की जाएगी।
7. सूचना तथा कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः एमएसईआई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध है। यदि आपको एजीएम में भाग लेने तथा ई–वोटिंग के संबंध में कोई संदेह या समस्या है तो आप www.evotingindia.com पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यूज") तथा ई वोटिंग मैनुअल देखें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई मेल लिखें अथवा 022 23058738, 23058542/43 तथा टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर सम्पर्क करें। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा के संबंध में किसी शिकायत की स्थिति में कृपया श्री राकेश दाल्वी, प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई 400013 से सम्पर्क करें।
8. एतद्द्वारा आगे सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमावी, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में सदस्यों का रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण बहियां बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 से मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 (दोनों दिन शामिल हैं) तक वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।

वास्ते गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./
जगदीश चंद अग्रवाल
चेयरमैन

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 27–08–2022

### सांसद ने किया दो रामलीला का भूमि पूजन

**नई दिल्ली।** सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को दो रामलीला समितियों मानव धर्म रामलीला कमेटी डेरा बाल नगर एवं विष्णु अवतार रामलीला कमेटी शास्त्री पार्क के रामलीला का भूमि पूजन किया।

मुख्य अतिथि उन्होंने वेद मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर रामलीलाओं की तैयारियों का शुभारंभ किया इस अवसर पर विधायक अजय महावर, जिला अध्यक्ष मोहन, गोयल महामंत्री, डॉ. यूके चौधरी उपाध्यक्ष, राजमणि मिश्रा सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'घृणा मिटाने के लिए सभी वर्गों में एकता जरूरी'

● असद मदनी के नेतृत्व में दिल्ली सद्भावना संसद




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

धार्मिक घृणा और साम्प्रदायिकता को देश की धरती से मिटाने और भारतीयता एवं मानवता की भावना की जीत के लिए जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने दिल्ली में सद्भावना संसद का आयोजन किया गया।

इस लिए विभिन्न इकाईयों की ओर से देश के एक सौ से अधिक से शहरों में सद्भावना संसद का आयोजन किया गया। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इसका नेतृत्व किया। इस अवसर पर सभा स्थलों पर 'मानवता का राज होगा, पूरा भारत साथ होगा', 'नफरत मिटाओ, देश बचाओ', 'नफरत के पुजारी भारत छोड़ो', 'हिंसावादी: देश के दुश्मन' और 'न तीर से न तलवार से, देश चलेगा प्यार से' जैसे नारों के पोस्टर और बैनर लगाए गए। विशेष संदेश में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि भारत हमारी मातृभूमि है, इसके कण-कण से हमें स्वाभाविक प्रेम है। धार्मिक घृणा को मिटाने के लिए सभी वर्गों में एकता जरूरी है।

# 'यूरोपीय शहरों की तर्ज सड़कों को बना रहे खूबसूरत'

● मनीष सिसोदिया ने शिवदासपुरी से मोती नगर रोड का किया निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार सड़कों को यूरोपीय शहरों की तरह खूबसूरत बनाने पर तेजी से काम कर रही है। इन सड़कों के एक तरफ लोगों के लिए साइकल ट्रैक होगा।

साथ ही लोगों को पैदल चलने के लिए फुटपाथ भी उपलब्ध होंगे। सड़कों के किनारे सभी पेड़ों को डिजाइन करने और छोटे-छोटे पौधे लगाने की योजना है। पैदल चलने वालों और सड़क का इस्तेमाल करने वालों के लिए बैठने और आराम करने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी।

रविवार को उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत खूबसूरत बनाए जा रहे शिवदासपुरी से मोती नगर निर्माणाधीन सड़क का दौरा किया। इस रोड स्ट्रेच का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और पूरा स्ट्रेच बेहद शानदार दिख रहा है। इस पर खुशी जाहिर करते हुए सिसोदिया ने कहा कि पायलट परियोजना के तहत 16 सड़कों के सौन्दर्यीकरण के बाद वह पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाली 540 किमी सड़कों को खूबसूरत बनाने का काम करेंगे और पूरी दिल्ली की सड़कों को एक नई पहचान देंगे, लोगों को सड़कों पर चलने का सुखद अनुभव देंगे।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि परियोजना के अंतर्गत सड़क के कई हिस्से में लगाए गए पौधों को और ज्यादा रख-रखाव की जरूरत है साथ ही यहां इस्तेमाल मिट्टी भी कई जगह पर बहुत सूखी हुई है, जिससे लम्बे समय में यह पौधों के लिए नुकसानदायक साबित होंगे।

### 16 सड़कों के लिए परियोजना

पायलट फेज में 16 सड़कों का वहां की जरूरतों के अनुसार सौंदर्यीकरण किया जा रहा है व इनके पूरा होने के बाद 540 किलोमीटर रोड का भी इसी के तर्ज पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इन सभी सड़कों के री-डिजाइन के बाद सड़क के आस-पास हरियाली काफी बढ़ जाएगी।

## गाजियाबाद न्यूज


केवीएस आगरा संभाग के उपायुक्त चंद्रशेखर आजाद शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए।

### केंद्रीय विद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक वायुसेना स्थल हिण्डन में तीन दिवसीय संभागीय शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को हुआ। जिसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर आज़ाद उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन आगरा संभाग ने कहा कि मानव जीवन में खेलों की महत्ती भूमिका है। विद्यालय प्राचार्या शोभा शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की जैसे शतरंज में जीतने के लिए दो कदम पीछे हटना पड़ता है वैसे ही जीवन में आगे बढ़ने के लिए कभी कभी पीछे हटना पड़ता है। विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्य डीके ओझा ने प्रतिस्पर्धात्मक युग में शतरंज की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शतरंज एसोसिएशन के पदाधिकारी सुरेंद्र चौहान, वैभव शर्मा, रितुराज सिंह एवं विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक एवम् प्रतिभागी उपस्थित रहे।कार्यक्रम प्रभारी विद्यालय खेल शिक्षक सतीश सरोहा के अनुसार प्रतियोगिता की तैयारी कई दिनों से चल रही थी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी पूर्व में विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के उपरांत ही इस संभाग स्तर प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

### 'मैं फक्र से लहराते हुए तिरंगे की शान लिखता हूं'

**गाजियाबाद।** मैं फक्र से लहराते हुए तिरंगे की शान लिखता हूं, राष्ट्र रक्षा में होता हुआ सैनिक कुर्बान लिखता हूं। कवि साहित्य चंचल की इन लाइनों के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रविवार को गाजियाबाद के वसुंधरा में आयोजित कवि महा कुंभ में माहौल देशभक्ति से भर गया। ट्रस्ट के चैयरमेन प्रशांत गुप्ता ने बताया कि जन मानस में नए विचारों को जन्म देने का प्रयास है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताबिश खैरवादी विशिष्ट अतिथि अनिमेष शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जेपी रावत, अति विशिष्ट अतिथि टीवी फिल्म कलाकार जुबेर सनम खान रहे। कवि सम्मेलन में डॉ. इला जायसवाल, सरिता शर्मा, सविता सिंह, प्रोफ़ेसर कमलेश संजीदा, शालिनी मिश्रा, सतीश दीक्षित, सुप्रिया सिंह वीणा, सीमा सागर शर्मा, ताबिश खैरावादी, सुन्दर सिंह, मीनाक्षी दिनेश कुमार ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का दिल जीत लिया। मंच का संचालन पंडित साहित्य कुमार चंचल ने किया। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के सदस्य प्रशांत गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, अजय उनियाल, सुनील गुप्ता पूर्व पार्षद, संदीप गुप्ता, सावन गोयल, प्रशांत सरैया, लोकेश चौधरी, रेणु अग्रवाल, नरेंद्र त्यागी, सचिन भगवाना, निर्मल गिरी, नाजिम, पूनम, आदि सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया

### सुपरटेक अवंत में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर 5 के सुपरटेक अवंत में नवीन अस्पताल के संयोजन में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नवीन रुप डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर व सुपरटेक के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रमा गुप्ता ,के गोल्डन लाइंस क्लब शक्ति द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 71 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. कमल सिंह फिजीशियन, डॉ. लक्ष्मी डाइटिशियन, डॉ. तुस्शीता फिजियोथेरेपिस्ट, नर्सिंग स्टाफ आशु लाल, शान, रितु, टीना आदि का सहयोग रहा। आरडब्ल्यू की तरफ से रमा गुप्ता, रामेश्वर दयाल , पूनम गोयल, निशा गुप्ता, पूजा सक्सेना, नीतू अग्रवाल, रितु पारेसर, रेनू जैन, अनीता जैन, शैल अग्रवाल, अभीरति गुप्ता, रजत गुप्ता, मोहित गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जमीं से बुलंदी पर पहुंचे ट्विन टावर फिर जमींदोज

## 3700 किलो विस्फोटक से 100 मीटर ऊंचे ढांचा चंद सेकेंड में धराशाई

## आसपास की इमारतों को कोई ढांचागत नुकसान नहीं हुआः लव कुमार



चंद पलों में ही जमींदोज हुआए टावर देखने पहुंचे लोग। फोटो: रंजन डिमरी










**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विस्फोट के बाद भ्रष्टाचार के नींव पर बने टिवन टावर पलक झपकते ही जमीन पर गिर गए। जमीं से आसमान की बुलंदियों को पहुंचने का सफर तो भ्रष्टाचार की वजह से आसान था मगर फिर से जमींदोज होने के लिए प्राधिकरण की लेटलतीफ से लेकर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियों के दौर से गुजरने पड़ा। लोगों को भविष्य का सपना दिखने वाले सुपरटेक के टिवन टावर महज चंद सेंकड़ों में ही इतिहास बन गए।

सुपरटेक के ट्विन टावर को रविवार दोपहर ध्वस्त किए जाने के बाद आसपास की इमारतें सुरक्षित नजर आईं। हालांकि, एक विस्तृत ऑडिट जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि ट्विन टावर ब्लास्ट के बाद सुरक्षा जांच का काम जारी है। हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार टावर के ब्लास्ट के बाद यह जानकारी सामने आ रही है कि एटीएस सोसायटी को हल्का नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि एटीएस सोसायटी की दीवार टूटी है। सोसायटी की 12 फीट की दीवार कितनी टूटी है इस बात की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। इधर सुरक्षा जांच का काम जारी है। एहतियात के तौर पर ऐसे ब्लास्ट के बाद यह जांच की प्रक्रिया अपनाई जाती है ताकि गैस पाइप लाइन सहित आसपास के टावरों की क्षतिपूर्ति की शिनाख्त की जा सके। इसके बाद इसे ठीक करने का काम होगा। इधर लोगों में भ्रष्टाचार की कहानी का अंत होने पर खुशी भी है। सोसायटी के पास लोगों ने महिलाओं के साथ जमकर डांस करते हुए खुशी मनाई। लोगों मिठाईयां बांट कर जश्न मनाया। इसके साथ ही वहां के निवासियों ने इसे अपनी जीत का जश्न बताया उन्होने कहा कि हमारे लिए आज ही दीपावली हैँ। लगभग 100 मीटर ढांचों को विस्फोट कर चंद सेकेंड में धराशाई कर दिया गया।



## लोगों ने कहा- ध्वस्त हुई रिश्वतखोरी की इमारतें

**नोएडा।** नोएडा में रविवार को सैंकड़ों लोग सुपरटेक के 100 मीटर ऊंचे ट्विन टावर को ध्वस्त किए जाने के गवाह बने। लोगों ने अवैध रूप से निर्मित इन ढांचों के खिलाफ की गई कार्वाई को सही ठहराते हुए इस कदम की प्रशंसा की। कुछ लोगों ने कहा कि यह कार्वाई संदेश देता है कि देश में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वहीं अन्य लोगों ने कहा कि यह कार्वाई जरूरी थी।

इन इमारतों को विस्फोट कर ध्वस्त किए जाने से पहले, ट्विन टावर के चारों ओर 500 मीटर के दायरे को निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया, जहां आम लोगों को जाने की अनुमति नहीं थी। इलाके में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। नोएडा और आसपास के शहरों के लोग इस कार्वाई को देखने के लिए जेपी फ्लाईओवर मैदान के पास जमा हुए। कई लोग दोपहर ढाई बजे ट्विन टावर को ध्वस्त किए जाने से कुछ घंटे पहले एक ऐसी जगह ढूंढते नजर आए, जहां से ढांचों को ढहाए जाने के दृश्य बिल्कुल साफ नजर आए। पुरुषोत्तम मिश्रा (42) नामक व्यक्ति ने कहा, ऐसा लगा कि जैसे भ्रष्टाचार की इमारतें जमींदोज हो गईं हों। उन्होंने कहा, यह अद्भुत था। हम यह देखने के लिए दो घंटे से इंतजार कर रहे थे। यह रसूखदार लोगों को एक कड़ा संदेश देगा।

मिश्रा ने कहा, टावर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। कितनी जल्दी यह सब हो गया। उत्तम नगर से आए आशीष ने कहा, यह इसी का हकदार था। उन्होंने कहा, यह कई दिनों तक खबरों में रहा। आखिरकार अब यह सब खत्म हुआ।

## देखने के लिए आगरा से नोएडा आया परिवार

**नोएडा।** आगरा के रियाज और उनकी पत्नी अपने पांच वर्षीय पोते की ट्विन टावर को गिरते देखने की इच्छा पूरी करने के लिए लगभग 200 किलोमीटर का सफर तय कर यहां पहुंचे।

उनके पोते ने फेसबुक पर ध्वस्तीकरण संबंधी एक वीडियो देखने के बाद अदालत के आदेश पर नोएडा में गिराए जाने वाले ट्विन टावर का दृश्य देखने की जिद की, जिसके बाद परिवार नोएडा आया। इलाके में प्रवेश पर लगी रोक के बावजूद रियाज और उनके परिवार की तरह कई अन्य लोग भी दूरदराज से इमारत के गिरने देखने नोएडा पहुंचे।

## इमारत के निर्माण के लिए 26 अफसर जिम्मेदार

### ● सीएम ऑफिस ने जारी की दोषी अधिकारियों की लिस्ट

नोएडा। यूपी सरकार के द्वारा नोएडा के सेक्टर 93ए में बनाए गए ट्विंस टावर में शामिल भ्रष्टाचार के अधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। 200 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए 32 मंजिला टावर में 26 प्रमुख अधिकारियों की सूची जारी की गई है। 2006 से बनाए जा रहे ट्विन टावर तत्कालीन सीओ महेंद्र मोदी नोएडा में तैनात थे।

इसके बाद तैनात किए गए पांच सीईओ के खिलाफ भी सूची में जारी की गई है। सीएम ऑफिस से जारी की गई सूची में 26 अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके अलावा चार सुपरटेक लिमिटेड के निदेशक और आर्किटेक्ट भी शामिल है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने कहा भ्रष्टाचार पर एक्शन जारी रहेगा। पहली बार इतना बड़ा निर्माण कराया गया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। नोएडा में भ्रष्टाचार की इमारत जमींदोज कर दी गई है। इस मामले में शामिल सभी अधिकारियों की सूची तैयार कर दी गई है। सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट में एक 3 बीएचके अपार्टमेंट की लागत लगभग 1.13 करोड़ रुपये बताई गई थी। दोनों इमारतों में करीब 915 फ्लैट थे।



ब्लास्ट से पहले रोका गया ट्रेफिक

## निर्माण से ध्वस्त किए जाने तक प्रमुख घटनाएं

**2004** नोएडा के सेक्टर-93ए में नोएडा प्राधिकरण की ओर से एक आवास परियोजना के विकास के लिए जमीन आवंटित की गई जिसके बाद एमराल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी पर काम शुरू हुआ।

**2005** एमराल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी के लिए भवन योजना को नोएडा प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया। दस मंजिल वाले 14 आवासीय टावर बनाने की अनुमति मिली।

**2006** सुपरटेक ने परियोजना के लिए और जमीन की मांग की और नोएडा प्राधिकरण से अनुमोदन प्राप्त किया। परियोजना में एक और आवासीय टावर को समायोजित करने के लिए भवन योजना में संशोधन किया गया। आवासीय टावर की कुल संख्या 15 हुई।

**2009** सुपरटेक डेवलपर ने एक बार फिर से भवन योजना को संशोधित किया। 24 मंजिलों वाले दो और टावर - एपेक्स और सियान को परियोजना में शामिल किया और तुरंत निर्माण शुरू किया। वहां आस-पास रहने वाले कुछ लोगों ने भवन मानदंडों के उल्लंघन का हवाला देते हुए इसका विरोध किया। उस समय लगभग 40-50 लोग ही रह रहे थे।

**2012** एपेक्स और सियान टावर में मंजिलों की संख्या बढ़ाकर 40 करने के लिए सुपरटेक डेवलपर ने भवन योजना को संशोधित किया क्योंकि निर्माण कार्य पूरे जोरों पर था।

**2014** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ट्विन टावर को गिराने का आदेश दिया। सुपरटेक डेवलपर के साथ मिलीभगत के लिए नोएडा प्राधिकरण को फटकार भी लगाई। निर्माण कार्य रुक गया।

**मई 14** सुपरटेक ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और राहत का अनुरोध करते हुए कहा कि टावर के निर्माण के लिए सभी स्वीकृतियां ली गई हैं।

**2021** 31 अगस्त, : उच्चतम न्यायालय ने स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से इमारत के नियमों के उल्लंघन को देखते हुए तीन महीने के भीतर टावर को ध्वस्त करने का आदेश दिया। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कानून के शासन का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अवैध निर्माण से सख्ती से निपटना होगा।

**2022** : नोएडा प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि ट्विन टावर को 22 मई को ध्वस्त किया जाएगा।

**मई, 22** : उच्चतम न्यायालय ने ट्विन टावर को ध्वस्त करने की समय सीमा 28 अगस्त तक बढ़ा दी।

28 अगस्त, 2022 : ट्विन टावर ध्वस्त किए गए।



## ढहाए जाने से पहले 40 कुत्ते स्थानांतरित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में सुपरटेक के ट्विन टावर ढहाए जाने से पहले अदालत के आदेश पर कम से कम 40 लावारिस कुत्तों को रविवार को अस्थाई रूप से स्थानांतरित कर दिया गया।

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने अधिकारियों से क्षेत्र में पक्षियों को बचाने के लिए, ट्विन टावरों को तोड़े जाने से ठीक पहले एक डमी विस्फोट या झूठमूठ की गोलीबारी करने का अनुरोध किया है। हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स , फ्रेंडिकोज , सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) और हैप्पी टेल्स फाउंडेशन सहित कई गैर सरकारी संगठनों ने आवारा कुत्तों को अस्थाई रूप से स्थानांतरित करने के लिए काम किया है। सुपरटेक ट्विन टावर के पास स्थित दो



सोसायटी के लगभग 5,000 निवासियों को दोपहर ढाई बजे निर्धारित विस्फोट के मद्देनजर वहां से निकाल लिया गया है। हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स के संस्थापक, संजय महापात्रा ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में पक्षियों को विस्फोट से बचाने के लिए एक डमी विस्फोट करने का अनुरोध किया है। महापात्रा ने बताया, हम इन आवारा पशुओं को विध्वंस के प्रभाव से बचाने के लिए आठ अगस्त से योजना बना रहे हैं और काम कर रहे हैं। हमने संबंधित अधिकारियों से पहले दो या तीन बार झूठमूठ की गोलीबारी या डमी विस्फोट करने का भी अनुरोध किया ताकि विस्फोटों के कारण पक्षी प्रभावित न हों।

महापात्रा ने कहा कि लगभग 40 आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरित किए गए आवारा पशुओं को शाम तक क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाएगा।

## ढांचे तो गिर गए लेकिन संबंधित अधिकारी कब जाएंगे जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आखिरकार 9 साल लंबी कानूनी लड़ाई और 6 महीने से चल रही तैयारी परिणाम लेकर आई। नोएडा में भ्रष्टाचार का प्रतीक बना सुपरटेक ट्विन टावर जमींदोज हो गया है। अब हर किसी के जेहन में एक सवाल चल रहा है। ट्विन टावर तो गिर गए, इन्हें खड़ा करने वालों पर गाज कब गिरेगी अगर सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर और कानूनी कार्यवाही का अध्ययन करें तो ट्विन टावर बनाने के लिए दो लोग जिम्मेदार हैं।

अब से पहले गाज गिर जानी चाहिए थी। ये दोनों सुपरटेक लिमिटेड के चेयरमैन आरके अरोड़ा और नोएडा अथॉरिटी के चेयरमैन.सीईओ रहे सरदार मोहिंदर सिंह हैं। बड़ी बात यह है कि अभी इन दोनों तक अभी कार्रवाई तो दूर जांच भी नहीं पहुंची है। सुपरटेक बिल्डर ने ट्विन टावर्स के निर्माण की प्रक्रिया 2006 में शुरू की थी। पहली बार



इसके नक्शे पास करवाए गए थे। तब नोएडा अथॉरिटी के चेयरमैन मोहिंदर सिंह थे। उसके बाद साल 2009 में निर्माण बढ़ाकर नए नक्शे पास किए गए। उस वक्त मोहिंदर सिंह प्राधिकरण के सीईओ और चेयरमैन थे।

कुल मिलाकर मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में ट्विन टावर को जरूरी मंजूरी दी गई थीं। इतना ही नहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सुपरटेक ट्विन टावर जैसे कई और अवैध निर्माण इस कंपनी की परियोजनाओं में खड़े हुए हैं। उनके खिलाफ केवल जांच चल रही हैं। जिस पर प्राधिकरण और सरकार के बीच बस फ ाइलें इधर से उधर दौड़ती हैं। कार्यवाही के नाम पर सब कुछ सिफ र है। अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट से आदेश आने के बावजूद सुपरटेक ट्विन टावर जैसी अवैध इमारत खड़ी करने वाले बिल्डर पर अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। दूसरी ओर इन योजनाओं में घर खरीदने वाली पब्लिक दर.दर की ठोकरें खा रही है। यह सारी मंजूरियां मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में मिली हैं।

**कौन हैं मोहिंदर सिंह:** मोहिंदर सिंह उत्तर प्रदेश कैडर में 1978 बैच के आईएएस अफ सर थे। वह साल बसपा सरकार के दौरान गौतमबुद्ध नगर में पोस्ट किए गए थे। एक वक्त ऐसा था जब वह नोएडा और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ थे और यमुना अथॉरिटी के चेयरमैन थे। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त, श्रमायुक्त और यूपी के स्थानिक आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार थे। तत्कालीन सीएम के ऑफिस में उनकी सीधी पहुंच थी। मोहिंदर सिंह ने प्राधिकरणों में भूमि आवंटन नीति बदली थी। आवंटन के सापेक्ष बिल्डरों को भुगतान करने के लिए बेहद लचीली पॉलिसी मोहिंदर सिंह ने लागू की।

डिफॉल्टर आवंटयों को राहत देने के नियम बनाए। मामूली और अनुभवहीन कंपनियों को कंसोर्टियम बनाकर लाखों वर्गमीटर जमीन दीं। जिससे तीनों अथॉरिटी को भारी नुकसान हुआ है।

यह सवाल सुप्रीम कोर्ट और भारत के महालेखा परीक्षक ने पूछे हैं। मोहिंदर सिंह रिटायर हो चुके हैं। बताया जाता है कि वह आजकल ऑस्ट्रेलिया में हैं। ट्विन टावर को लेकर हुए भ्रष्टाचार में पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह, एसके द्विवेदी, पूर्व एसीईओ आरपी अरोड़ा, पूर्व ओएसडी यशपाल सिंह, पीएन बाथम आरोपी हैं। इनके खिलाफ विजिलेंस में एफआईआर तो दर्ज करवाई गई है। विभागीय जांच में ये आईएएस और पीसीएस अब तक बचे हुए हैं। अधिकारियों पर आरोप पत्र जारी करने का निर्णय शासन ने लिया है।

**कौन हैं आरके अरोड़ा:** आरके अरोड़ा सुपरटेक कम्पनी के संस्थापक हैं। अभी कम्पनी के चेयरमैन और सीएमडी हैं। मूल रूप से मेरठ के रहने वाले हैं। करीब 40 साल से एनसीआर में कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं। उन्होंने करीब 27 साल पहले 7 दिसंबर 1995 को सुपरटेक लिमिटेड की नींव रखी थी। अब वह 32 कंपनियां चला रहे हैं।

**जार सोसायटी में अवैध निर्माण**

नोएडा में ट्विन टावर की तरह सुपरटेक बिल्डर ने ग्रेटर नोएडा की जार हाउसिंग सोसाइटी में बिना मंजूरी मिले बड़ी संख्या में अवैध घर बना कर खड़े किए हैं। इस मामले के खिलाफ प्रोफेसर एके सिंह ने आवाज उठाई थी।

# 1100 महिलाओं ने निकाली चार किलोमीटर लंबी कलश यात्रा

## कलश यात्रा में डीजे पर भजन बजाए गए

## यात्रा में दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हुआ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रविवार** को गांव वजीराबाद में 1100 महिलाओं ने चार किलोमीटर लंबी कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा गांव वजीराबाद में सामुदायिक भवन के साथ वाले शिव मंदिर से गोल्फ कोर्स स्थित बाबा अस्थल मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर माता चौक चौथाई मोहल्ला गली मोहल्ला बड़ी चौपाल अट्टा वाला मोहल्ला आरडी सिटी कन्हाई रेड लाइट पारस हॉस्पिटल के सामने से होते हुए जेनपैक्ट चौक से होते हुए फरीदाबाद रोड से चार किलोमीटर की दूरी तय करके वापस अस्थल बाबा मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर वार्ड नंबर-31 वजीराबाद के पार्षद कुलदीप बोहरा पूर्व पार्षद अशोक कुमार, राजपाल कालू, बने सिंह, हंसराज बोहरा, हंसराज मुकदम, अजीत यादव, मनीष यादव, विकास कौशिक, पंडित भोला दत्त शर्मा, विजय भारद्वाज, तोबू आदि गणमान्य लोगों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।



गुरुग्राम के गांव वजीराबाद में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

कलश यात्रा के दौरान दो वाहनों पर बड़े-बड़े डीजे लगाए गए थे, जिन पर भजन बजाए गए। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के बाद अस्थल वाले बाबा के महा मंत्रों का जाप शुरू किया गया। अस्थल वाले मंदिर पर 3 सितंबर तक प्रतिदिन 11 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक 11 लाख महा मंत्रों का जाप कुल पुरोहित पंडित विजय भारद्वाज की देखरेख में किया जा रहा है। उसके बाद 4 सितंबर को सुबह 7:30 बजे महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 10:30 बजे मंदिर में आठवां विशाल भंडारा किया जाएगा। यह भंडारा देसी घी के घेवर का होगा। इस दौरान भजन गायक मंडली अभी अपनी प्रस्तुति देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की टक्कर से सड़क पार करते मजदूर की मौत

**सोहना।** बड़ोदरा-दिल्ली मार्ग पर बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार की शाम को उत्तर प्रदेश का गांव अरबगढ़ निवासी बडोदरा-दिल्ली मार्ग पर मजबूरी कर रहा था। जैसे ही मजबूत पप्पू पीने के लिए पानी लेने के लिए सड़क पार कर रहा था। उसी समय सोहना की तरफ से तेज गति से आई बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से पप्पू को गंभीर चोटें लगीं। गंभीर हालत में सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक मौके से बाइक समेत भाग गया। भोंडसी थाना पुलिस ने रविवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### बिजली समस्या को लेकर केन्द्रीय मंत्री से मिले लोग

**फरीदाबाद।** वार्ड नबंर 27 में बिजली की गंभीर समस्या को लेकर निवर्तमान पार्षद मुनेश-रवि भड़ाना अपने वार्ड की जनता के साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पहुचें। निर्वतमान पार्षद मुनेश रवि भड़ाना ने मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर को बताया कि वार्ड में कई-कई कालोनियां बसी हुई हैं। जिसमें पिछले 4-5 वर्षों से बिजली की काफी दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि ट्रासफार्मर खराब होने की वजह से भी बिजली नहीं मिल पा रही है। इसलिए जो ट्रासफार्मर खराब पड़े हुए हैं, उसे जल्दी ठीक कराया जाए। 100 केवीए की जगह 200 केवीए के ट्रासफार्मर लगाए जाएं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने टैम्परेरी नए मीटर के लिए आवेदन किया हुआ है उन्हें भी जल्दी ही मीटर मुहैया कराए जाएं। मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर ने बात सुनने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी को फोन किया और लोगों की बिजली सम्बंधी शिकायतों को दूर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मीटर लगे हुए हैं। उन्हें बिजली सप्लाई दी जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से राम कुमार भड़ाना, जीतेन्द्र भाटी, नरेन्द्र भड़ाना, देवेन्द्र भड़ाना, प्रवीण नागर, लोकेन्द्र भड़ाना, ऋषि अवाना, मनोज दुबे, चन्द्रपाल सिंह, आशुतोष,धनंजय झा, अभिजीत सिंह, सुनील गुप्ता, कृष्ण मोहन पाण्डे, किशन कुमार, महेश, अखिलेश, यादव, कुमार, अनिल शर्मा, संजय मंडल, पवनेश कुमार, अमर सिंह, महावीर सिंह राणा, पंकज मिश्रा, नवीन सिंह, मुकेश वर्मा, नवीन, विष्णु, सुभाष, रोशन,मनोज,विजय,अजय, मोदी, रमेश, हरीश, भारती, दामोदर, कारण एवंम समस्त कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

### मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिलेगी नंबरदार एसोसिएशन



रविवार को सोहना में हुई नंबरदार एसो. की बैठक को संबोधित करता एक वक्ता।

**सोहना।** प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर जल्द ही मिलेगा। एसोसिएशन ने मांगों को पूर्ण होने की उम्मीद जताई है। रविवार को शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर बनी वाटिका में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक यूनिट प्रधान कर्णसिंह ने की। बैठक के बाद भोंडसी के नंबरदार भागीरथ राघव ने बताया कि हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन की लंबित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर समय-समय पर राज्य सरकार से मांग की जाती रही है। बैठक में सभी पदाधिकारी ने सर्वसम्मति से मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मिलने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया नंबरदार समाजसेवा को हमेशा ही आगे रहता है। वह 24 घंटा समाज की सेवा करता है। प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाता है। सरकार के जनविकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में रीढ़ की हड्डी की तरह से काम करता है। इसलिए सरकार को नंबरदार एसोसिएशन की मांग को पूरा करने में किसी प्रकार से देरी नहीं करनी चाहिए।

# प्रकृति को सुंदर बनाने में हम सबकी भागीदारी जरूरी : नवीन गोयल



गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करते नवीन गोयल व अन्य लोग।

## प्रकृति वंदन दिवस पर चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान

**गुरुग्राम।** रविवार को राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में प्रकृति वंदन दिवस के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा गुरुग्राम एवं कैनविन फाउंडेशन के सांझा प्रयासों से यह अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया गया। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने स्वयं झाड़ू लगाकर इस अभियान को गति दी।

नवीन गोयल ने इस दौरान लोगों से अपील की कि अपने शहर को सफाई के मामले में भारत में टॉप10 में लाने के लिए सभी मिलकर काम करें। साथ ही कहा कि प्रकृति को सुंदर बनाने में हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने राजेंद्रा पार्क क्षेत्र के लोगों से व गुरुग्राम की जनता से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सिंगल यूज प्लास्टिक विशेषकर पॉलीथिन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि पॉलीथिन 400 साल तक भी गल नहीं पाती। श्रीगोयल ने पानी की बचत के लिए लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि जल का सीमित मात्रा में उपयोग करें। व्यर्थ पानी न बहाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजेंद्रा पार्क इलाका सफाई के मामले में गुरुग्राम में अग्रणी पायदान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। इस अवसर पर डा. भरत चौधरी, रजनीश राठी, उमाकांत शर्मा, अमन हुड्डा, राकेश शर्मा, राजेन्द्र सैनी, कमल सिंह कटारिया, प्रेम सिंह गहलोत, सरोज अरोड़ा, मंजू राठी, उमराव, मोहनलाल, नित्यानंद, देवेंद्र, गोपाल राम, रमेश शर्मा डीटीसी, अशोक शर्मा, कुलदीप सरोहा, मनोज भारद्वाज, आजाद सिंह मंगोलिया, रोहताश सिंह, हरिंद्र गहलोत समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# पुराने साथियों के बीच पुरानी यादों में खोए सिंगला

## विधायक के पुराने साथियों व पार्क में घूमने आए लोगों ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला भले ही बतौर विधायक खास व्यक्ति हों, लेकिन रविवार को वे एक आम आदमी की तरह यहां कमला नेहरू पार्क में अचानक पहुंचे। इस दौरान वहां पर भ्रमण कर रहे उनके पुराने साथियों ने आनन-फानन में बुके मंगवाए और विधायक का स्वागत किया गया।



गुरुग्राम स्थित कमला नेहरू पार्क में रविवार की सुबह पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते उनके साथी व शहर के लोग।

हालांकि विधायक सुधीर सिंगला ने इस तरह की औपचारिकता के लिए इंकार भी किया, लेकिन साथियों ने उनका खुले दिल से स्वागत किया। कमला नेहरू पार्क में रविवार की सुबह पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला ने पार्क में घूमकर वहां मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान कमला नेहरू पार्क सुधार समिति के अध्यक्ष जेएन मंगला ने भी उन्हें कई जानकारियां दी। विधायक सुधीर सिंगला ने सभी साथियों, शहर के मौजिज लोगों राम नारायण बंसल, प्रवीण सिंगला, अनिल गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, छोटू पंडित, पूरन चावला, दर्शन सलूजा, गौरव मंगला, आशीष गुप्ता, सूरज गोयल, धीरत गुप्ता आदि का अपने स्वागत और सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि वे विधायक बाद में हैं और समाज के साथ जुड़े हुए व्यक्ति पहले हैं। बतौर विधायक भी वे सर्व समाज की भलाई के लिए काम करते हैं और एक व्यक्ति के रूप में भी उनका सदा यही प्रयास रहता है कि कोई व्यक्ति निराश ना हो। उन्होंने कहा कि शहर में जिस क्षेत्र से भी उन्हें अगर एक बच्चा भी किसी समस्या के समाधान के लिए जानकारी देता है तो वे उस पर भी पूरा अमल करते हैं। उनका शहर में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने पर पूरा फोकस है।

# प्रकृति दिवस पर पेड़-पौधों और गोमाता की वंदना कर लिया रक्षा का संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## एचएसएसएफ का गुरुग्राम में राज्य स्तरीय प्रकृति वंदन समारोह

**हिंदू** आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन (एचएसएसएफ) हरियाणा द्वारा गुरुग्राम के कार्टरपुरी स्थित कामधेनु गोशाला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रकृति वंदन कार्यक्रम में लोगों ने प्रकृति वदन किया। पेड़, पौधे और गो माता को तिलक कर रक्षासूत्र बांधा और एक साथ प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प किया।

पूरे हरियाणा के सभी जिलों से अपने-अपने घरों में प्रकृति वंदन करने वाले परिवार भी जूम के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े और सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देने का वचन लिया। नगर निगम कमिश्नर मुकेश कुमार आहुजा ने गोशाला में शंख पुष्पि गो माता की वंदना कार्यक्रम की शुरूआत की। सिग्नेचर ग्लोबल के डायरेक्टर प्रदीप कुमार अग्रवाल ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता के रूप में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन (एचएसएसएफ) हरियाणा की पालक रेणुका पाठक मौजूद रही, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी मानव जाति को एक साथ आकर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया। जूना अखाड़ा के स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने भी पर्यावरण पर अपनी बात रखी।



गुरुग्राम के कार्टरपुरी स्थित कामधेनू गोशाला में प्रकृति वंदन दिवस कार्यक्रम में भाग लेते निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा व अन्य।

रेणु पाठक ने कहा कि मानव ही पर्यावरण को बिगाड़ने का जिम्मेदार है, इसलिए इसे सुधारने की जिम्मेदारी भी अब पूरी मानव जाति की है। हम सबको प्रकृति वंदन जैसे कार्यक्रमों के जरिए हरेक व्यक्ति को प्रकृति की रक्षा के लिए जागरुक करने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का कार्य निरंतर करना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से दुनिया को बचाया जा सकें।

रेणु पाठक ने कहा कि कुदरत ने जो हमें दिया वो फ्री में दिया और उसका मोल हम नहीं समझ पाए। वायु, जल, भूमि, वनस्पति यह कुदरत की अनमोल देन है, जो मानव जाति को फ्री में मिली है। अगर हम इनकी कीमत के बारे में सोचना शुरू करें तब हमें उसकी कीमत का अहसास होगा। अभी हाल ही में कोरोना महामारी ने पूरी मानव जाति को हिला कर रख दिया, तब हमें समझ आया कि ऑक्सीजन का मोल क्या है। बहुत ज्यादा लेने के चक्कर में हम लगातार प्रकृति से छेड़छाड़ करते जा रहे हैं, जितना परिणाम वायु, जल, मृदा सब दूषित होते जा रहे हैं। हमारे ऋषि मुनि, पूर्वजों ने हर चीज में बैलेंस रखना सीखा, जितनी आवश्यकता थी, वे प्रकृति से उतना ही लेते थे, लेकिन हमनें प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया और प्रकृति का आवश्यकता से अधिक दोहन किया।

बुजुर्गों ने प्रकृति को संतुलित रखने का जो मंत्र दिया उसे अब मानव जाति भूलती जा रही है। एचएसएसएफ के महासचिव विनोद शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना पढ़ते हुए विश्वास दिलाया कि प्रकृति के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए एचएसएसएफ का अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम के पालक एवं गो सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव ने प्रकृति वंदन के लिए एकत्रित हुए परिवारों व मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं का आभार जताया।

# लखेरा महासभा की गुरुग्राम इकाई का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अखिल** हरियाणा लखेरा महासभा की ओर से रविवार को जिला इकाई गुरुग्राम का शपथ ग्रहण समारोह भगवान परशुराम भवन पटौदी चौक में आयोजित किया गया। इस समारोह में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के भाई सुनील सिंगला, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, पार्षद हेमंत झाड़सा और महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह लेखरा मुख्य अतिथि रहे।

इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा समाज की एकता के बारे में विचार रखे गए। गुरुग्राम जिला कार्यकारिणी एवं समस्त समाज की ओर से विधायक सुधीर सिंगला को लखेरा समाज की धर्मशाला बनवाने एवं नौकरियों में स्थान सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सुनील सिंगला ने कहा कि लखेरा समाज हस्तकला के माध्यम से अनेक प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करता है। कला के क्षेत्र में लखेरा समाज का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि शुरू से ही लखेरा समाज ने जीतोड़ मेहनत करके खुद को स्थापित किया है।

**विदेशी का त्याग कर स्वदेशी की मांग बढ़ी : नवीन गोयल** : पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने भी लखेरा समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे अपनी कला की पहचान को मजबूत रखें। हम सबने विदेशी सामान को त्यागकर स्वदेशी पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। जिस सामान को पहचान नहीं मिल पा रही थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश ने फिर से अपनी पौराणिकता की तरफ ध्यान दिया है। उन्होंने समाज के लिए धर्मशाला का निर्माण कराने की मांग सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। पार्षद हेमंत ने लखेरा समाज के मौजिज लोगों से कहा कि वे जगह सुनिश्चित करें, वे 500 गज का प्लॉट समाज की धर्मशाला के लिए दिलवा देंगे। इस समारोह में समाज की ओर से मीर सिंह चौहान, जितेंद्र लखेरा, महावीर चौहान, जगवीर लखेरा, प्रधान ओमप्रकाश चौहान, राजेश राठौर, देवेंद्र चौहान, महावीर चौहान, महेंद्र लखेरा हरसरू व अन्य काफी स्थानों से लोगों ने शिरकत की। इस दौरान नवनियुक्त प्रधान ओमप्रकाश चौहान लखेरा, महासचिव जगवीर लखेरा और कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश लखेरा ने शपथ ली।



गुरुग्राम में लखेरा समाज के शपथ ग्रहण समारोह में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि।

# पंचायती जमीन पर आबादी क्षेत्र से बाहर हो कब्रिस्तान : ग्रामीण

## खेड़ला में पिछले 4 साल से चला आ रहा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आया

**सोहना।** खंड का गांव खेड़ला में कब्रिस्तान के स्थान को आबादी क्षेत्र से दूर ले जाने की कवायद शुरू हो गई है। इस मामले में सोमवार को ग्रामीणों की पंचायत होगी। खेड़ला में पिछले करीब 40 साल से चला आ रहा विवाद एक बार सुर्खियों में आ गया है। पंचायत विभाग द्वारा शुक्रवार को पीला पंजा चलाकर तीन पक्के मकान गिरा देने से विवाद बढ़ गया है। खेड़ला के साथ-साथ आसपास लगते गांव दमदमा, बहलपा, सहजावास, रिठौज, अभयपुर के ग्रामीण इस कार्रवाई की निंदा कर रहे है। सर्वे कार्य पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।

**पूर्व सरपंच समेत तीन के मकान टूटे** : शुक्रवार को कब्रिस्तान की जमीन को मुक्त कराने के नाम चर आबादी क्षेत्र में चला पीला पंजा के दौरान गांव के पूर्व सरपंच सहित तीन ग्रामीण के मकानों को धराशायी कर दिया। सूत्रों के अनुसार अभी और मकान भी तोड़े जाने के संभावना जताई जा रही है।

**आबादी क्षेत्र से बाहर मिले जमीन** : ग्रामीण अब एकजुट होकर कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग गांव से बाहर दिए जाने की मांग कर रहे। जिसके लिए पूर्व सरपंच कर्मराज ने भी भोंडसी जाने वाले मार्ग पर दो एकड़ जमीन पंचायती होना बताया है। ऐसा होने से कब्रिस्तान आबादी क्षेत्र से बाहर तो जाएगा ही। अन्य आवासीय मकान टूटने से बच जाएंगे। कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान और समाज सेवक मनोज कुमार ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

**अब नहीं चलने देंगे मकानों पर पीला पंजा** : कब्रिस्तान के नाम आबादी क्षेत्र में चले पीला पंजा से गुस्साएं ग्रामीण बारी रोष में है। यहां के निवासी कृष्ण पाल का कहना है कि आबादी क्षेत्र में अन्य मकानों को किसी भी सूरत में टूटने नहीं देंगे। अन्य गांव के नागरिक भी पक्के मकान को टूटने के विरोध में एकजुट होने लगे हैं।

# योग प्रशिक्षकों ने बताया नेति प्रक्रिया का महत्व

## नासिका मार्ग के शोधन के लिए यह क्रिया है बहुत आवश्यक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**योग** एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से हम स्वयं को तनावमुक्त रखकर अपने जीवन को सुखद बना सकते हैं। आमजन को योग के प्रति जागरुक करने में जुटा ओल्ड रेलवे रोड स्थित एबोड ऑफ राम योगा स्टूडियो लोगों को योगाभ्यास कराता आ रहा है। रविवार को भी यहां पर योग प्रशिक्षकों ने योग की क्रियाएं बताने के साथ नेति प्रक्रिया भी कराई।

स्टूडियो के चेयरमैन अशोक कपूर, संचालक प्रीति कपूर व अंकुश कपूर ने बताया कि प्रशिक्षक दिनेश यादव ने नेति क्रियाएं कराई। उन्होंने बताया कि नासिका व्यक्ति के शरीर का मुख्य प्राण मार्ग है। शुद्ध प्राणवायु लेने के लिए नासिका रूपी मार्ग का शोधन करना बहुत ही जरूरी है। इस मार्ग के कमजोर होने से असहिष्णुता (एलर्जी) पूरे शरीर में पैदा हो जाती है। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए नेति क्रिया बहुत आवश्यक है। इस क्रिया से नजला-जुकाम, कफ, सायनोसाइटिस, अनिद्रा, चेहरे के पक्षाघात, मस्तिष्क में जाने वाले रक्त की शुद्धि आदि लाभ प्राप्त होते है और नासिका मार्ग पूरी तरह से शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। योग करने का उद्देश्य आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है। योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति कराता है। योग करने से हमें अच्छी नींद आती है तथा हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। योग से हमें शांति तथा आनंद प्राप्त होता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है।



गुरुग्राम के ओल्ड रेलवे रोड थिति एबोड ऑफ राम स्टूडियो में नेति प्रक्रिया करके दिखाती एक महिला।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अगस्त, 2022



# अनियमित जीवनशैली से युवाओं में बढ़ा हार्ट अटैक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


डॉ. ऋषि गुप्ता।

**अनियमित** जीवनशैली और बढ़ते प्रदूषण के कारण युवाओं में तेजी से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। हाल ही में राजनीति और मनोरंजन जगत से कई लोग इसका शिकार हुए है और हार्ट अटैक से अपनी जान गवा चुके है।

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के कार्डियोलोजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने कहा की कम उम्र में बिगबॉस के ही कंटेस्टेंट रहे सिद्धार्थ शुक्ला, मशहूर गायक केके और कन्नड़ फिल्मों के स्टार पुनीत कुमार का भी हार्ट अटैक के कारण निधन हुआ। इसलिए सावधानी रख समय पर जांच करवानी जरूरी है। डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि लगातार बढ़ रही हार्ट अटैक से मौत के मामलों ने महिलाओं में हार्ट अटैक के जोखिमों को लेकर भी लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। अध्ययनों से पता चलता है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में धमनी में बिना किसी गंभीर रुकावट के भी दिल का दौरा पड़ने की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा हार्ट अटैक के लिए तनाव, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल भी जिम्मेदार होते हैं।

# स्मार्ट सिटी में जगह-जगह लगे रहते हैं कूड़े के ढेर

कविता। फरीदाबाद

**स्मार्ट** सिटी फरीदाबाद को जहां एक तरफ स्वच्छता का अवार्ड मिल चुका है, वहीं इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। लघु सचिवालय, जिला उपायुक्त दफ्तर समेत अन्य अधिकारियों के कार्यालयों के निकट सेक्टर-10-12 की डिवाईडिंग रोड के निकट कोर्ट मोड़ पर ही कचरे का ढेर लगा हुआ है। वहीं स्मार्ट सिटी में घरों के निकट भी कूड़े के ढेर लगे होते हैं, लेकिन जब तक इस ढेर को ईको ग्रीन की गाड़ियों में डाल जाये। तब तक ईकोग्रीन की गाड़ियां उसे नहीं उठाती। वहीं नगर निगम ने भी सफाई व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी है, लेकिन यह कर्मी किसी के घर से कूड़ा ले जाने का


रविवार को सेक्टर-10-12 डिवाइडिंग स्थित कोर्ट मोड पर लगा कचरे का एक ढेर।

प्रतिमाह चार्ज अलग से वसूलते हैं, तो वहीं अगर किसी ने कूड़ा उठाने का निवेदन कर दिया तो समझो उस बंदे की जेब ही नगर निगम कर्मी ढीली करवा लेते है। सड़क से कूड़ा उठवाने के लिए कम से कम 50 से दौ सौ रुपये तक देने पड़ जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की बेशक हर तरफ तारीफ हो रही है, लेकिन इसे पूरी तरह अमलीजामा पहनाने के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों का बुरा हाल है। आलम यह है कि जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर स्मार्ट सिटी की सूरत बिगाड़ रहे हैं। इसमें स्लम बस्ती ही नहीं बल्कि नेशनल हाईवे जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के साथ-साथ लघु सचिवालय, सेक्टरों की गलियों के नुक्कड़, चौराहे और घरों के सामने कूड़ा व गंदगी फैली रहती हैं। सूत्रों की माने तो रोजाना शहर में जगह-जगह एकत्रित होने वाले कूड़े के ढेर से सम्बंधित करीब सौ शिकायते नगर निगम में पहुंचती है, लेकिन इनमें से मात्र 30 से 40 प्रतिशत ही शिकायतों का निपटारा किया जाता है। बाकी शिकातयें लंबित हो जाती हैं। अधिकांश शिकातयें कूड़े के लगे ढेर को लेकर होती हैं। सफाई कर्मचारियों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं होने की वजह से भी सफाई में दिक्कत आती हैं। इसके लिए सफाई कर्मचारी समय-समय पर धरना प्रदर्शन भी करते रहते हैं।

# तबादलों से पदों और स्कूलों में हो रहे रैशनलाइजेशन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** विद्यालय अध्यापक संघ के शिष्टमंडल ने रविवार को ऑनलाइन तबादलों के माध्यम से पदों व स्कूलों का रैशनलाइजेशन करने के नाम पर सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को बर्बाद करने के विरोध में नूंह के विधायक एवं पूर्व परिवहन मंत्री मोहम्मद आफताब अहमद को उनके आवास सेक्टर 21 में ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान भीम सिंह, पलवल जिले के प्रधान औम प्रकाश जाखड़ व नूंह के जिला सचिव मोहम्मद अरशद कर रहे थे। पूर्व मंत्री मोहम्मद आफताब ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी सरकार द्वारा स्कूलों का रैशनलाइजेशन करने व आनलाइन तबादलों के नाम पर सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को बर्बाद करने के खिलाफ विधानसभा के अंदर व सड़कों पर डटकर करेंगी।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि


पूर्व मंत्री एवं नूंह के विधायक आफताब अहमद को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि सरकार शिक्षा को बाजार की नजर से लाभ हानि के कारोबार की तरह देख रही है। यही कारण है कि अवैज्ञानिक रैशनलाइजेशन करके इस ट्रांसफर ड्राइव में 15 हजार पदों को समाप्त कर दिया गया है और छात्र संख्या कम के नाम पर 319 माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है और दूसरी तरफ तथाकथित शिक्षा सुधार के नाम पर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर कन्या स्कूलों को बंद किया जा रहा है और पड़ोस के विद्यालयों में जाने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अगले दौर में उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भी मर्ज कर दिए जाएंगे। विज्ञान विषय सिर्फ क्लस्टर स्कूलों में ही पढ़ाया जाएगा। स्वयं मुख्यमंत्री ने 25 अगस्त 2022 के संबोधन में कहा है कि 14500 स्कूलों में से लगभग 9700 स्कूल ही रहेंगे। इस अव्यावहारिक रैशनलाइजेशन के कारण छात्र-छात्राओं को उचित संख्या में अध्यापक नहीं मिल पा रहे हैं। जिसके कारण हजारों गांवों में अभिभावक और पंचायत के लोग स्कूलों के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कम संख्या के नाम पर स्कूलों को बंद करना सही नहीं है बल्कि वहां पर्याप्त संख्या में अध्यापकों व सहायक स्टाफ के साथ ढांचागत सुविधाएं देने की जरूरत है। शिक्षकों के खाली पद मेरिट के आधार पर नियमित नियुक्ति से भरे जाएं और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार दिया जाए। शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेना बंद किया जाए। कॉमन स्कूल सिस्टम लागू किया जाए। क्योंकि जब एक ही क्षेत्र विशेष में रहने वाले आम लोगों के बच्चों के साथ साथ अधिकारियों, नेताओं, अध्यापकों आदि सभी के बच्चे एक साथ पढेंगे तो इससे शिक्षा के स्तर में भी सुधार होगा। राज्य के बजट का 30 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जाए। आबादी के अनुसार शहरी क्षेत्रों/कस्बों में अतिरिक्त नये विद्यालय खोले जाएं।

शिष्टमंडल में इस मौके पर पदाधिकारी मोहम्मद आफताब अहमद से मिले शिष्टमंडल में ऑल हरियाणा पावर वर्कर यूनियन के वरिष्ठ साथी शब्बीर अहमद, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ से पूर्व राज्य उपप्रधान हरिश्चंद्र वर्मा, फरीदाबाद जिला सचिव वीरेंद्र सिंह, उपप्रधान वीरेंद्र सिंह जाखड़, खंड सचिव राजेश कुमार, नूंह के जिला उपप्रधान असमत अली, जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल व खंड प्रधान नगीना आदि भी उपस्थित रहे।

# प्रेमिका की हत्या कर शव नहर में फेंकने वाला पुलिस कर्मी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सैन्ट्रल प्रभारी की टीम ने पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी पती को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार आरोपी गणेश बदरपुर सैद का रहने वाला है। आरोपी वर्ष 2009 में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुआ था। आरोपी की पहले एक शादी महिला पुलिसकर्मी से वर्ष 2010 में हुई थी। पुलिस कर्मी महिला को दो लड़के हैं। जो घरेलु झगडा रहने की वजह से महिला दोनों लड़को को लेकर वर्ष 2017 से अलग रह रही है। वर्ष 2018 में आरोपी गणेश की मुलाक़ात पलवल के गांव बघौला की रहने वाली सोनम से शादी समारोह में हुई। आरोपी का लड़की के साथ मिलना-जुलना शुरू हो गया और वर्ष 2020 से दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। दोनों को वर्ष 2021 में एक


आरोपी पुलिस कर्मी गणेश।

लड़की पैदा हुई। इसके बाद दोनों में झगड़े होने लगे। आरोपी ने 27 जून को सोनम की चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर लाश को बक्से में बंद कर पलवल के छज्जूनगर आगरा नहर में फेंक दिया और लड़की के भाई जीतू को फोन कर बताया की सोनम झगड़ा होने पर घर से चली गई है। लड़की के परिजनों ने थाना भूपानी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। लड़की के परिजन आरोपी गणेश के साथ मिलकर लड़की की तलाश कर रहे थे। डीसीपी क्राइम ने मामले की तफ्तीश क्राइम ब्रांच सेंट्रल को दी जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने गणेश को शक होने पर अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी से मृतक सोनम का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

# सीटू ने किया पांचवें जिला सम्मेलन का आयोजन


सीटू के जिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सुभाष लाम्बा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**चार** लेबर कोड्स मजदूरों को गुलाम बनाने के दस्तावेज हैं। भाजपा सरकार कारपोरेट की गोद में खेल रही है। देश की संपति को उनके हवाले कर रही है।

ये बात सीटू के 5वे फरीदाबाद जिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सीटू उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, प्रदेश महासचिव जय भगवान और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कही। जिला सम्मेलन ने आगामी तीन साल के लिए निरंतर पराशर को प्रधान, वीरेंद्र डंगवाल को सचिव, सुधा पाल को कोषाध्यक्ष चुना। 25 सदस्यीय जिला कमेटी में रवि, मालवती, शिव प्रसाद, राकेश शर्मा को उप प्रधान, देवीराम, के पी सिंह, वीरेंद्र पाल को सह सचिव चुना गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए संगठन नेताओं ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि 2015 के बाद पहली बार श्रम सम्मेलन आयोजित हुआ।

# विधायक ने किया लंबित विकास कार्यों का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वार्ड** नंबर-8 कपड़ा कालोनी की गली नंबर-9 एवं गली नंबर-11 एवं 9 को जोड़ने वाली गली एवं एडवोकेट सुरेश एवं अंकुर सैठी वाली गली का निर्माण कार्य जोकि काफी लम्बें से लम्बित पडा था। उसके निर्माण कार्य का रविवार को वार्ड-8 की मौजूदा सरदारी के साथ कार्य शुरू करवाया गया। इन गलियों का निर्माण कार्य लगभग 22 लाख रुपये की लगत से पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर वार्ड-8 से युवा नेता चौधरी कविन्द्र फागना, वार्ड-8 के जेई दिनेश आर्य, विवेक गौतम, तुलाराम शास्त्री, खजान सिंह, जय प्रकाश गुलिया, अनिल पडित, राममेहर प्रधान व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

वार्ड नंबर-6 मस्जिद वाली गलियों का एंव मेनहोंल चैम्बर उठाने का निर्माण कार्य जोकि काफी लम्बें से लम्बित पड़ा था। उसके निर्माण कार्य का आज पुन: वार्ड-6 की मौजूदा सरदारी के साथ कार्य शुरू करवाया गया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया की इस निर्माण कार्य शुरू तो किया गया था लेकिन काफी समय से इस लम्बित रखा हुआ था, नगर निगम मे उच्च अधिकारियों से बात करके इस कार्य को शुरू करवाया गया। निर्माण कार्य लगभग 1 करोड 47 लाख पूर्ण किया जाएगा। इस मौक पर वार्ड-6 के जेई प्रवीण शर्मा, वार्ड-6 से तेजपाल नैन, नैमंचद बैठेनियां, गोपल बैठेनियां, लक्षमण सिंगला, दर्शन गोयल, शिव दत्त, विनोद पडिंत, लोकेश मितल, नवीन गोयल, शशी कांत, राम सिंह यादव, अनिल पडित, राममेहर प्रधान, बन्टी बिष्ट व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वार्ड नंबर-6 लक्षमण टैक्टर वाली गली एंव चाचा चौक से सोहना रोड दयाल पाकेट में सीवर लाईन एवं इंटरलॉकिंग टाईल लगाने का निर्माण कार्य जोकि काफी लम्बें से लम्बित पड़ा था।


विधायक शर्मा लम्बित कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

## भारत को जानो प्रतियोगिता का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 फरीदाबाद में आयोजित किया गया। भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष विद्यार्थीगण में भारतीय संस्कार व संस्कृति के बारे में विशेष जानकारी प्रदान करती हैं इससे विद्यार्थियों का बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। सत्यनारायण बंसल जी ने संस्था के संस्थापक डा.सूरजप्रकाश जी को समर्पित डा.सूरजप्रकाश आरोग्य केन्द्र के बारे में बताया ताकि समाज के सभी वर्ग आधुनिक सुविधाओं का न्यूनतम दरों पर लाभ उठा सकें।

मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता, विद्यालय के सचिव विजय सिंगला, प्रधानाचार्य रचना भल्ला व क्षेत्रीय मंत्री-उत्तर क्षेत्र-2 एसएन बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर भारत को जानो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शाखा अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने शाखा सदस्यों का आभार व स्वागत प्रकट किया।

# 141 एसपीओ की भर्ती की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कानून एवं यातायात व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए 141 एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की पुलिस विभाग में भर्ती की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नीतीश अग्रवाल, चेयरमैन भर्ती कमेटी की अध्यक्षता में भर्ती की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति 16 सितम्बर 2022 तक व्यक्तिगत रूप से पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21सी फरीदाबाद में, सेना शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

चयनित उम्मीदवारों को 18 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। हरियाणा के किसी भी जिले का निवासी सेवानिवृत कर्मचारी आवेदन कर सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इच्छुक आवेदक को अपने साथ चार पासपोर्ट साइज फोटो, शिक्षा, सेवानिवृति के मूल प्रमाण पत्र और सेवानिवृति के समय प्रदान किया गया। मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट इत्यादि लाना होगा। आवेदक की उम्र 25 वर्ष से कम और

**इच्छुक व्यक्ति 16 सितम्बर तक पुलिस आयुक्त कार्यालय में सेना शाखा से संपर्क कर सकते हैं**

50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सेना में सेवा देने का पांच वर्ष का अनुभव जरूरी है। अनुशासनहीन अथवा मेडिकल आधार पर हटाए गए व्यक्ति को भर्ती नहीं किया जाएगा। भर्ती एक साल के लिए की जा रही है। मानदेय राशि उन्हें नकद अथवा उनके बैंक खाते में जमा करवाई जा सकती है। एसपीओ को उनके गृह थाना क्षेत्र में तैनात नहीं किया जाएगा। तैनाती नजदीकी थानों में की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति को अन्य जिलों में भी तैनात किया जा सकता है। भर्ती के समय दो जोड़ी वर्दी, एक जोड़ी जूते और वर्दी से संबंधित अन्य वस्तुओं के लिए तीन हजार रुपये सिर्फ एक बार दिए जाएंगे। सरकारी दौरे के दौरान 150 रुपये यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता टीएडीए दिया जाएगा। उन्हें हरियाणा पुलिस के नियमों के मुताबिक आकसमिक अवकाश भी दिया जाएगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर दस लाख रुपये, स्थाई विकलांगता पर एक से तीन लाख रुपये और गंभीर चोट लगने पर एक से तीन लाख रुपये अनुग्रह राशि दी जाएगी। सेवानिवृत कर्मचारी की भर्ती के समय लिखित परीक्षा और शारीरिक मापतोल नहीं होगा।

राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के मुताबिक अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। भर्ती किए गए एसपीओ आपातकालीन स्थिति में थोड़े समय के लिए राज्य के अन्य जिलों में भी तैनात किया जा सकता है। भर्ती किए जाने वाले एसपीओ को 15 दिन का पुलिस ड्यूटी से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। भर्ती के लिए साक्षात्कार में आने वाले उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता अथवा डीएटीए नहीं दिया जाएगा।

## अग्निपथ भर्ती को ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि तीन सितंबर

**फरीदाबाद।** सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी के निदेशक कर्नल आनंद साकले ने बताया कि अग्निपथ योजना के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर 2022 है। आवश्यक पड़ने पर उम्मीदवार पंजीकरण बंद होने तक ऑनलाइन आवेदन में सुधार कर सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार केवल एक श्रेणी में आवेदन कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक ट्रेड व श्रेणी के लिए पंजीकृत पाया जाता है, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और किसी भी ट्रेड/श्रेणी के लिए उस पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले अपनी श्रेणी का चुनाव बुद्धिमानी से करें। उन्होंने बताया कि ट्रेडमैन श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भी पंजीकरण बंद करने से पहले ड्रॉप डाउन मेनू से उपश्रेणी निर्दिष्ट करनी अनिवार्य है। कर्नल आनंद साकले ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 3 सितंबर 2022 है।

# बडखल गांव के लोग बुनियादी सुविधाओं से महरूम



समस्याओं को लेकर रैली निकालते आम आदमी पार्टी के सदस्य।

**फरीदाबाद।** बड़खल गांव में टूटी सड़कें, गंदगी के लगे ढेरों तथा पानी की समस्या को लेकर बडखल विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ आप नेता राकेश भड़ाना के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने आज विरोध प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से आप नेता गुलशन बगगा, राजूद्दीन, सुनील ग्रोवर, गौरव फागना, चंद्रवीर, परमजीत कौर, सलमा बहन मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए राकेश भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ सालों में जनता को महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है, जबकि विकास के नाम पर यहां एक ईट भी नहीं लगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ मनोहर सरकार गांवों को स्मार्ट गांव बनाने की बात करती है, जबकि बडखल गांव में टूटी सड़कें, गंदगी के ढेर और पानी की समस्या सरकार को आईना दिखा रहे हैं। बडखल विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर लोगों को केवल झूठ और प्रलोभन दिए गए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## रोटरी सेन्ट्रल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद सेन्ट्रल ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय केन्द्र के सेक्टर 11सी स्थित भवन में किया। जिसका उद्घाटन विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने किया। इस रक्तदान शिविर में 57 यूनिट रोटरी ब्लड सेन्टर और बीके अस्पताल की टीमों ने इकट्ठे किये। इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक नरेन्द्र रहे। वहीं रोटरी ब्लड सेंटर से सेक्रेटरी रोटेरियन इंद्रजीत कालिया, दीपक प्रसाद के अतिरिक्त रोटेरियन प्रधान इंदरपाल सिंह, सेक्रेटरी नरेश वर्मा, प्रधान इलेक्ट हनीश सिंगला, पूर्व प्रधान प्रेम अमर, जय गुप्ता और जगदीश सहदेव ने कार्यक्रम में भाग लिया। रोटेरियन महिलाओं में प्रियंका सूद, हरविंदर कौर, रमणी सिंगला और मधु वर्मा ने भी सभी डोनर्स का मनोबल बढ़ाया। इस कार्यक्रम के संयोजक रोटरी सेन्ट्रल के पूर्व प्रधान अनिल राहत रहे। ब्रह्माकुमारी केन्द्र की इंचार्ज बहन हेमलता और मीना ने अपने समस्त साथियों के साथ बढ़चढ़कर सेवा दी और आने वाले समय में इसी तरह के रक्तदाता शिविर और मेमोग्राफी चैकअप कैम्प भी समाज के भले के लिये लगवाने का आश्वासन दिया।

## सोनी स्कूल में नि: शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र शुरू


नि: शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर नीरा तोमर का स्वागत करते डा. अमित जैन, कविन्द्र फागना व अन्य।

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी में स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत रुद्राक्ष फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क महिलाओं का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति की अध्यक्ष भाजपा नेत्री नीरा तोमर, नंगला भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, रुद्राक्ष फाउंडेशन के चेयरमैन नंदकिशोर जुयाल, सोनी स्कूल के चेयरमैन डॉ अमित जैन एडवोकेट द्वारा किया गया। इस केंद्र पर महिलाओं को नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर के बारे में सिखाया जाएगा और इसमें उपयोग होने वाले कॉस्मेटिक, सामान नि:शुल्क दिया जाएगा। भाजपा नेत्री नीरा तोमर ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती है। भाजपा नेता कविंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भी यही सोच है की हम स्वरोजगार अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाए। रुद्राक्ष फाउंडेशन के चेयरमैन नंद किशोर जुयाल ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण केंद्र खोलने का मेरा मकसद महिलाओं को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिलवाना, ताकि वे अपने परिवार का भरण पोषण आसानी से कर सके। स्कूल के चेयरमैन डॉ अमित जैन एडवोकेट ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया और सभी का इस कार्यक्रम में अपना कीमती समय देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विशेषकर नंद किशोर का धन्यवाद दिया जिन्होंने इस सामाजिक कार्य के लिए इस स्कूल को चुना। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोशन रावत, यशपाल रावत, सरोज नेगी, शिक्षाविद् सुंदर सिंह गौर, शिक्षाविद् लाजपत मदान, सचिन तंवर, मीना भट्ट, सौरभ गुप्ता, संतोष कुमार, अजय, रेखा, सुषमा, डोली सहित माता बहनें उपस्थित थीं।

## धूमधाम से मनाया गया कृष्ण भगवान का छठी महोत्सव



**फरीदाबाद।** जय श्रीहरि आज राधा सर्वेश्वर मंदिर में महंत मुनिराज महाराज की अध्यक्षता में बड़ी धूम-धाम से 'छठी महोत्सव-नंद महोत्सव' मनाया गया। जिसमें समस्त ब्रज वासियों द्वारा बधाई गायी गई। जिसमें समस्त ब्रजवासियों ने नन्दोत्सव मनाया। इस मौके पर अनेक फरीदाबाद के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें भारतीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र बबली, फरीदाबाद के मेयर सुमन बालाजी और अनेकानेक आए हुए अतिथियों ने नंद उत्सव का आनंद लिया। ब्रज वासियों द्वारा अनेक भजन बहुत ही सुंदर रूप में प्रस्तुत किए गए श्याम सेक्टर 15 वाले, श्रीसर्वेश्वर धाम के व्यवस्थापक कृष्ण गोपाल, चेतराम, पंडित तारा चंद, लक्ष्मी नारायण, पंडित सुरेश, नंदो सखी, राधे राधे बाबू ने कौन सी ने मार दियो री टोना मेरे मचलो श्याम सलोना भजन गाया। अशोक हर्ष, मुनिराज महाराज ने 'लाला जन्म सुन आई यशोदा मैया दे दो बधाई' गाया। मनीष महाराज सनातन धर्म शिव मंदिर वाले और अनेकानेक गायक और वादकों के अलावा महिला मुन्नी देवी, किशोरी शर्मा, अंजू शर्मा, ऊषा शर्मा, कीर्ति शर्मा और मीनाक्षी शर्मा ने भी भाग लेकर नंद उत्सव में चार चांद लगाए। दही हांडी का कार्यक्रम मंदिर के प्रांगण में धन की वर्षा वस्त्रों की वर्षा छोटे-छोटे बच्चों के लिए खिलौनों की वर्षा इत्यादि करके आनंद लिया, तत्पश्चात ब्राह्मण भोजन भंडारा और आए हुए मेहमानों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। जितने भी भक्त हैं जो भी प्रांगण में आए थे सबके लिए भंडारे का इंतजाम था। सभी ने भंडारे का आनंद लिया। राधा सर्वेश्वर धाम की ओर से आए हुए सभी लोगों का गुरुजी ने धन्यवाद किया और हर्ष उल्लास के साथ इस उत्सव का समापन हुआ।

## साइक्लोथोन से लोगों को फिट रहने का दिया संदेश



**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में साइक्लोथोन, साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। साइकिल यात्रा का शुभारंभ निवर्तमान वरिष्ठ महापौर देवेंद्र चौधरी ने सेक्टर 28 से हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम के संयोजक विमल खंडेलवाल रहे। साइकिल यात्रा में सैकड़ों युवाओं महिलाओं बुजुर्गों एवं बच्चों ने हिस्सा लिया। यह यात्रा सेक्टर 28 से प्रारंभ होकर सेक्टर 29 पुलिस लाइन सेक्टर 30 होते हुए टाउन पार्क सेक्टर 31 में इसका समापन किया गया। साइकिल यात्रा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों को टी शर्ट एवं बोटल उपहार स्वरूप दिया गया। यात्रा का शुभारंभ करते हुए देवेंद्र चौधरी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच का यह बेहतरीन प्रयास है साइकिल से ना केवल स्वास्थ्य बल्कि आर्थिक लाभ भी होता है। साइकिल यात्रा के माध्यम से मारवाड़ी युवा मंच ने लोगों को एक संदेश देने का काम किया है जिस प्रकार से हरियाणा हमेशा से खेलों में अव्वल रहा है, हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश का नाम रोशन किया है उसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद ने आज स्वास्थ्य एवं खेलों को बढ़ावा देने के लिए साइकिल यात्रा निकाली है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साइकिल आज से चलानी चाहिए ताकि हम सारे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं फिट रह सकें। साइक्लोथोन यात्रा के संयोजक विमल खंडेलवाल ने कहा कि लगभग 5 किलोमीटर की इस साइकिल यात्रा में लगभग हर उम्र के लोग भाग ले रहे हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि साइकिल यात्रा का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहे और अपने दैनिक जीवन में लोग इसको अपनाएं। इस साइकिल यात्रा में हिस्सा लेने वाले सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चेची एवं एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच द्वारा निकाली गई साइक्लोथॉन यात्रा में लोगों में जोश एवं उत्साह दिखा।

## गुलाम नबी का इस्तीफा

### कांग्रेस का संकट

**कांग्रेस** से गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे से स्पष्ट है कि गांधी–नेहरू परिवार ने न कुछ सीखा है और न कुछ भुलाया है। वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद का कांग्रेस से बाहर जाना न केवल देश की इस सबसे बड़ी पार्टी को बड़ा धक्का है, बल्कि इससे नेतृत्व पर गांधी–नेहरू परिवार का कब्जा भी स्पष्ट होता है जो कांग्रेस को पुनर्जीवित करने की योजना बनाने में अक्षम या अनिच्छुक हैं। आजाद ने अपनी पीड़ा कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को भेजे पांच पेज के इस्तीफे में प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि अब पार्टी 'वापस न होने' के बिंदु तक पहुंच गई है। इसे किसी निराश नेता के विलाप के बजाय तथ्य के रूप में देखा जाना चाहिए। आखिरकार कांग्रेस से उनके संबंध आधी शताब्दी से हैं। यह जुड़ाव लाभदायक रहा है जिसके चलते वे केन्द्रीय मंत्री, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा में नेता विरोधी दल रहे हैं। पिछले कुछ समय से वे पार्टी चलाने के तरीके से नाराज हैं। वे उन वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के जी–23 में भी शामिल थे जो पार्टी नेतृत्व में सुधार चाहते हैं। लेकिन पार्टी 'आलाकमान' आजाद व अन्य जी–23 में शामिल नेताओं द्वारा उठाए मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहा है। लेकिन यह घटनाक्रम अभूतपूर्व नहीं है क्योंकि हालिया वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण कांग्रेस नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। केवल 2022 में ही कांग्रेस छोड़ने वाले ऐसे नेताओं की संख्या लगभग आधा दर्जन है।

इस साल मई में कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ी। वे कांग्रेस नीत संयुक्त



प्रगतिशील गठबंधन–सप्रंग सरकार में केन्द्रीय मंत्री थे। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ ने न केवल पार्टी छोड़ी, बल्कि कांग्रेस की धुर–विरोधी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पूर्व केन्द्रीय मंत्रियों अश्विनी कुमार व आरपीएन सिंह ने तथा गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रहे हार्दिक पटेल ने भी पार्टी छोड़ी। इन सबने इसी साल पार्टी छोड़ी। इसके पहले पार्टी छोड़ने वाले अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह व पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद व ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। इन नेताओं में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा अब भाजपा में हैं। इन सभी नेताओं में समान परेशानी नेहरू–गांधी परिवार से उनका अलगाव था। वास्तव में इस परिवार ने स्वयं को पुराने जमाने का बादशाह बर्बान समझना शुरू कर दिया था। कहा जाता है कि 1789 में फ्रांस क्रांति के समय बर्बान का वहां शासन था जिन्होंने न कुछ सीखा था और न कुछ भुलाया था। नेपोलियन के पतन और अपनी बहाली के बाद वे अपने पुराने तरीकों पर चलते रहे और इन तरीकों ने ही प्रमुखतः क्रांति को जन्म दिया। सोनिया गांधी बीमार हैं और प्रियंका गांधी निष्प्रभावी सिद्ध हो चुकी हैं। जहां तक राहुल गांधी का सवाल है, मीडिया को आकर्षक सुर्खियां देने के सिवा वे कांग्रेस के पुनर्जीवन हेतु कुछ देने की स्थिति में नहीं हैं। इसका संबंध पार्टी के दृष्टिकोण, नीतिगत पैराडाइम, कारगर कार्यक्रम तथा संगठन के पुनर्गठन से है। इससे भी बुरी बात है कि उन्होंने स्वयं को यथार्थ से कटे लोगों के बीच कैद कर लिया है। उनमें से अनेक वामपंथी हैं जो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पर अपने आदिकालीन एजेंडे थोपने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि गांधी–नेहरू परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'कांग्रेस मुक्त भारत' का सपना पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत में पुलिस सुधारों की आवश्यकता

पुलिस व्यवस्था को नए दृष्टिकोण से देखना जरूरी है। ऊपर से नीचे वाले दृष्टिकोण के बजाय कैडर व्यवस्था पर पुनर्विचार होना चाहिए।



**सुमित भसीन**
(लेखक लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)

भारत में 'पुलिसिंग' की आत्मा अब भी ब्रिटिश राज वाली है। ब्रिटिश राज में पुलिस प्रजा पर शासन करने का उपकरण था। स्वतंत्रता के बाद 75 साल बीत गए, पर पुलिसिंग अब भी पुरानी और जंग लगी है। एक प्रकार से पुलिस बल मूलतः लोगों को नौकरी देने के माध्यम बन गए हैं। लेकिन अब समय बदल गया है। अपराध के तरीके बदल गए हैं। समाज बदल गया है। अपराध के तरीके और माध्यम बदल गए हैं। लेकिन पुलिसिंग पहले की तरह बनी हुई है। पुलिसिंग की कमियों के कारण अनेक एजेंसियों का गठन हुआ है जिनको विशेष रूप से अंतर–राज्य अपराधों से निबटने का काम दिया गया है। पुलिसिंग व्यवस्था में सड़न का प्रमुख तत्व राजनीतिक हस्तक्षेप है। कुछ राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के राजनीतिक कार्यकर्ता राज्य पुलिस से ज्यादा प्रभावी हैं। ऐसे में लोग समस्या होने पर पुलिस के पास जाने के बजाय इन राजनेताओं का दरवाजा खटखटाते हैं। ऐसे दादा या 'राबिनहुड' अपने संबंधित क्षेत्रों का ध्यान रखते हैं तथा पीड़ितों के लिए न्याय दिलाने के संरक्षक बन जाते हैं। यह 'जंगल राज' वाली स्थिति है जहां राजा शक्तिशाली और प्रजा कमजोर होती है।

भले ही कोई ऐसे 'राबिनहुड' के लिए बिहार का उदाहरण दे, पर यह परिघटना अनेक अन्य राज्यों में भी पाई जाती है। इस परिदृश्य से प्रेरणा लेकर मुंबई फिल्म उद्योग ने कई फिल्में बनाई हैं। वास्तव में एफआईआर दर्ज कराना बहुत कठिन काम है क्योंकि पुलिस शिकायतकर्ताओं से सादे कागज पर शिकायत लिखवा लेती है और बाद में उसे भूल जाती है। एफआईआर होने पर जांच करने के बाद आरोपपत्र पेश करना पड़ता है और पुलिस के पास अनेक काम होने के कारण इसके लिए समय नहीं मिलता है। बहाना बनाया जाता है कि पुलिस बल काम के बोझ से लदे हैं। पुलिसबलों का एक बड़ा हिस्सा वीआईपी सुरक्षा में लगा रहता है। ऐसे बहाने दो दशक पहले किए जाते थे, आज भी किए जाते हैं और शायद दो दशक बाद तक भी किए जाते रहेंगे।

समय तेजी से बीत रहा है और पुलिस सुधारों पर नए दृष्टिकोण की जरूरत है क्योंकि लोग पहले की तरह नहीं हैं जो असहाय होकर अपने भाग्य को दोष देते थे। आज लोग जवाबदेही चाहते हैं। कानून–व्यवस्था अनेक राज्यों में चुनाव का प्रमुख एजेंडा बन गई है। इसके साथ ही पुलिसिंग को आधुनिक होना जरूरी है क्योंकि अंतर–राज्य अपराधों के अब अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होते हैं। पुलिसिंग में अनेक कमियां हैं जिनके कारण अनेक पुलिसजनों को अंधेरे में तीर चलाने पड़ते हैं। कानून–व्यवस्था राज्य का विषय है और कृषि की तरह यह किसी सुधार में मुख्य बाधा है। पुलिस सुधार के प्रयास अब तक कई बार हो चुके हैं। इसके लिए अनेक समितियों का गठन हो चुका है जिन्होंने अपनी रिपोर्टें भी दी हैं। लेकिन अनेक खंडों वाली ये रिपोर्टें धूल खा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी राज्यों में सुधार लागू कराने के प्रयास किए हैं। राष्ट्रीय पुलिस आयोग का गठन 1979 में हुआ था।

1996 में दो सेवानिवृत्त डीजीपी ने इन रिपोर्टों के क्रियान्वयन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सर्वोच्च न्यायालय ने 1998 में रिबेरियो समिति तथा 2000 में पद्मनाभन कमेटी का गठन किया। इससे सोली सोराबजी समिति के गठन का रास्ता साफ हुआ जिसने नया माडल पुलिस बिल पेश किया। प्रकाश सिंह के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 में अपने आदेश दिए जो सात दिशानिर्देशों के मामले में राज्यों व संघशासित क्षेत्रों पर बाध्यकारी थे। सर्वोच्च न्यायालय ने सात दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन पर निगरानी के लिए दो सदस्यों वाली समिति गठित की। इन सात दिशानिर्देशों में प्रमुख बिंदु यह सुनिश्चित करना था कि पुलिस के कामकाज में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। लेकिन पिछले सालों में पता चला है कि सर्वोच्च न्यायालय के सात दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने का मामला 57 प्रतिशत से बढ़ कर 80 प्रतिशत हो गया है।

दिशानिर्देश अपनी प्रकृति से प्रक्रियात्मक थे, जैसे, जिला पुलिस प्रमुखों का कार्यकाल निश्चित था, पुलिस महानिदेशकों की नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी बनाई गई थी, कर्मियों के कार्यकाल में स्थायित्व लाया गया था, स्थानान्तरण व तैनाती प्रक्रिया–आधारित थी, पुलिस शिकायत अधिकारी का गठन किया गया था तथा जांच व कानून–व्यवस्था व अन्य कामों में अंतर किया गया था। लेकिन लोगों की महत्वाकांक्षायें पूरी नहीं हुई है, जैसा कि 1979 में पहले आयोग के गठन के समय स्पष्ट था। आज जब भारत ने अपनी स्वतंत्रता के 75 साल पूरे कर लिए हैं तब पुलिस में आमूल परिवर्तनों का समय आ गया है।

पुलिसिंग प्रक्रिया–आधारित होनी चाहिए तथा पदानुक्रम में नीचे से लेकर शिखर तक कर्मियों का कॅरियर ड्यूटी के समय उनके क्षमता प्रदर्शन से जुड़ा होना चाहिए। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि ब्रिटिश राज में पुलिसिंग का दृष्टिकोण ऊपर से नीचे की ओर था जो देश में साढ़े सात दशक तक चलता रहा। अब समय आ गया है कि इसे उलट कर नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण अपनाया जाए। यह काम 'कप्तान–आधारित' पुलिसिंग पर नया दृष्टिकोण अपनाने से संभव है। यह समझ उचित नहीं है कि बहुत अध्ययनशील व्यक्ति को जिला पुलिस प्रमुख बनाया जाना चाहिए जो दो या तीन परीक्षाओं में सफल हुआ हो।

हमें वह रास्ता खोलना चाहिए कि सीने पर गोली खाने की हिम्मत रखने वाले तथा काम के दौरान प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल में लगातार बेहतरी करने वाले को तेजी से पदानुक्रम में ऊपर चढ़ाया जाए। केन्द्रीय स्तर पर पुलिस अकादमी तथा राज्यों में उसकी शाखाओं को तेजी से प्रशिक्षण का काम दिया जाना चाहिए ताकि वे आधुनिक पुलिसिंग का कौशल विकसित कर सके। इसके साथ ही पुलिसजनों को आधुनिकतम उपकरणों से लैस किया जाना चाहिए ताकि हर पुलिसजन एक मोबाइल पुलिस थाने की तरह काम कर सके। अकादमी का काम श्रमशक्ति को पुलिसिंग में इस प्रकार प्रशिक्षण देना है ताकि वे निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर अपनी ड्यूटी कर सकें। उनका काम अच्छी तरह प्रचारित होना चाहिए तथा इसमें राजनीतिक अवस्थापना समेत किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय अपराध शोध ब्यूरो के अनुसार सभी कानून लागू करने वाली एजेंसियों की अभियोजन दर लगभग 70 प्रतिशत पहुंच गई है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि सभी शिकायतें एफआईआर में नहीं बदलती हैं। इस प्रकार यह देखना भी उचित होगा कि यदि किसी पुलिसकर्मी का उसके क्षेत्र में अभियोजन दर 80 प्रतिशत से नीचे हो तो उसे 10 साल की सेवा के बाद अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया जा सके। इसके साथ ही यह भी तय किया जा सकता है कि हर शिकायत को अनिवार्य रूप से एफआईआर में बदला जाए तथा पुलिस थानों व रेलवे स्टेशनों आदि सार्वजनिक स्थलों पर सभी आंकड़े प्रदर्शित किए जांए। समान रूप से यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय पुलिस सेवा–आईपीएस में सेवा नियमों में सुधार के प्रयास किए जांए जिनका उद्देश्य स्पष्ट रूप से पुलिस बलों के राजनीतिक दुरुपयोग पर प्रतिबंध लगाना हो।

इसके लिए यह निर्धारित किया जाना चाहिए कि कोई आईपीएस अधिकारी एक राज्य में सात साल से अधिक सेवा न करे तथा केन्द्र को कैडर व्यवस्था में स्थायित्व को समाप्त करना चाहिए। इसके साथ ही जब केन्द्र का कोई आईपीएस अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर दूसरे राज्य मे भेजा जाए तो उसका सर्विस रिकार्ड सेवाओं में बनाए रखने का आधार होना चाहिए। यदि वे मानक के अनुरूप प्रदर्शन न कर रहे हों तो उनको अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए। इस प्रकार कैडर केवल सात साल का होना चाहिए और इसके बाद अधिकारियों की चक्रानुक्रम में तैनाती से इसे गतिशील बनाया जाए। वास्तव में पुलिसिंग के कार्यों पर निगरानी का केन्द्र का अधिकार सुनिश्चित होना चाहिए। यह काम संसद कानून बना कर कर सकती है।



# फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की अदक्षता

> अकसर, फोरेंसिक रिपोर्ट संसाधित और प्रस्तुत किए जाने से पहले कई साल बीत जाते हैं। नतीजतन, पीड़ितों और परिवारों के लिए न्याय दूर की कौड़ी बना हुआ है।



**प्रियंका अग्रवाल**
(लेखिका फोरेंसिक लैब की निदेशक हैं)

जब फोरेंसिक की बात आती है, तो भारत में लोकप्रिय कल्पना अभी भी क्लासिक शो, सीआईडी में वापस आती है, जहां एक निश्चित डॉ सालुंखे प्रयोगशाला से अपनी लेजर–शार्प फोरेंसिक अंतर्दृष्टि के साथ जांच दल की जांच में तेजी लाने में मदद करते हैं। हालांकि, भारत के विशाल आपराधिक न्याय संस्थानों में न्याय चाहने वालों के लिए, वास्तविकता इससे बहुत दूर है। अकसर, फोरेंसिक रिपोर्ट संसाधित और प्रस्तुत किए जाने से पहले कई साल बीत जाते हैं। नतीजतन, पीड़ितों और परिवारों के लिए न्याय दूर की कौड़ी बना हुआ है, जबकि अपराधी सड़कों पर चल सकते हैं। राज्य और केंद्र स्तर पर फोरेंसिक प्रयोगशालाओं के विश्लेषण और परिणाम किसी भी देश में आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसमें अपराध स्थल के पुनर्निर्माण, फोटोग्राफी, साक्ष्य के संग्रह और पैकेजिंग, डिजिटल और साइबर फोरेंसिक, लिखावट की जांच, हस्ताक्षर, फोटो, उंगलियों के निशान और मुद्रा, और रासायनिक और जैविक फोरेंसिक, अन्य शामिल हैं।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक पूर्वाग्रह मुक्त और त्वरित जांच का अधिकार प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यह देखते हुए कि कैसे गुणवत्ता और समय पर फोरेंसिक विश्लेषण कई मामलों की रीढ़ है, फोरेंसिक रिपोर्ट प्राप्त करने में देरी या फोरेंसिक साक्ष्य को गलत तरीके से संभालना पीड़ित और उस न्याय के बीच है जिसके वे हकदार हैं।

फोरेंसिक सेवा निदेशालय द्वारा हाल ही में सूचना के अधिकार (आरटीआई) के एक सवाल के जवाब में, यह पता चला कि फोरेंसिक जांच के लिए हर साल प्रयोगशालाओं में रिपोर्ट किए गए 50 प्रतिशत से अधिक मामले लंबित और अनसुलझे रहते हैं। यह चंडीगढ़, कोलकाता, हैदराबाद, पुणे, गुवाहाटी और भोपाल में स्थित छह केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के लिए सही था जो निदेशालय के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि, यह सिर्फ छह लैब का डेटा है। प्रत्येक राज्य की अपनी फोरेंसिक प्रयोगशालाएँ होती हैं, जो विभिन्न कार्य करती हैं। लेकिन फिर इस तथ्य पर विचार करें कि भारत में न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर 4.7 करोड़ मामले लंबित हैं। इनमें से चार करोड़ मामले जिला अदालत के स्तर पर लंबित हैं और कई फोरेंसिक रिपोर्ट की कमी के कारण लंबित हो सकते हैं, जो जांच के अभिन्न समर्थन कार्य हैं।

अगस्त से एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक रोहिणी में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में लगभग 20,000 फोरेंसिक परीक्षण लंबित थे। लंबित कई मामलों में, समय कारक चौंकाने वाला है, जिसमें रसायन के लिए तीन साल तक का समय लंबित है। और विष विज्ञान के परिणाम। जैविक या रासायनिक प्रकृति के साक्ष्य के लिए, संदूषण की संभावना और हेरफेर का दायरा उनका विश्लेषण करने में लगने वाले समय के सीधे आनुपातिक है, जिससे वैज्ञानिक प्रक्रिया में त्रुटि का मार्जिन बढ़ जाता है और इसलिए अंतिम मामला ही।

इसके अलावा, भारत में, मौजूदा सबूतों के लिए जगह की कमी है, जो डीएनए नमूने और उंगलियों के निशान से लेकर मोबाइल, लैपटॉप जैसे उपकरणों तक है जो उस तकनीक के कुछ साल पुराने होने पर स्विच नहीं हो सकते हैं। परीक्षण में देरी से परीक्षण योग्य साक्ष्य का दायरा सीमित हो जाता है। इसके अलावा, भारत में बहुत कम प्रयोगशालाएँ हैं जो अपने विश्लेषणों और रिपोर्ट प्रस्तुतियों में गुणवत्ता प्रदर्शित करती हैं। प्रयोगशालाओं में फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षित कर्मचारियों की भी भारी कमी है, जिससे इन–लैब जांच को और धीमा कर दिया गया है।

यह सब भारत में फोरेंसिक साक्ष्य की कमी में योगदान देता है। नागरिक समाज में ऐसे विमर्श होते रहे हैं, जो न्यायाधीश–से–जनसंख्या अनुपात में वृद्धि की मांग करते हैं, क्योंकि भारत में न्यायिक प्रणाली जबरदस्त दबाव में है। लंबित मामलों की एक बड़ी संख्या वाले परिदृश्य में, समय पर फोरेंसिक प्रसंस्करण की कमी के कारण लंबित मामलों की मात्रा की कल्पना की जा सकती है। यह कहना सुरक्षित है कि फोरेंसिक मामलों के अनुचित संचालन के कारण, सभी लंबित मामलों में से 35–40 प्रतिशत की सुनवाई की जानी है।



## आप की बात

### रेवड़ी संस्कृति

**हाल** में प्रधानमंत्री मोदी ने देश मे चुनाव के दौरान मुक्त की घोषणाओं को रेवड़ी कल्चर के रूप में संबोधित करते हुए तर्क दिया कि फ्री की घोषणाएं दीर्घकाल में देश की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक सिद्ध होगी द्यप्रधानमंत्री के इस वक्तव्य के बाद से ही यह वाद के विषय बना हुआ है की रेवड़ी कल्चर को किस तरह परिभाषित किया जाए। भारतीय संविधान के भाग 4 के अंतर्गत शामिल नीति निर्देशक तत्व में देश को कल्याणकारी राज्य माना गया है , जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन यापन के लिए मुलभुल सुविधाओ को उपलब्ध करवाना निश्चित रुप से राज्य का दायित्व है अतः कई राज्य सरकारों का तर्क है मुफ्त में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पोषण, भोजन, इंटरनेट जैसी सुविधाओं को रेवड़ी नही माना जा सकता क्योंकि इस प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से देश मे उचित मानव संसाधन का विकास होता है । प्रसिद्ध उदारवादी विचारक जॉन रॉल्स ने भी अपनी कृति द थ्योरी ऑफ जस्टिस में न्याय के सिद्धांत को प्रकट करते हुए तर्क दिया प्राथमिक वस्तुओं जैसे स्वास्थ्यऔर शिक्षा के न्यायसंगत और समान वितरण राज्य का कर्तव्य है इसके बाद व्यक्ति को स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा के लिए छोड़ देना चाहिए।

– **पुष्पेंद्र पाटीदार**, राऊ, इंदौर

### कांग्रेस से आज़ाद हुए गुलाम नबी

**कांग्रेस** को गहरे संकट के दौर में सबसे बड़ा राजनीतिक झटका देते हुए दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस से आजाद होने के लिए सोनिया गांधी को लिखे गए पांच पेज के विस्फोटक पत्र में गुलाम नबी ने शीर्ष नेतृत्व, विशेषकर राहुल गांधी पर जबरदस्त सियासी हमला बोला है. राहुल की एक–एक खामियां गिनाई है और पार्टी दुर्दशा के लिए पूरी तरह से उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी सवाल उठाते हुए कहा है कि एक गैर गंभीर व्यक्ति को पार्टी पर थोपने की कोशिशों का ही नतीजा है कि आज पार्टी की राजनीतिक हाशिए पर चली गई है। कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला बेशक लंबे अर्से से चल रहा है मगर गुलाम नबी आजाद का पार्टी से नाता तोड़ने का फैसला कांग्रेस के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका है. खासकर इस लिहाज से कि धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक धारा की पैरोकारी करने वाली कांग्रेस के लिए आजाद अल्पसंख्यक समुदाय के उसके सबसे बड़े चेहरे थे। साथ ही गांधी परिवार से उनका तीन पीढ़ियों का गहरा जुड़ाव भी था जिसका जिक्र आजाद ने अपने हंगामाखेज पत्र में भी किया है।

– **सदान जी**, पटना विश्वविद्यालय

### लोकतंत्र में विपक्ष

**लोकतंत्र** की जीवंतता एवं अर्थवत्ता के लिए एक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी विपक्ष महत्वपूर्ण हैं।सरकारे जब–जब दिशा से भटक जाती हैं तो व: विपक्ष हि हैं जो उसे दिशा का बोध करवाती हैं। यह विडंबना हैं कि भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यहाँ पर एक प्रभावी और रचनात्मक विपक्ष का अभाव रहा हैं। आज भी देखें तो भारत की विपक्षी राजनीती सिर्फ बीजेपी व संघ को कोसने तक की रह गई हैं। विपक्ष इतना कमज़ोर नज़र आरहा हैं कि ना तो वो सशक्त हैं ना ही उसके पास कोई विपक्षी निति बची है। लोकतन्त्र के लिए यह स्थिति बहुत ही दुखदायी है कि देश को स्वतन्त्रता दिलाने वाली पार्टी, अपनी इतनी मजबूत व गौरवशाली विरासत के बाद भी इतनी कमज़ोर नज़र आरही हैं। कांग्रेस अपनी नीतियाँ बदलने और अपनी गलतियां सुधारने को तैयार हि नहीं हैं। गाँधी परिवार कांग्रेस पार्टी को किसी निजी कंपनी की तरह चला रहा हैं, कांग्रेस मात्र अब परिवारवादी व्यवसाय का पर्याय बन कर रह गई है। हालही दिनों मे विपक्ष का जो रवैया नज़र आया है, वह चिंतनीय हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**शायद** भाजपा के एक सांसद व उनके पंसदीदा पत्रकारों ने स्वयं ईसी की रिपोर्ट तैयार कर दी है।

– **हेमंत सोरेन**
झारखंड के मुख्यमंत्री

**मध्य** यूक्रेन के चापालीन रेलवे स्टेशन पर हुए हमले से मैं सचमुच बहुत व्यथित व आश्चर्यचकित हूं।

– **डेनिस ब्राउन**
संरा. मानवीय सहायता समन्वयक





**राहुल** गांधी, उनकी पार्टी व सहायक प्रधानमंत्री के विरोध में इतने अंधे हो गए हैं कि फर्जी अफवाहें फैलाते हैं, जिनसे उनकी पार्टी और कमजोर होती है।

– **रवि शंकर प्रसाद**
भाजपा नेता

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए भगवामय हुई राजधानी

## ● प्रदेश अध्यक्ष बनने बाद भूपेन्द्र चौधरी का लखनऊ आगमन आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष बनने के बाद भूपेंद्र सिंह चौधरी सोमवार को पहली बार लखनऊ पहुंच रहे हैं। इनके भव्य स्वागत के लिए पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर को भगवामय कर दिया है। जगह-जगह तोरणद्वार बनाए गए हैं जहां पर उन्हें मालाएं पहनाने के साथ ही पुष्पवर्षा का इंतजाम है। लखनऊ में कदम रखते ही उनकी यात्रा का पड़ाव हर उस स्थान पर होगी जहां पर महापुरुषों की प्रतिमाएं लगी हैं। इन स्थलों को सलीके से सजाया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष शताब्दी एक्सप्रेस से दोपहर 12.30 बजे लखनऊ पहुंचेंगे। नई दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस से चलकर लखनऊ पहुंचने के दौरान रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह.जगह उनका स्वागत किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत व पदभार ग्रहण कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने बताया कि मालाएं पहनाने के साथ पुष्पवर्षा भी करेंगे कार्यकर्ता चारबाग रेलवे स्टेशन से अटल चौक के यात्रा मार्ग को तोरणद्वार व पताकाओं से सुजाया गया है। यात्रा मार्ग में पार्टी के पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, आयोग, निगम बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहेंगे। पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत पुष्प वर्षा व मालाएं पहना कर किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय को साज-सज्जा के साथ ही भव्य मंच के साथ प्रदेश अध्यक्ष की अगवानी के लिए तैयार कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी लखनऊ आने पर पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका पर अंत्योदय के प्रणेता को पुष्पार्चन करके पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा राज्य मुख्यालय की ओर बढेंगे। यात्रा मार्ग में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देने के बाद लोकभवन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करेंगे। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, महारानी अवन्ती बाई, अटल चौक स्थित भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों को पुष्प मालाओं व पताकाओं से सलीके से सजाया है। उत्साह, उमंग से सराबोर कार्यकर्ता ढोल, नगाड़ों के साथ पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे। पार्टी मुख्यालय पर स्वागत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ ही केन्द्र सरकार के मंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## चिकित्सकों को मुफ्त उपहार पर छूट न दिए के लिए कांग्रेस ने लिखा पत्र

**लखनऊ।** कांग्रेस ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर आयकर अधिनियम के तहत चिकित्सकों को मुफ्त उपहार पर छूट न दिए जाने की मांग किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एवं केन्द्र सरकार ने अपने चहेती दवा कंपनियों को करोना महामारी के दौरान जबरदस्त लूट करने का अवसर दिया। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि इसका ताजा प्रमाण यह है, कि विगत 6 जुलाई 2022 को आयकर विभाग द्वारा बेंगलुरू स्थित डोलो 650 टैबलेट के निर्माता माइक्रो लैब्स लिमिटेड पर डाले गए छापे के दौरान दवा कंपनियों की लूट और केन्द्र सरकार की घोर लापरवाही उजागर हुई। इस पूरे आर्थिक भ्रष्टाचार में दवाइयों के मूल्य निर्धारण प्रक्रिया में स्वास्थ्य मंत्रालय की लचर नीति उजागर हुई। दवा कंपनियों की मुनाफाखोरी का भी खुलासा हुआ है। कांग्रेस ने मांग किया कि 'माइक्रो लैब्स लिमिटेड' पर मुनाफाखोरी का खुलासा हो जाने के बाद इस संदर्भ में उपर्युक्त यह होगा कि सरकार देश में दवा उत्पादन कंपनियों को आयकर अधिनियम की धारा के अंतर्गत मुक्त उपहार पर छूट न दिए जाने पर भी विचार करे। इसके साथ ही इस अधिनियम की धारा 132 के अंतर्गत संबंधित उन फार्मा कंपनियों, अस्पतालों के प्रबंध तंत्र व डॉक्टरों पर भी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है, जिन्होंने कोविड काल में अनियमितता पूर्ण मानक को आधार बनाकर आवश्यक दवाओं और रेमेडी सेवर इंजेक्शन में भारी बेहिसाब मुनाफे में हिस्सा कमाया।

# भाजपा सरकार देश को बर्बाद कर रही है: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार देश को बर्बाद कर रही है। भाजपा सरकार देश को पीछे ले जा रही है। भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए जनता तैयार खड़ी है। भाजपा इन चुनावों के बाद सत्ता से बाहर जाएगी। श्री यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी है। समाजवादी पार्टी जनता के बीच जाएगी और जनता को बताएगी कि जो दूसरे राजनीतिक दल हैं वह सिर्फ वोट काटने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि जनता सब देख रही है वह जानती है कि कौन दल भाजपा से मिले हुए हैं और कौन भाजपा से लड़ रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि विपक्षी एकता के लिए वैसे राष्ट्रीय स्तर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर, एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और पश्चिम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार प्रयास कर रही है। इधर बिहार में समीकरण बदला है और वहां के नेता भी प्रयास कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी देश की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है इससे बड़ा झूठ कोई नहीं बोल सकता है। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। भाजपा ने नोटबंदी के समय कहा था कि भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगाए क्या भ्रष्टाचार खत्म हो गया हैघ् इसी तरह से कहा था कि जीएसटी से अर्थव्यवस्था बेहतर होगी लेकिन आज अर्थव्यवस्था की स्थिति और खराब हो गई है। महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अंग्रेजों की तरह ष्डिवाइड एंड रूलष् की रणनीति पर काम करती है। बीजेपी जनता को धर्म और जाति में तो लड़ाती ही है साथ में विपक्षी दलों को भी आपस में लड़ाने की रणनीति पर काम करती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र में सरकार बदल दी। सब जानते हैं कि महाराष्ट्र में सीबीआई और ईडी ने क्या किया है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के इशारे पर फाइनल वोटर लिस्ट में रणनीति के तहत मतदाताओं के नाम काटे गए। खासकर यादव और मुस्लिम मतदाताओं के वोट काटे गए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि जो वोट बन गया है वह फाइनल वोटर लिस्ट में ना कटे। यूपी विधानसभा चुनाव के किसी भी बूथ को उठा लीजिए रैन्डेम्बली चेक कर लीजिए। काफी मतदाता या तो वोट नहीं डाल पाया या सूची में उसका नाम नहीं था। चुनाव आयोग बताएं कि उत्तर प्रदेश में कितने लोग वोट नहीं डाल पाए। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के उद्घाटन के अगले ही दिन बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे टूट गया कई जगह गड्ढे हो गए क्या उसकी ईडी और सीबीआई जांच होगीघ् उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां पूरी तरह से फेल हो चुकी है। महंगाई बेरोजगारी बहुत तेजी से बढ़ रही है।

# भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल मन की बात कार्यक्रम में हुए शामिल

## ● पीएम ने जल संरक्षण, कुपोषण के लेकर जागरूकता पर दिया जोर



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मान की बात कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल शामिल हुए। यह कार्यक्रम निशातगंज चौथी गली स्थित पार्क में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कुपोषण के खिलाफ जंग और जल संरक्षण को लेकर सामाजिक जागरूकता के महत्व पर बल दिया और कहा कि इंटरनेट सेवाओं के विस्तार से दूर-सुदूर क्षेत्रों, खासकर पूर्वोत्तर में ना सिर्फ एक नया सूर्योदय हुआ है बल्कि देश में डिजिटल उद्यमियों की संख्या भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 92वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए यह भी कहा कि जिस तरह स्वच्छता और टीकाकरण अभियान के दौरान देश की सामूहिक शक्ति की भावना दिखी, उसी प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाए गए तिरंगा अभियान में भी लोगों में देशभक्ति की अमृत धारा नजर आई। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जल संरक्षण की दिशा में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों और कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती देने का भी आह्वान किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद प्रमोद सिंह राजन, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र राय, संतोष सिंह, प्रहलाद यादव, अश्वनी शुक्ला, निखिल दीक्षित बूथ अध्यक्ष, रामेश, कमल, प्रदीप शर्मा, मदन शुक्ला समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों व बिल्डर पर होगी सख्त कार्रवाई: अवनीश अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● ट्विन टावर निर्माण मामला

**प्रदेश के** अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने रविवार को कहा कि नोएडा में ध्वस्त किए गए ट्विन टावर के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को चिन्हित कर लिया गया है और जल्द दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का सिलसिला शुरू होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त होकर इस टावर का निर्माण किया गया। इससे गलत ढंग से बनाने में संलिप्त अधिकारी, कर्मचारी, बिल्डर और व्यापारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन दोषियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही कार्रवाई आरंभ की जाएगी। श्री अवस्थी ने कहा कि नोएडा के अवैध ट्विन टावर लैंड यूज़ के हिसाब से, निर्माण के डिजाइन के मुताबिक गलत ढंग से बनाए गए थे। पिछले समय में एक फ्राड हुआ। उच्चतम न्यायालय के आदेश के तहत सख्त रवैया अपनाते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह ध्वस्तीकरण मील का पत्थर साबित होगा। यह दिखाने के लिए कि कोई भी हो अगर गलत काम करेगा तो अंततः राज्य में योगी सरकार के कार्यकाल में कानून का राज ही रहेगा। श्री अवस्थी ने कहा कि गलत फैसला जो अतीत में किया गया है उसमें गलत करने वालों को योगी सरकार जीरो टालरेंस के तहत कतई बख्शेगी नहीं। उन्होंने कहा कि चाहे जितना बड़ा आदमी हो आम जनजीवन में जीरो टालरेंस की नीति ही अपनाई जाएगी। नोएडा ग्रेटर नोएडा और पूरे प्रदेश में एक संदेश होगा कि अगर कहीं गैरकानूनी कार्य करेंगे तो कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सीईओ नोएडा ने व्यवस्था बनाई है। हर विभाग को जोड़कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। जिन बिल्डिंगों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कराया जाना था, उसे भी करवा लिया गया।

# मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को सरकार प्रतिबद्ध : केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कहा कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सरकार बहुत ही संवेदनशीलता और पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की सरकार की प्रतिबद्धता और संकल्पबद्धता उल्लेख करते हुए कहा कि इसके लिए देश और प्रदेश की सरकार द्वारा महत्वपूर्ण और प्रभावी क़दम उठाए गये हैं। केशव प्रसाद मौर्य आज होटल ताज लखनऊ में फेडरेशन आफ ओबैस्ट्रिक एंड गाइनकोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा मातृ दर में कमी लाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यशाला में प्रसव उपरांत रक्तस्राव होने से बचाव एवं इलाज के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसवोपरांत रक्तस्राव होने से मृत्यु दर कम करने के सम्बन्ध में बचाव एवं इलाज की जानकारी हेतु, जो प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, निश्चित ही सराहनीय है, इससे मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में काफी मदद मिलेगी। कहा कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 01 लाख प्रसव में देश में 103 महिलाओं की मृत्यु हो जाती हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जननी सुरक्षा का कार्यक्रम देश में चलाया गया चलाया जा रहा है, जिसमें लाभार्थियों को रू 6000/-की धनराशि उनके खाते में दिए जाने का प्रावधान है, इससे माताओं और शिशु के पोशाक आहार मिलने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को चिकित्सीय परामर्श किया जाता है। उन्होंने कहा यह उत्साहजनक बात है कि पिछले 10 वर्षों में मातृ मृत्यु दर में 25 प्रतिशत की कमी आई है और इसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सराहना भी की गई है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत भी सरकारी सहायता इस हेतु प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा जिस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसके बहुत ही सार्थक परिणाम निकलेंगे। ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार हमेशा तैयार है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रसवोपरांत रक्तस्राव अधिक मृत्यु दर का प्रमुख कारण है और पीपीएचईएमसी प्रोजेक्ट के तहत अस्पतालों मे पीपीएच रोकने की ट्रेनिंग दी गई, जिसके उत्साहजनक परिणाम निखर कर सामने आए हैं।

इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि, उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट, केजीएमयू लखनऊ, लखनऊ के मेडिकल कॉलेजों के विभागाअध्यक्ष , बीएचयू, अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ अन्य संस्थाओं के जाने-माने प्रतिनिधि व डाक्टरों ने अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। डॉक्टर प्रीति कुमार ने सभी के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया व कहा कि हम सब लोगों के सामूहिक प्रयास से प्रसवोपरान्त रक्तस्राव होने पर मृत्यु दर में कमी लाने में हम सब कामयाब होंगे।



भाजपा मुख्यालय में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आगमन से पहले होती तैयारियां

## मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के अन्तर्गत युवाओं का चयन आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** मिशन रोजगार के अन्तर्गत शिशिक्षु व रोजगार मेला तीन दिन लगातार मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले की जानकारी देते हुए ट्रेनिंग काउसलिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी एमण्एण्खां ने बताया कि 29, 30 और 31 अगस्त 2022 को विभिन्न कम्पनियां आ रही है जो लगभग 01 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार एवं अप्रेटिशिप के लिए चयन करेंगी। प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि कम्पनी द्वारा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियनए मेक्निशिटए टूल एण्ड डाई मेकर, टर्नर, डीजल मैकनिकए रेफ्रिजेरेशन, इन्स्ट्रूमेंट मैकेनिक, इलेक्ट्रानिक्स आदि ट्रेड में आईटीआई पास युवाओँ को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा सिर्फ हाईस्कूल या इण्टर पास युवाओं को भी कम्पनी में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा।

### ड्रग्स माफियाओं पर योगी सरकार का सख्त पहरा

# पहले चरण में बाराबंकी और गाजीपुर जिले में नारकोटिक्स थाना होंगे स्थापित: एमके बशाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ 250 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी लड़ेंगे निर्णायक जंग

**प्रदेशवासियों को** नशे के आगोश में धकेलने वाले अवैध शराब के सौदागर और नार्को माफियाओं पर प्रदेश की योगी सरकार काफी सख्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं ही इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सीएम योगी रोजाना अधिकारियों से अभियान की रिपोर्ट तलब कर उसकी समीक्षा कर रहे हैं। उनके इस एक्शन से नशे के सौदागरों में हड़कंप मच गया है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री के आदेश पर नशे के सौदागरों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है। मुख्यालय स्तर पर एएनटीएफ का प्रभारी पुलिस उप महानिरीक्षक की नियुक्त किया जाएगा। एएनटीएफ कैसे काम करेगी, इसका भी खाका तैयार कर लिया गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एमके बशाल ने बताया कि पहले चरण में बाराबंकी और गाजीपुर में नारकोटिक्स थाना स्थापित किए जाएंगे। वहीं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को पूरे उत्तर प्रदेश में तीन रीजन (वेस्ट, सेंट्रल व ईस्ट) में विभाजित किया गया है। मुख्यालय स्तर पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी पुलिस उप महानिरीक्षक (एएनटीएफ) होंगे, जिनके साथ पुलिस अधीक्षक (एएनटीएफ) ऑपरेशन एवं पुलिस अधीक्षक (एएनटीएफ) मुख्यालय में नियुक्त रहेंगे। मुख्यालय स्तर पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और पुलिस उपाधीक्षक-ऑपरेशन एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय नियुक्त होंगे। तीनों रीजन (वेस्ट, सेंट्रल और ईस्ट) के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक होंगे। वेस्ट रीजन के तहत मेरठ, बरेली, आगरा, सेंट्रल रीजन के तहत लखनऊ, कानपुर तथा ईस्ट रीजन के तहत प्रयागराज, गोरखपुर व वाराणसी जोन आयेंगे। इन जोनल प्रभारियों को आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराये जायेंगे।

नशे के सौदागरों पर कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए एएनटीएफ में अन्य विभाग के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया जाएगा। इसमें राज्य स्तर पर ड्रग कंट्रोल एजेंसियों के ड्रग इंस्पेक्टर, फार्मेसिस्ट, आबकारी विभाग के अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा। इसके साथ केंद्र के विभिन्न विभाग एनसीबी, सीबीएन, डीआरआई आदि से भी अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर लिया जाएगा। वहीं एएनटीएफ के सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत करने के साथ विशेष भत्ता भी दिया जाएगा। इसके साथ एएनटीएफ के मुख्यालय के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस से कुल मैनपॉवर की करीब 60 प्रतिशत मैनपॉवर उपलब्ध कराई जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एमके बशाल ने बताया कि एएनटीएफ के सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 250 से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

इसमें 44 मुख्य आर, 82 आर, 5 उपनिरीक्षक गोपनीय, 10 उपनिरीक्षक लिपिक, 8 सहायक उपनिरीक्षक लिपिक, एक-एक उपनिरीक्षक लेखा और सहायक उपनिरीक्षक, 27 ड्राइवर, 16 कंप्यूटर ऑपरेटर, 32 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 8 ड्रग इंस्पेक्टर और आठ फार्मासिस्ट को नियुक्त किया जाएगा।

# व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कल से हरदोई, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी भ्रमण पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कपिल देव अग्रवाल 30 अगस्त से 02 सितम्बर तक जनपद हरदोईए सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी के भ्रमण पर रहेंगे। भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ओडीओपी के उद्यमियों से संवाद करेंगे। इसके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण करेंगे।

30 अगस्त को अपरान्ह 4.30 से 18.30 बजे तक जनपद हरदोई के विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं ओडीओपी के उद्यमियों से संवाद करेंगे। इसके बाद सायं 06.35 बजे निर्माणधीन मेडिकल कालेज जिला चिकित्सालय के प्रागंण का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सायं 07ण्05 से रात्रि 8 बजे तक विचार परिवार के सदस्यों के साथ भेंट वार्ता करेंगे। 31 अगस्त को पूर्वान्ह 09.10 से 10 बजे तक कौढ़ा विकास खण्ड बावन हरदोई उच्च प्राथमिक विद्यालयए निराश्रित गौ आश्रय स्थल एवं आगंनबाडी केन्द्र का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद पूर्वान्ह 10.10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक विकास भवन सभागार हरदोई में केन्द्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं, कानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 03. बजे से 04. बजे तक निरीक्षण भवनए लोक निर्माण विभागए नैमिषारण्य सीतापुर में पर्यटनए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य धाम के उद्धार के लिए किये गये कार्यों एवं आगे की कार्य योजना पर प्रस्तुतीकरण को देखेंगे। इसके बाद सायं 04.10 बजे माँ ललिता देवीए चक्रतीर्थ एवं हनुमान गढ़ी के दर्शन पूजन करेंगे। सायं 05. बजे निराश्रित गौ आश्रय स्थल वर्मी सीतापुर पहुचेंगे। सायं 06. बजे से रात्रि 8. बजे तक निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग सीतापुर में जनप्रतिनिधियों के साथ भेंट वार्ता करेंगे। रात्रि 8. बजे से 9. बजे तक विचार परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात करेंगे। 01 सितम्बर 2022 को पूर्वान्ह 09.15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व आगनबाड़ी केन्द्र खैराबाद सीतापुर का निरीक्षण करेंगे। पूर्वान्ह 10.05 बजे से 01 बजे तक केन्द्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओंए कानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर मे करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक कचेहरी लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लखीमपुर खीरी में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। सायं 05.30 बजे सुन्दरवल के आगे कोरारा गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। सायं 06.30 बजे से 07.30 बजे तक लखीमपुर से दुधवा राष्ट्रीय पार्क तक के मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य का निरीक्षण करेंगे। 02 सितम्बर 2022 को पूर्वान्ह 09.30 बजे मलिन बस्ती सुभाष नगर नगर पालिका पलिया का निरीक्षण करेंगे। पूर्वान्ह 10.30 बजे धुसकिया गांव में चौपाल मे प्रतिभाग करेंगे एवं बालिका आश्रय पद्धति विद्यालय चन्दन चौकी का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मध्यान्ह 12 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक परियोजना जनजाति विकास कार्यालय में ओडीओपी के उत्पाद के स्टाल का अवलोकन एवं उद्यमियों से संवाद करेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अगस्त, 2022



पुरानी पेंशन को लेकर सीतापुर में फिर भरी हुंकार!

# पुरानी पेंशन बहाल करो सरकार, वरना लड़ाई आरपार



● अटेवां पेंशन बचाओं के बैनर तले पेंशन बहाली के लगाए गए नारे

● आरएपी इंटर कॉलेज में हुई संगठन के पदाधिकारियों ने की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**पुरानी पेंशन** हमारी लेकर रहेगें, बहाल करो-बहाल करो, पुरानी पेंशन बहाल करो' के नारे शहर में उस समय लगने शुरू हुए जब बीते कई सालों से अपनी पुरानी पेंशन बहाल कराए जाने को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे शिक्षकों की पेंशन बहाल नहीं हो सकी तो वह रविवार को फिर से आंदोलन के मूड़ में आए हुए दिखाई दिए, इसी लेकर आरएमपी इंटर कॉलेज में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें 'अटेवा पेंशन बचाओं' संघ के बैनर तले पेंशन बहाल किए जाने को लेकर खूब नारे बाजी की और कार्यक्रम में पहुंचे पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे। अटेवा पेंशन बचाओं के बैनर तले इस बैठक मे मुख्य अतिथि ओमप्रकाश कनौजिया, मंडल जोन प्रभारी अवध क्षेत्र विशिष्ट अतिथि डा. आशीष वर्मा, मंडल अध्यक्ष लखनऊ विशिष्ट अतिथि राजेश यादव राष्ट्रीय मीडिया प्रदेश मीडिया, अवनीश कुमार संयोजक, संघप्रिय गौतम, मो. आरिफ जिला महामंत्री, आर.के. अहिरवार कोषाध्यक्ष, कपिल राठौर, अंकुर गुप्ता, दीप वर्मा, पुनीत दीक्षित, अरविन्द यादव, विनय हंस, मनोज वर्मा, एसपी सिंह, आलोक वर्मा आजाद, जीतू, अंजनी शुक्ला, पंकज शुक्ला, दीपक शुक्ला, खुशीराम, प्रमोद चौरसिया सहि तमाम कर्मचारी मौजूद रहे। आपको बता दें कि इसमें पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग, श्रम विभाग सहित कई विभागों के कर्मचारी इसमें शामिल थे।

# सेक्रेड हार्ड इंटर कॉलेज में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

● कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ईओ वैभव त्रिपाठी

● कोई सुभाष चन्द्र बोष तो कोई बनी रानी लक्ष्मी बाई

संवाददाता। सीतापुर

**वीओ-सेक्रेड** हार्ड इंटर कॉलेज में फैंसी डेऊस प्रतियोगिता में बच्चों ने धमाल मचा दिया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने बढ़चढ़कर डेऊस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें बच्चों ने विभिन्न रूपों में नजर आए कोई सुभाष चन्द्र बोष तो कोई रानी लक्ष्मी बाई के रूप में दिखाई दिए। कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी वैभव त्रिपाठी रहे व विशिष्ट अतिथि विद्यालय के फादर रहे। बच्चों ने अपने अभिनय का प्रदर्शन किया तो उनके अभिभावको ने उन्हें स्टेज तक लाकर उनका उत्साह भी बढ़ाया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को शिक्षक पीयूष श्रीवास्तव ने चॉकलेट भी वितरित की।






# परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया बकाया वसूली अभियान

संवाददाता। सीतापुर



**परिवहन विभाग** द्वारा यातायात पुलिस के समन्वय से बकाया वसूली को लेकर नगर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 56 ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम दल डा. उदित नारायण ने बताया कि जनपद में ई-रिक्शा वाहनों पर बकाया देय है, बड़ी संख्या में ई-रिक्शा बिना कर भुगतान के संचालित किये जा रहे है। ऐसे वाहनों के विरूद्ध शासन स्तर से कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं जिसके अनुपालन में रविवार को अभियान चलाकर यह कार्यवाही की गयी। उन्होने बताया कि चालको को ओटीएस योजना की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त एआरटीओ कार्यालय में ई-रिक्शा डीलरो के साथ एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एआरटीओ (प्रशासन) ने डीलरो को निर्देश देते हुए कहा कि बिना पंजीयन कराये कोई भी ई-रिक्शा वाहन का विक्रय न करें जिन वाहनों पर बकाया कर देय है उनके लिये षासन स्तर द्वारा ओटीएस योजना वर्तमान में संचालित है। 01.04.2020 तक पंजीकृत सभी वाहन 26.09.2022 तक अपना रजिस्ट्रेशन कराकर मार्गकर पर लगी पूरी पेनाल्टी माफकी जा रही है। अब तक 250 से अधिक वाहन स्वामियों ने 54 लाख से अधिक की पेनाल्टी माफ करायी है। बैठक में एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वितीय दल संजय कुमार गुप्ता, यातायात निरीक्षक फरीद अहमद के अतिरिक्त ई-रिक्शा के प्रमुख डीलर उपस्थित रहे।

# लकड़ी लदी चार ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियो को एसडीएम ने किया सीज

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**बीती रात** उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र ने लकड़ी लदी चार ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली को किया सीज। बताते चलें नगर के मुख्य द्वार पर बीती रात उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र ने बिसवां व सीतापुर मार्ग से आम व यूकेलिप्टस की ओवरलोड 4 ट्रैक्टर ट्रालियो को बारी बारी से पकड़ कर कोतवाली भेजने का काम किया। एसडीएम की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से लकड़ी व्यवसायियों में हड़कंप मच गया सबसे ज्यादा परेशान वह लोग दिखे जो लोग इन लकड़ी व्यापारियों से ओवरलोडिंग के नाम पर अवैध वसूली करते थे और पुलिस तक पहुंचाते थे। गौरतलब है कि लहरपुर अवैध लकड़ी व्यापार के लिए पूरे जनपद में जाना जाता है यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन आधा सैकड़ा से अधिक ओवरलोड छूट प्रजाति की तथा प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लहरपुर सहित सकरन, हरगांव, तंबौर, तालगांव क्षेत्रों से आती हैं और लहरपुर के दो प्रमुख प्लॉटों पर गिराई जाती हैं।जबकि ओवरलोड वाहनों को पकड़ने तथा उन पर विधिक कार्यवाही करने का अधिकार आरटीओ, पुलिस क्षेत्राधिकारी व उप जिलाधिकारी का होता है अचानक बीती रात उप जिलाधिकारी द्वारा ताबड़तोड़ 4 लकड़ी लदी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली पर कार्रवाई कर देना सवालिया निशान जरूर खड़ा करता है। इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कोई भी ओवर लोड वाहन उन्हें दिखेगा तो वह सीज करने की कार्रवाई निश्चित रूप से करेंगे। उन्होंने कहा की ओवरलोडिंग के विषय पर वह पुलिस क्षेत्राधिकारी व आरटीओ से विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे और एक कारगर रणनीति तैयार करेंगे।

# मृत बंदर की स्मृति में लगातार पांचवें साल विशाल भंडारे का आयोजन

**ऊंचाहार।** मृत बंदर की स्मृति में लगातार पांचवें साल विशाल भंडारे का आयोजन रामसांडा गांव के ग्रामीणों ने किया है। इस भंडारे में एसडीएम ने भी पहुंचकर भंडारी का शुभारंभ करते हुए श्रद्धालुओं के साथ भागीदारी की है। ज्ञात हो कि 27 अगस्त ए2018 को रामसांडा गांव के पास एक वयोवृद्ध बंदर विचरण कर रहा था। इसी दौरान कुछ एक दर्जन से अधिक जंगली कुत्तों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया था। ग्रामीणों ने बंदर को कुत्तों से बचाकर उसकी दवा इलाज कराई। लेकिन फिर भी उसे बचा नहीं सके। जिसके बाद ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान अखिलेश मौर्य की अगुवाई में पूरी रीति रिवाज के अनुसार बाबा की कुटी हनुमान मंदिर प्रांगण में उसका अंतिम संस्कार किया। उसके बाद ग्रामीणों ने पास के बाबा की कुटी के पास मृत बंदर की समाधि बना दी गई। जिस पर ग्रामीणों द्वारा हनुमान जी के प्रतिमा के साथ सुबह शाम पूजा पाठ किया जाता है। लोगों का मानना है कि यहां पर मनौती की गई इच्छा की पूर्ति होती है। यहां हर बार 27 अगस्त को विशाल भंडारे के साथ श्रद्धालुओं का मेला लगता है। तथा ग्रामीणों द्वारा बंदर की स्मृति में प्रतिवर्ष भंडारे विशाल भंडारे का आयोजित होता है। शनिवार को पांचवें साल भी विशाल भंडारे आयोजित किया गया। जिसमे एसडीएम आशीष कुमार मिश्र भी पहुंचे थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से अखिलेश मौर्यतेज बहादुर सिंहए महेंद्र कुमार समरजीत सिंह अमित सिंहए राजाराम चौरसिया वीरेंद्र सिंह धरमू प्रजापति शिव प्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लगेगा रक्तदान शिविर

**सीतापुर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सीतापुर द्वारा जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है जिसको लेकर आज भाजपा मुख्यालय सीतापुर में जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र द्वारा युवा मोर्चा पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा भी उपस्थित रहे। भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक पाण्डेय ने बताया कि जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन ने युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा सीतापुर जिला का युवा मोर्चा हमेशा प्रत्येक अभियानों में प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान पर रहा है उसी प्रकार आप सभी जिला पदाधिकारीगण रक्तदान अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और इस अभियान को सफल बनाएं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र ने युवा मोर्चा के सभी जिला व मण्डल के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के बारे में पूर्ण जानकारी दी व सभी के लक्ष्य निर्धारित कर उनको उसे पूर्ण करने का संकल्प लिया। बैठक में भाजयुमो जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, तरुण शुक्ला व अन्य जिला पदाधिकारियों में वैभव सिंह, ज्ञानेश शुक्ला, राम प्रताप सिंह, अंकुल तिवारी, कामेश शुक्ला, नमन वर्मा, जयपाल शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, राजा शुक्ला, अखिलेश शर्मा, दीपक मिश्रा व समस्त मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नेहा उपाध्याय पुरस्कृत

● लखनऊ के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

संवाददाता। निघासन-खीरी



**कला, क्राफ्ट,** पपेट्री का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के विषय के संबंध में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया गया। जिसमें निघासन ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलापुरवा की सहायक अध्यापिका नेहा उपाध्याय ने पुरस्कार पाकर जिले का नाम रोशन किया है।यह कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में हुआ। टीएलएम में बिना खर्च के सहायक सामग्री को तैयार करना और उसे विधा के साथ पढ़ाने के तरीके को प्रदेश स्तरीय निर्णायक मंडल के द्वारा सराहा गया। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में लखीमपुर जिले के निघासन ब्लॉक की शिक्षिका नेहा उपाध्याय भी शामिल हुई। नेहा ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन राउंड में कराई गई थी। प्रथम राउंड में यह प्रतियोगिता जिले के डाइट में हुई थी। और वह वहां से चयनित प्रतिभागियों को दूसरे राउंड में चयन आनलाइन माध्यम से किया गया। चयनित प्रतिभागियों को एससीईआरटी बुलाया गया। और निर्णायक मंडल के समक्ष तीसरे राउंड का प्रस्तुतीकरण हुआ। तीसरे फाइनल राउंड में उच्च प्राथमिक स्तर के गणितए विज्ञानए सामाजिक विज्ञान विषय के लिए प्रतिभागियों का अंतिम चयन किया गया। जिसमे सामाजिक विषय के लिए लखीमपुर खीरी के निघासन ब्लॉक के कोलापुरवा में तैनात सहायक अध्यापिका नेहा का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अंतर्जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता का समापन

**लखीमपुर-खीरी।** 26-27 अगस्त तक पुलिस लाइन जनपद बाराबंकी में आयोजित लखनऊ जोन की 27वीं पुलिस अंतर्जनपदीय खेल (कुश्ती, कबड्डी, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, आर्म रेसलिंग, बॉडीबिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग) प्रतियोगिता-2022 का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के जनपद खीरी, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई, अमेठी, सुलतानपुर, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, अयोध्या एवं लखनऊ कमिश्नरेट कुल 11 टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सम्मिलित विभिन्न जनपदों के प्रतिभागियों ने अपने कौशल एवं बेहतर खेल का प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। जिसमें जनपद खीरी की महिला कबड्डी एवं आर्म रेसलिंग टीम बड़े उत्साह एवं मनोयोग से बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करके विजेता रही एवं विजेता का शील्ड प्राप्त किया तथा जनपद खीरी पुलिस का मान बढ़ाया गया।

# बच्चों के साथ ईई ने मनाया जन्मदिन

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**बिजली विभाग** के अधिशासी अभियंता ने अपना जन्मदिन ब्लाक निघासन के ग्राम पंचायत लालापुर के प्राथमिक विद्यालय सेकेंड के बच्चों के साथ मनाया। इस दौरान विद्यालय को पंखा व लाइट देकर बच्चों को अच्छे से पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार ने अपना जन्मदिन ब्लाक निघासन के ग्राम पंचायत लालापुर के प्राथमिक विद्यालय लालापुर सेकेंड में बच्चों के साथ मनाया इस दौरान अधिशासी अभियंता ने सुबह बिजली मिस्त्री को भेजकर स्कूल में आठ पंखे व आठ लाइट कमरो में लगवाई व बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया।

मौके पर पहुचे अधिशासी अभियंता का स्कूल की प्रधानाध्यापक ममता वर्मा ने तिलक लगाकर स्वागत किया अधिशासी अभियंता ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा व बच्चों को चॉकलेट बाटी वहाँ पर मौजूद बिजली विभाग के अधिकारीए क्रमचारियो व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपना जन्मदिन व मैरिज एनिवर्सरी हमेशा इसी प्रकार से जहां जाते हैं वहा बच्चो के साथ मनाते हैं जिससे बच्चो में पढ़ने के लिए लगन व मेहनत करने का हौसला बढ़ता है और वहा मौजूद लोगों को भी इसी तरह आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी सिंगाही एस के रावत उपखंड अधिकारी निघासन विकास यादव, अवर अभियंता राजेश गौतम, टीजीटू आलोक वर्मा, संदीप पांडे, उदय प्रताप, रहमतुल्ला शिक्षा मित्र रामगोपाल, डा. संजय वर्मा, रामसुमेर, मनीराम व राकेश वर्मा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पसगवां व थाना रामचंद्र मिशन जनपद शाहजहांपुर की संयुक्त टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 नफर अभियुक्तों आशीष गुप्ता उर्फ शाखा, सर्वजीत, निखिल व अनूप उर्फ माया प्रकाश को एक मिनी ट्रक (जिसमें लोहा कबाड़ भरा हुआ) सहित हिन्तुस्तान ढाबे के पास शाहजहांपुर बरेली हाईवे बहद थाना रामचंद्र मिशन जनपद शाहजहांपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में पसगवां व शाहजहांपुर की पुलिस शामिल थी।

# पेज एक का शेष

## छतों से...

पर सैकड़ों कैमरे लगाए गए थे, जिनमें बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी तैनात थे। आम लोग भी सोसाइटी की छतों और बालकनी आदि से वीडियो बना रहे थे। ट्विन टॉवर के पास से गुजर रहीं सड़कों पर मेले जैसा नजारा था। कई लोग गुब्बारे बेच रहे थे, तो कई रेहड़ी-पटरी पर सामान सजाकर बैठे थे। दूरदराज से आए लोगों इन लोगों से सामान खरीद कर खाते-पीते ट्विन टॉवर गिरने की घड़ियां गिन रहे थे। इतवार का दिन होने की वजह से भारी भीड़ जमा हो गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट...

हजार टन मलबा हटाने में करीब तीन महीने का समय लगेगा। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 31 अगस्त 2021 में ट्विन टावर ्को गिराने का आदेश दिया था। न्यायालय ने कहा था कि जिले के अधिकारियों की सांठगांठ के साथ भवन नियमों का उल्लंघन किया गया। शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि अवैध निर्माण से कठोरता से निपटने की जरूरत है ताकि कानून का शासन का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। मुंबई की एडिफिस इंजीनियरिंग को 28 अगस्त को ट्विन टावर को गिराने का कार्य सौंपा गया था। कंपनी ने इस जोखिम भरे कार्य के लिए दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन्स के साथ एक करार किया था। शीर्ष न्यायालय द्वारा सीबीआरआई को परियोजना के लिए तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया था। एडिफिस इंजीनियरिंग और जेट डिमॉलिशन्स ने इससे पहले 2020 में कोच्चि (केरल) स्थित मराडू कॉम्प्लेक्स को ढहाया था, जिसमें 18 से 20 मंजिलों वाले चार आवासीय भवन थे। वर्ष 2019 में जेट डिमॉलिशन्स ने जोहानिसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) में बैंक ऑफ लिस्बन की 108 मीटर ऊंची इमारत को ढहाया था।

## कांग्रेस अध्यक्ष...

अक्टूबर को की जाएगी। पार्टी के महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण ने चुनाव कार्यक्रम तैयार किया था, जिसे कार्य समिति ने मंजूरी दी। सीडब्ल्यूसी की ऑनलाइन बैठक दोपहर साढ़े तीन बजे सोनिया गांधी की अध्यक्षता में शुरू हुई, जो चिकित्सा जांच के लिए विदेश में हैं। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी सोनिया के साथ मौजूद रहे। बैठक में आनंद शर्मा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री, केसी वेणुगोपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, मुकुल वासनिक और पी. चिदंबरम के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहे। सीडब्ल्यूसी ने पिछले साल जिस कार्यक्रम को मंजूरी दी थी, उसके मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच पूरी की जानी थी। राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी पार्टी की कमान संभाल रही हैं।

## गुजरात को...

बाबासाहेब आम्बेडकर सम्मेलन केंद्र, अंजार में वीर बाल स्मारक और नखत्राणा में भुज 2 उपस्टेशन शामिल है। मोदी ने कहा, गुजरात एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं से निपट रहा था तब गुजरात को देश और दुनिया में बदनाम करने की साजिशें रची गईं। गुजरात आने वाले निवेश को रोकने के लिए बार-बार प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि गुजरात ने उसे बदनाम करने वाले सभी प्रयासों को नज़रअंदाज किया, साजिशों को नाकाम किया और राज्य प्रगति के नए पथ पर आगे बढ़ा। प्रधानमंत्री ने कहा, 2001 में कच्छ के विनाशकारी भूकंप के बाद मैंने कच्छ के पुनर्विकास के बारे में बात की थी और हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी। उस चुनौतीपूर्ण समय में हमने कहा था कि हम आपदा को अवसर में बदलेंगे और हमने इसे हासिल किया। आज हम परिणाम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग ऐसे थे, जिन्होंने कहा था कि कच्छ भूकंप से उबर नहीं पाएगा, लेकिन लोगों ने परिदृश्य बदल दिया है। मोदी ने कहा, जब मैं लालकिले की प्राचीर से कहता हूं कि 2047 तक भारत विकसित देश होगा, मैं यह साफ तौर पर देख सकता हूं। हालांकि आप कुछ कमियां देख सकते हैं। हम आज जिसका संकल्प लेते हैं, उसे हम 2047 में निश्चित रूप से साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात देश में ऐसा पहले राज्य बना जिसने आपदा प्रबंधन कानून बनाया। उन्होंने कहा, इस कानून से प्रेरणा लेकर पूरे देश के लिए ऐसा ही एक कानून बना। इस कानून ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश में हर सरकार की मदद की। कच्छ में मई 2001 में मची तबाही के बाद किए गए असाधारण कामों को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा कि 2003 में क्रांतिगुरु श्यामजी कृष्ण वर्मा कच्छ विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी और 35 से ज्यादा नए कॉलेजों की स्थापना भी की गई है। उन्होंने भूकंपरोधी जिला अस्पतालों और क्षेत्र में 200 से अधिक क्लीनिक के बारे में भी बात की और कहा कि हर घर को पवित्र नर्मादा का साफ पानी मिलता है। भूकंप के बाद क्षेत्र के विकास के बारे में बोलते हुए मोदी ने कहा कि कच्छ में आज दुनिया के सबसे बड़े सीमेंट संयंत्र हैं। वेल्डिंग पाइप निर्माण के मामले में यह दुनिया में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा संयंत्र कच्छ में है। एशिया का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईज़ेड) कच्छ में बना। मोदी ने कहा, हमारी विरासत में गौरव के पंच प्रण में से एक को याद किया जिसे उन्होंने लालकिले की प्राचीर से घोषित किया था। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने कच्छ की समृद्धि और समृद्ध विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भुज में स्मृति वन स्मारक और अंजार में वीर बाल स्मारक कच्छ, गुजरात और पूरे देश के साझा दर्द के प्रतीक हैं। मोदी ने इन दोनों स्मारकों का उद्घाटन किया था जो 2001 के कच्छ भूकंप के लगभग 13,000 पीड़ितों को समर्पित हैं। मोदी ने कहा, स्मारक का उद्घाटन करते समय आज मेरे दिल में कई भावनाएं उमड़ पड़ीं। मैं पूरी विनम्रता के साथ कह सकता हूं कि दिवंगत आत्माओं की याद में स्मृति वन स्मारक अमेरिका में 9।11 स्मारक और जापान में हिरोशिमा स्मारक के समान है। मोदी ने कहा कि उन्हें याद है कि जब कच्छ में भूकंप आया था तो वह दूसरे दिन ही यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा, मैं तब गुजरात का मुख्यमंत्री नहीं था, मैं एक साधारण भाजपा पार्टी कार्यकर्ता था। मुझे नहीं पता था कि मैं किस तरह से और कितने लोगों की मदद कर पाऊंगा। लेकिन मैंने निश्चय किया था कि दुख की इस घड़ी में मैं आप सभी के बीच रहूंगा। और जब मैं मुख्यमंत्री बना तो इस सेवा के अनुभव ने मेरी बहुत मदद की।

## फोगाट मामला...

की जांच सीबीआई से कराई जाए। गोवा के मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे इसमें कोई परेशानी नहीं है। आज सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद यदि आवश्यक हुआ, तो इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया जाएगा। सावंत ने यह भी कहा कि गोवा पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वहीं फोगाट की कथित हत्या के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को रविवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने गोवा में कर्लीज रेस्तरां के मालिक एडविन न्यून्स और मादक पदार्थों के तस्करों दत्ताप्रसाद गांवकर और रमाकांत मांडरेकर को पणजी में अदालत के समक्ष पेश किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि न्यून्स ने जमानत याचिका भी दायर की थी, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। पूर्व टिकटॉक स्टार और रियल्टी शो बिग बॉस की प्रतिभागी फोगाट (43) की 23 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह इससे एक दिन पहले ही गोवा पहुंची थीं। एक अधिकारी ने इससे पहले बताया कि शनिवार रात उत्तर गोवा जिले की अंजुना पुलिस ने मादक पदार्थ के तस्कर रमा उर्फ रमादास मांडरेकर को एक अन्य तस्कर दत्ताप्रसाद गांवकर को कथित तौर पर मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गांवकर पहले से ही इस मामले में हिरासत में है। इस मामले में पुलिस ने फोगाट के सहयोगियों सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह को भी गिरफ्तार किया है। ये दोनो फोगाट के साथ गोवा आए थे।

## हत्या के मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज 28 अगस्त को थाना पसगवां पुलिस द्वारा हत्या की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों कुबेर पुत्र स्व. तोताराम व अनिल पुत्र जयराम निवासी मोहल्ला रोशननगर, कस्बा बरवर थाना पसगवां को आलाकत्ल हसिया व अपाचे मोटर साइकिल सहित छोहा पुलिया कस्बा बरवर से गिरफ्तार किया गया।

# प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण, कुपोषण को लेकर जागरूकता पर दिया जोर

## ● मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेट विस्तार को किया रेखांकित

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कुपोषण के खिलाफ जंग और जल संरक्षण को लेकर सामाजिक जागरूकता के महत्व पर बल दिया और कहा कि इंटरनेट सेवाओं के विस्तार से दूर-सुदूर क्षेत्रों, खासकर पूर्वोत्तर में ना सिर्फ एक नया सूर्योदय हुआ है बल्कि देश में डिजिटल उद्यमियों की संख्या भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 92वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए यह भी कहा कि जिस तरह स्वच्छता और टीकाकरण अभियान के दौरान देश की सामूहिक शक्ति की भावना दिखी, उसी प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाए गए तिरंगा अभियान में भी लोगों में देशभक्ति की अमृत धारा नजर आई। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जल संरक्षण की दिशा में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों और कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती देने का भी आह्वान किया।

तिरंगा अभियान के तहत देशभर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का विस्तार से वर्णन करते हुए मोदी ने कहा, हमने स्वच्छता अभियान और टीकाकरण अभियान में भी देश की भावना को देखा था। अमृत महोत्सव में हमें फिर देशभक्ति का वैसा ही जज्बा देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सैनिकों ने जहां पहाड़ की ऊंची-ऊंची चोटियों पर, देश की सीमाओं पर और बीच समंदर में तिरंगा फहराया, वहीं लोगों ने तिरंगा अभियान के लिए अलग-अलग नवाचार वाले विचार प्रस्तुत किए। मोदी ने कहा, इतना बड़ा देश, इतनी विविधताएं, लेकिन बात जब तिरंगा फहराने की आई तो हर कोई एक ही भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। तिरंगे के गौरव के प्रथम प्रहरी बनकर लोग खुद आगे आए।

पहले गांवों में बिजली पहुंचने पर लोग खुश होते थे, लेकिन नए भारत में गांवों में अब वैसी खुशी इंटरनेट की 4जी सेवाएं पहुंचने में होती है। मोदी ने कहा कि जो सुविधाएं कभी बड़े शहरों में हुआ करती थीं, डिजिटल इंडिया ने उन्हें गांव-गांव में पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में जोरसिंग गांव में 4जी सेवाएं पहुंचने का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पिछले दिनों हुआ यह बदलाव ऐसा था, जिसका लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, जैसे, पहले कभी गांव में बिजली पहुंचने पर लोग खुश होते थे, अब नए भारत में वैसी ही खुशी 4जी पहुंचने पर होती है। अरुणाचल और पूर्वोत्तर भारत के दूर-सुदूर इलाकों में 4जी के तौर पर एक नया सूर्योदय हुआ है। इंटरनेट संपर्क एक नया सवेरा लेकर आया है। जो सुविधाएं कभी सिर्फ बड़े शहरों में होती थीं, वह डिजिटल इंडिया ने गांवगांव में पहुंचा दी हैं। इस वजह से देश में नए डिजिटल उद्यमी पैदा हो रहे हैं।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अजमेर जिले में कपड़ों की सिलाई करने वाले सेठा सिंह रावत द्वारा चलाए जा रहे दर्जी ऑनलाइन की कहानी सुनाई कि कैसे कोविड काल में उन्होंने इंटरनेट की मदद से आपदा को अवसर में बदला। उन्होंने कहा, आज डिजिटल इंडिया की ताकत से सेठा सिंह का काम इतना बढ़ चुका है कि अब उन्हें पूरे देश से आर्डर मिलते हैं। सैकड़ों महिलाओं को उन्होंने अपने यहां रोजगार दे रखा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे डिजिटल इंडिया ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में रहने वाले ओम प्रकाश सिंह को भी डिजिटल उद्यमी बना दिया। कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना से ओम प्रकाश का काम अब इतना बढ़ गया है कि उनके यहां 20 से ज्यादा लोग नौकरी कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, कॉमन सर्विस सेंटर की तरह ही सरकार के जीईएम पोर्टल पर भी ऐसी कितनी ही सफलता की कहानियां देखने को मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंटरनेट ने इसी प्रकार युवाओं की पढ़ाई और उनके सीखने के तौर-तरीकों को बदल दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के उन्नाव की रहने वाली गुड़िया सिंह की कहानी सुनाई कि कैसे ससुराल में उसने भारतनेट की मदद से अपनी पढ़ाई से जुड़ी चिंताओं का समाधान किया। गांव-गांव में ऐसे कितने ही जीवन डिजिटल इंडिया अभियान से नई शक्ति पा रहे हैं।

उन्होंने देशवासियों से इस प्रकार की सफलता की कहानियां सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक स्वराज का जिक्र किया। साथ ही देशवासियों से आग्रह किया कि वे आजादी के आंदोलन में हिस्सा लेने वाले गुमनाम नायक-नायिकाओं की कहानी बच्चों को जरूर दिखाएं।

प्रधानमंत्री ने जल को मानवता का परम मित्र और जीवनदायिनी बताया। जल से ही अन्न उत्पन्न होता है और फिर उससे ही सभी का हित होता है। अमृत सरोवर सहित जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आज अमृत सरोवर का निर्माण एक जन-आंदोलन बन गया है। मेरा आप सभी से और खासकर युवा साथियों से आग्रह है कि आप अमृत सरोवर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जल संचय व संरक्षण के इन प्रयासों को पूरी ताकत दें। उन्हें आगे बढ़ाएं। मोदी ने कहा कि अमृत सरोवर अभियान आज की अनेक समस्याओं का समाधान तो करता ही है, साथ ही यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही आवश्यक है। इस अभियान के तहत कई जगहों पर पुराने जलाशयों का कायाकल्प भी किया जा रहा है। कुपोषण के खिलाफ देश में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि आप आने वाले पोषण माह में कुपोषण को दूर करने के प्रयासों में जरूर हिस्सा लें। सामाजिक जागरूकता के प्रयास कुपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्एक वर्ष एक से 30 सितंबर के बीच मनाए जाने वाले पोषण माह का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सितंबर का महीना त्योहारों के साथ-साथ पोषण से जुड़े अभियान के लिए समर्पित है। कुपोषण से लड़ाई के लिए देशभर में अनेक रचनात्मक और विविधतापूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं और तकनीक का बेहतर उपयोग और जनभागीदारी पोषण अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

# ताज मोहिउद्दीन ने कांग्रेस छोड़ी आजाद खेमे में शामिल

**श्रीनगर।** कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई को रविवार को एक और झटका लगा जब उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन ने पार्टी छोड़ दी और गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाले मोर्चे में शामिल हो गए। हालांकि, मोहिउद्दीन ने साफ किया कि आजाद के नेतृत्व वाला समूह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कोई समझौता नहीं करेगा लेकिन नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी के साथ गठबंधन करेगा। मोहिउद्दीन ने यहां प्रेस वार्ता में बताया, आज, मैंने कांग्रेस अध्यक्ष और महासचिव और अन्य को पत्र लिख कर कहा कि मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता सहित उन सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं जो मेरे पास थे। उन्होंने कहा कि वह आजाद के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होंगे।

पूर्व मंत्री ने कहा कि आजाद नीत पार्टी का भाजपा से कोई संबंध नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके रिश्ते निजी हैं न कि राजनीतिक। मोहिउद्दीन ने कहा, आजाद के मोदी के साथ संबंध का मतलब यह नहीं है कि वे राजनीतिक संबंध हैं... कुछ लोगों का आरोप है कि उनके भाजपा के साथ कुछ रिश्ते हैं। व्यक्तिगत संबंध और राजनीतिक संबंध हमेशा अलग होते हैं। वे दो बार संसदीय कार्य मंत्री रहे और उस समय विपक्ष के साथ उनके अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारा भाजपा से कोई रिश्ता नहीं है और मैं अल्लाह की कसम खाता हूं। हम धर्मनिरपेक्ष हैं और किसी भी तरह से गैर-धर्मनिरपेक्ष पार्टी के साथ कोई संबंध नहीं रख सकते हैं। उरी के पूर्व विधायक ने कहा कि अगर चुनाव के बाद गठबंधन की जरूरत पड़ी तो वे नेशनल कॉन्फ्रेंस या पीडीपी के साथ गठबंधन करेंगे। उनके घोषणापत्र में चार अगस्त 2019 की स्थिति को बहाल करने का जिक्र होगा जब जम्मू-कश्मीर पूर्ण राज्य था और संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत उसकी विशेष स्थिति थी।



मुंबई में गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारी के लिए गणेश प्रतिमा का ले जाते हुए भक्त

# राजनाथ ने घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने लिए नई सकारात्मक सूची को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने ऐसे 780 पुर्जों और उपतंत्रों की एक नई सूची को मंजूरी दी है जिन्हें आयात पर रोक लगने के बाद केवल घरेलू उद्योगों से ही खरीदा जाएगा। यह तीसरी ऐसी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची है, जिसमें विभिन्न सैन्य विभागों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पुर्जे, उपकरण और हथियार शामिल हैं और इसका लक्ष्य रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किए जा रहे आयात में कमी लाना है। रक्षा मंत्रालय ने इन पुर्जों के आयात पर रोक के लिए दिसंबर 2023 से दिसंबर 2028 तक की समयसीमा निर्धारित की है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सिंह ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 780 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट्स (एलआरयू), उपतंत्रों अथवा पुर्जों की तीसरी सूची को एक निश्चित समयसीमा के साथ मंजूरी दी है, जिसके बाद उन्हें केवल घरेलू उद्योगों से ही खरीदा जाएगा। इससे पहले दिसंबर 2021 और मार्च 2022 में ऐसी ही दो सूची जारी की जा चुकी हैं।

मंत्रालय ने कहा, इन वस्तुओं का स्वदेशी मेक (निर्माण) श्रेणी के तहत विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा। मेक श्रेणी का लक्ष्य रक्षा क्षेत्र के विनिर्माण में भारतीय उद्योगों की भागीदारी बढ़ाकर आत्मनिर्भर होना है।



बयान में कहा गया, इसमें साजो-सामान का डिजाइन तैयार करना और उन्हें विकसित करना आदि शामिल है...। इसमें कहा गया कि घरेलू स्तर पर इन सामरिक वस्तुओं का उत्पादन देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और डीपीएसयू की आयात पर निर्भरता को कम करेगा। डीपीएसयू शीघ्र ही एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट और रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल लाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों से सरकार ने घरेलू स्तर पर रक्षा उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

# एकतरफा प्यार में मुस्लिम युवक ने युवती को जिंदा जलाया, मौत

**दुमका, रांची।** झारखंड के दुमका में मंगलवार को शाहरुख नामक एक युवक ने एकतरफा प्यार में असफल होने पर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 19 साल की युवती को जिंदा जला दिया जिससे उसकी मौत हो गई। दुमका के पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा ने पीटीआईभाषा को बताया कि रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान रविवार तड़के ढाई बजे युवती की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद युवती अंकिता का शव दुमका लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवती के जेरुवाडीह मोहल्ले स्थित घर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। गौरतलब है कि 23 अगस्त को अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले शाहरुख ने एकतरफा प्यार में असफल होने पर पड़ोस के व्यवसाई संजीव सिंह की 19 वर्षीय बेटी अंकिता पर देर रात सोते समय खिड़की से पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी थी, जिसमें वह 90 प्रतिशत जल गई थी। घटना से क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव व्याप्त हो गया है और बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आज दुमका बाजार में बंद रखा और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शाहरुख के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद अंकिता को रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां कार्यपालक दंडाधिकारी चन्द्रदीप सिंह ने उसका बयान दर्ज किया, जिसे अब पीड़िता का मृत्यु पूर्व अंतिम बयान मान लिया गया है। पुलिस ने बताया कि शाहरुख पिछले कुछ समय से अंकिता को परेशान कर रहा था और जब वह प्रेम संबंध रखने को राजी नहीं हुई तो आरोपी ने धमकी दी थी, अगर मेरा कहा नहीं मानेगी तो तुम्हें मार डालूँगा। पुलिस ने आरोपी युवक शाहरुख को गिरफ्तार कर मंगलवार को ही न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।



अगरतला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से हवाई अड्डा पर बुके देकर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा स्वागत करते हुए।

## वैष्णो देवी मंदिर में भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए नवंबर तक तैयार होगा स्काईवॉक

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने तीर्थयात्रियों की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान पत्र (आरएफआईडी) पेश करने के बाद अब बहुप्रतीक्षित स्काईवॉक पर काम शुरू कर दिया है। स्काईवाक , मनोकामना भवन क्षेत्र के नजदीक श्रद्धालुओं के आने-जाने को पृथक करने में मदद करेगा। लगभग 9.89 करोड़ रुपए की लागत से 200 मीटर लंबे और 2.5 मीटर चौड़े स्काईवॉक का काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है, ताकि तीर्थयात्रियों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग से 20 फीट ऊपर स्काईवॉक की सुविधा मनोकामना भवन और गेट नंबर-3 के बीच विभिन्न दिशाओं से होने वाली यात्रा के कारण पेश आने वाली समस्या व अव्यवस्था को दूर करने में मदद करेगी। इस स्थान पर नए साल के दिन भगदड़ मचने की घटना में 12 लोगों की मौत हो गई थी।

# सरकार का लक्ष्य छह साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक जांच को अनिवार्य करना: शाह

**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने दोषसिद्धि दर को विकसित देशों से भी अधिक करने और आपराधिक न्याय प्रणाली को फोरेंसिक विज्ञान जांच से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विवि (एनएफएसयू), गांधीनगर के प्रथम दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य छह साल से अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच को अनिवार्य व कानूनी बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के सभी जिलों में फोरेंसिक जांच सुविधा उपलब्ध कराएगी और यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार किया जाएगा कि जांच की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता बनी रहे।

शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम में बदलाव करने जा रही है, क्योंकि किसी ने भी स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इन कानूनों को भारतीय परिप्रेक्ष्य में नहीं पाया। मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, स्वतंत्र भारत में इन कानूनों को फिर से बनाने की जरूरत है। इसलिए, हम आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में बदलाव के लिए कई लोगों से परामर्श कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसके तहत हम छह साल से अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच के प्रावधान को अनिवार्य और कानूनी बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बड़ी संख्या में फोरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। शाह ने कहा कि एनएफएसयू से स्नातक करने वाला कोई भी छात्र नौकरी से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने फोरेंसिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, फोरेंसिक विशेषज्ञ तैयार करने, फोरेंसिक प्रौद्योगिकी प्रदान करने और फोरेंसिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए काम किया है ताकि देश को फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर ले जाया जा सके।

उन्होंने कहा, हम इसके आधार पर देश के फोरेंसिक विज्ञान क्षेत्र को मजबूत करना चाहते हैं। इन चार क्षेत्रों में पिछले तीन वर्षों में काफी काम किया गया है। शाह ने इस अवसर पर एनएफएसयू में डीएनए फोरेंसिक केंद्र, साइबर सुरक्षा केंद्र और अन्वेषण एंव फोरेंसिक मनोविज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा ए तीन केंद्र शिक्षा और प्रशिक्षण के अलावा अनुसंधान तथा विकास के बड़े केंद्र भी होंगे... मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में नई यात्रा के साथ, भारत इन तीन क्षेत्रों में फोरेंसिक विज्ञान का वैश्विक केंद्र बन जाएगा।

## नीतीश ने सुशील मोदी के बिहार सरकार गिरने के दावे का मखौल उड़ाया

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के नेता सुशील मोदी के उस दावे का रविवार को उपहास उड़ाया कि नव गठित महागठबंधन सरकार जल्द ही गिर जाएगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी कहते रहे हैं कि आंतरिक विरोधाभासों के कारण नया गठबंधन टूट जाएगा। जब कुमार से गोपालगंज में इस संबंध में सवाल पूछे गए तो उन्होंने इस पर ठहाका लगाते हुए कहा, कृपया सुशील जी से कहें कि वह अपनी मनोकामना जल्द पूरी करने का प्रयास करें। 2020 में विधानसभा चुनावों के बाद की स्थिति का हवाला देते हुए याद किया कि मोदी को मंत्रिमंडल में शामिल न करने से उन्हें कितनी तकलीफ हुई थी। इन चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटा था। उस समय राजग में कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) शामिल थी। जदयू नेता ने कहा, उन्हें मेरे खिलाफ रोज बातें करने दीजिए। इससे शायद उनका शीर्ष नेतृत्व उनके लिए कुछ करें।

# गुजरात के गरबा नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची के लिए नामित किया

**नई दिल्ली।** भारत ने गुजरात के प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य गरबा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के लिए नामित किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि अगले साल के चक्र के लिए नवीनतम नामांकन पर विचार किया जाएगा। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत श्रेणी के सचिव टिम कर्टिस ने पिछले दिसंबर में कोलकाता के दुर्गा पूजा उत्सव को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित करने के उपलक्ष्य में दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में आयोजित एक कार्यक्रम में गरबा को नामित किए जाने से जुड़ा विवरण साझा किया था।

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा पर यूनेस्को के 2003 के सम्मेलन की अंतर सरकारी समिति ने पिछले साल दिसंबर में कोलकाता में दुर्गा पूजा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया था। कर्टिस ने कहा, अगले साल के चक्र के लिए नवीनतम नामांकन पर विचार किया जाएगा। नामांकन फाइलों की जांच 2023 के मध्य में मूल्यांकन संस्था द्वारा की जाएगी और अगले साल के अंत तक समिति के 2023 सत्र के लिए नामों पर फैसला किया जाएगा।

कर्टिस के प्रेजेंटेशन की एक स्लाइड में गरबा कलाकारों की तस्वीर थी और इसका शीर्षक था- गुजरात का गरबा : इंडियाज नेक्स्ट एलिमेंट। इसमें उल्लेख किया गया था कि फाइल वर्तमान में सचिवालय की तकनीकी प्रक्रिया से गुजर रही है। कर्टिस ने अपने संबोधन के दौरान भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रशंसा करते हुए कहा था कि इसकी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में व्यापकता और विविधता है। वर्तमान में भारत के 14 अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) तत्व इस सूची में अंकित हैं, जिनमें रामलीला, वैदिक मंत्र, कुंभ मेला और दुर्गा पूजा शामिल है।

# बिहार में महागठबंधन सीबीआई से सामान्य सहमति वापस लेने के पक्ष में

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के नेताओं ने रविवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से सामान्य सहमति वापस लेने का आह्वान करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए जांच एजेंसी का इस्तेमाल कर रही है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, सीबीआई को राज्यों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों से सहमति लेने की आवश्यकता होती है। पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब और मेघालय सहित नौ राज्यों ने अपने अधिकार क्षेत्र में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि भाजपा के राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए जिस तरह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, ऐसे में बिहार में महागठबंधन सरकार को सीबीआई को दी गई सहमति वापस ले लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसके अलावा, राज्य सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए न्यायपालिका के पास जाने का विकल्प भी तलाशना चाहिए। तिवारी ने दावा किया, मुझे कहना होगा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) के शासन के दौरान अपनी विश्वसनीयता खो दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा है कि सीबीआई से सामान्य सहमति वापस लेने का यह सही समय है। मंत्री और जद(यू) नेता मदन सहनी ने कहा, जिस तरह से सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है, उसे बिहार के लोग देख रहे हैं और वे उचित समय पर करारा जवाब देंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी लेनिनवादी (लिबरेशन) के विधायक महबूब आलम ने दावा किया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि राज्यों में गैर-भाजपा सरकारों को अस्थिर करने के लिए केंद्र द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, सभी केंद्रीय जांच एजेंसियां राजनीतिक उद्देश्यों से काम कर रही हैं और वे कभी भी भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्वाई नहीं करती हैं। बिहार में हमारी महागठबंधन सरकार को राज्य में एजेंसी की शक्तियों को कम करते हुए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति को तुरंत वापस लेना चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक अजय कुमार ने भी कहा कि बिहार सरकार को सीबीआई से अपनी सहमति तुरंत वापस लेनी चाहिए। कांग्रेस की बिहार इकाई के प्रवक्ता राजेश राठौर ने कहा कि भाजपा नेताओं के खिलाफ एजेंसियों की कोई कार्वाई नहीं दिखी है। उन्होंने कहा, केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत सरकार तानाशाह है और वे केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश करते हैं। यह अब रुकना चाहिए और बिहार सरकार को सीबीआई से अपनी सहमति वापस लेनी चाहिए।

पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर राजद के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार सरकार ने सीबीआई को दी गई सहमति को वापस लेने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। बिहार में महागठबंधन में सात दल शामिल हैं - जद (यू), राजद, कांग्रेस, सीपीआईएमएल (एल), भाकपा, माकपा और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम), जिनके 243 सदर्स्यीय विधानसभा में 160 से अधिक सदस्य हैं। सीबीआई ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाला के संबंध में बुधवार को बिहार में पार्टी के कई नेताओं के परिसरों की तलाशी ली। यह छापेमारी ऐसे दिन हुई जब भाजपा से नाता तोड़ राजद से गठबंधन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्य विधानसभा में विश्वास मत का सामना करना था।

# द हीरो ऑफ टाइगर हिल परमवीर चक्र से सम्मानित योगेंद्र सिंह यादव की कहानी

**भाषा।** नई दिल्ली

**एक नई पुस्तक** द हीरो ऑफ टाइगर हिल में सबसे कम उम्र में भारत के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित होने वाले सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) योगेंद्र सिंह यादव की प्रेरणादायक कहानी को बयां किया गया है। सृष्टि पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित आत्मकथा एक बहादुर सैनिक की सच्ची कहानी है, जिसने भारत के सम्मान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हुए बहादुरी से संघर्ष किया। सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) यादव ने पीटीआई-भाषा को बताया, पुस्तक लिखने का विचार मेरे जेहन में कई साल पहले आया था जब मुझे भारत के कुछ शीर्ष कॉलेजों जैसे आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी- कानपुर, आईआईएम-अहमदाबाद और आईआईएम-इंदौर में आमंत्रित किया गया था ... मैंने देखा कि मेरे सरल लेकिन ईमानदारीपूर्ण उत्तरों ने युवा छात्रों को बहुत प्रभावित और प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, फिर मैंने अपनी यात्रा पर एक पुस्तक लिखने का फैसला किया। पुस्तक लिखने का मेरा उद्देश्य भारत के युवाओं को प्रेरित करना और देशभक्ति की भावना पैदा करना है। मुझे उम्मीद है कि मेरी पुस्तक अधिक से अधिक पाठकों को किसी न किसी तरह राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगी। तीन जुलाई 1999 की रात, 19 साल के ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव को 18 ग्रेनेडियर्स रेजीमेंट की घातक पलटन के साथ अभेद्य टाइगर हिल को फिर से हासिल करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक अंजाम दिया था। इसके लिए उन्हें सबसे कम उम्र (19 साल) में भारत के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अगस्त 2022



# अमेरिकी युद्धपोत ताइवान जलडमरू मध्य से गुजरे

भाषा। ताइपे (ताइवान)

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के अगस्त के मध्य में ताइवान की यात्रा करने के बाद पहली बार अमेरिकी नौसना के दो युद्धपोत रविवार को ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरे। अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों के ताइवान जलडमरूमध्य से होकर गुजरने की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। इस जलडमरूमध्य को लेकर पहले से व्याप्त तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े यूएस सेवंथ फ्लीट ने बताया कि यूएसएस एंटीटम और यूएसएस चांसलर्सविले अपनी नियमित यात्रा के दौरान ताइवान जलडमरूमध्य से होकर गुजरे। यूएस सेवंथ फ्लीट ने कहा कि पोत किसी भी तटीय देश के समुद्री जल क्षेत्र से परे जलडमरूमध्य में एक गलियारे से गुजरे। गौरतलब है कि पेलोसी की हाल की ताइवान यात्रा से खफा चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य एवं ताइवान के जलक्षेत्र में कई युद्धपोत और इसके हवाई क्षेत्र के पास कई चीनी लड़ाकू विमान भेजे हैं। चीन ने लंबी दूरी की मिसाइल भी दागी हैं। चीन ने ताइवान को दंडित करने की मांग करते हुए जलडमरूमध्य में कई सैन्य अभ्यास भी किए हैं। दरअसल, चीन ताइवान पर अपना दावा जताता है और यहां किसी भी अन्य देश की सरकार से जुड़े लोगों की यात्रा का विरोध करता है। वहीं, अमेरिका नौवहन की स्वतंत्रता के अपने अधिकार को दिखाने के लिए ताइवान जलडमरूमध्य में नियमित रूप से पोत भेजता है। चीन ने कहा कि उसने अमेरिकी युद्धपोतों की आवाजाही पर नज़र रखी हुई है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की पूर्वी थिएटर कमान के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल शी ई ने कहा, सेना की (पूर्वी) थिएटर कमान के सैनिक सतर्क हैं और किसी भी समय किसी भी प्रकार के उकसावे को नाकाम करने के लिए तैयार हैं।

## चीन रख रहा है चौकस नजर

**बीजिंग।** चीन की नौसेना ताइवान को चीन की मुख्यभूमि से अलग करने वाले ताइवान जलडमरूमध्य से रविवार को गुजरे दो अमेरिकी युद्धपोतों पर करीब से नजर रख रही है। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान की यात्रा के बाद वाशिंगटन का यह पहला अभियान है। इससे दोनों देशों के बीच नए सिरे से तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी युद्धपोत ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरे जहां पर अगस्त महीने में कई दिनो तक चीनी सेना ने सैन्य अभ्यास किया था, जो अक्सर चीन और ताइवान को अलग करती रेखा को पार करता है और अपना दावा करता है। चीनी पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) के ईस्टर्न थिएटर कमान (ईटीसी) ने रविवार को कहा, दो अमेरिकी मिसाइल निर्देशित क्रूजर-यूएसएस एंटीएटम और यूएसएस चांसलरविली, 28 अगस्त को ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरे और सार्वजनिक रूप से अपना प्रचार किया। ईटीसी के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल शी ई ने कहा कि ईटीसी ने जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान अमेरिकी पोतों की पूरे रास्ते जानकारी रखी और निगरानी की एवं दो अमेरिकी युद्धपोतों की सभी गतिविधि नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि पीएलए के ईस्टर्न थिएटर कमान के सैनिक हमेशा सतर्क रहते है और किसी भी उकसावे को निष्क्रिय करने के लिए तैयार है। अमेरिकी नौसना के पोतों की आवाजाही की आलोचना करते हुए चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, अमेरिका ताइवान के अधिकारियों और क्षेत्रीय सहयोगियों का तुष्टिकरण करने की कोशिश कर रहा है। वह उन्हें संदेश दे रहा है कि वाशिंगटन चीन की मुख्य भूमि से पड़ रहे सैन्य दबाव की वजह से पीछे नहीं हटेगा। चीन और ताइवान को अलग करते एवं व्यस्त एवं रणनीतिक रूप से अहम ताइवान जलडमरूमध्य से पेलोसी की यात्रा के बाद पहली बार अमेरिकी युद्ध पोत गुजरे है। आधिकारिक मीडिया की जानकारी के मुताबिक वर्ष 2012 से अब तक चीन के दावे को चुनौती देने के लिए करीब 100 अमेरिकी युद्धपोत इस जलडमरूमध्य से गुजर चुके है। अमेरिका इसी तरह का नौवहन और हवाई अन्वेषण विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन के दावे के विरोध में करता है। चीन इलाके के अधिकतर हिस्से पर अपना दावा करता है जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान चीन के दावे का विरोध करते है।

# यूनान ने भूमध्य सागर में हमारे लड़ाकू विमान पर मिसाइल तानी : तुर्की

भाषा। इस्तांबुल

**यूनान ने** भूमध्य सागर के ऊपर तुर्की के एफ-16 लड़ाकू विमानों पर तब जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तानी जब वे अंतरराष्ट्रीय वायुक्षेत्र में टोही अभियान पर थे। यह दावा तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलु ने रविवार को किया। समाचार एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि क्रेटे द्वीप पर स्थापित यूनान की एस-300 मिसाइल प्रणाली ने 23 अगस्त को तुर्की के लड़ाकू विमानों पर हमले के लिए सारी गणनात्मक तैयारी कर ली थी। एजेंसी के मुताबिक, तुर्की के एफ-16 लड़ाकू विमान यूनान के पश्चिमी रोड्स द्वीप के पास 10 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे थे, तभी रूस निर्मित एस-300 मिसाइल प्रणाली ने उन्हें निशाना बनाने के लिए अपने रडार पर ले लिया। अनाडोलु ने रक्षा सूत्रों के हवाले से दावा किया कि शत्रुतापूर्ण माहौल होने के बावजूद तुर्की के विमान अपना मिशन पूरा कर अपने ठिकानों पर लौट गए। खबर के मुताबिक, विमानों को रडार पर लेने को नाटो की नियमावली के तहत शत्रु कार्वाई माना जाता है। इस बारे में जब अंकारा स्थित यूनानी दूतावास से रविवार को संपर्क किया गया तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह तुर्की ने यूनान के सैन्य अताशे को समन किया था और नाटो से शिकायत की थी कि यूनान के एफ-16 विमानों ने कथित तौर पर तुर्की के एफ-16 विमानों को गठबंधन के मिशन के दौरान परेशान किया था। अनाडोलु के मुताबिक यूनानी पायलट ने तुर्की के विमान को पूर्वी भूमध्य सागर के ऊपर अपने रडार पर लिया, जिसका तुर्की की ओर से जरूरी जवाब दिया गया और विमानों को इलाका छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, यूनान ने तुर्की के दावे को खारिज कर दिया है। यूनान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तुर्की के विमान बिना पूर्व सूचना के अमेरिका के बी-52 बॉम्बर के साथ आए, जबकि इसकी जरूरत नहीं थी।

# पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ से एक हजार से ज्यादा की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर एक हजार से ज्यादा हो गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में देशभर में बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 119 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान में 14 जून से जारी भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से स्थिति भयावह हो गई है और देश के दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के मैदानी इलाके जलमग्न हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने रविवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में 119 लोगों की मौत हुई है। एनडीएमए ने कहा, पाकिस्तान में अब तक I,033 लोगों की मौत हो चुकी है और I,527 लोग घायल हुए हैं। प्राधिकरण ने कहा कि गत एक दिन में सर्वाधिक संख्या में लोगों की मौत सिंध प्रांत में हुई, जहां 76 लोगों ने जान गंवाई। देशभर में पिछले 24 घंटों में बाढ़ जनित घटनाओं के कारण 71 लोग घायल हो गए। सिंध में अब तक 347, बलूचिस्तान में 238, खैबर पख्तूनख्वा में 226, पंजाब में 168, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 38, गिलगित बल्टिस्तान में 15 और इस्लामाबाद में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। बाढ़ से 3451.5 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके अलावा 147 पुल बह गए, 170 दुकानें नष्ट हो गई और 9,49,858 मकान आंशिक रूप से या पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र 30 अगस्त को पाकिस्तान को 16 करोड़ डॉलर की सहायता जारी कर सकता है। ब्रिटेन ने भी सहायता के लिए 15 लाख पौंड देने की घोषणा की है।

# लीबिया की राजधानी में हिंसक झड़पों में 30 लोगों की मौत

**काहिरा।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में शनिवार को हुई हिंसक झड़पों में 30 लोगों के मारे जाने के बाद रविवार को शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस घटना के बाद, लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के बीच फिर से हिंसा का दौर शुरू होने की आशंका पैदा हो गई है। त्रिपोली बीते कुछ वर्षों से प्रतिद्वंद्वी प्रशासनों के बीच विभाजित है, प्रत्एक को मिलिशिया और विदेशी सरकारों का समर्थन प्राप्त है। शनिवार को हुई झड़पों में अस्पतालों, सरकारी और आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, झड़पों में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 159 अन्य घायल हो गए। हिंसा में जान गंवाने वालों में एक हास्य कलाकार मुस्तफा बराका भी शामिल हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर मिलिशिया और भ्रष्टाचार का मखौल उड़ाने वाले वीडियो के लिए जाना जाता था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजधानी में अस्पतालों पर गोलाबारी की गई। इसबीच, रविवार को शहर में कई दफ्तर बंद रहे और सरकार संचालित नेशनल ऑयल कार्पोरेशन ने अपने कर्मचारियों को रविवार को घर से काम करने का आदेश दिया।

# दक्षिण कोरिया में तेजतर्रार सांसद ली जे-म्युंग विपक्षी दल के अध्यक्ष चुने गए

**सियोली।** तेजतर्रार सांसद ली जे-म्युंग को रविवार को दक्षिण कोरिया के मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी का अध्यक्ष चुना गया। कुछ महीने पहले वह कंजरवेटिव पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी यून सुक एओल से राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कम अंतर से हार गए थे। डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष पद की दौड़ में ली (57) की जीत के साथ ही नेतृत्व पद के लिए कुछ महीने से जारी तलाश खत्म हो गई है। संसद में अब भी उदारवादी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का बहुमत है। इसके साथ यून के साथ ली की प्रतिद्वंद्विता भी फिर से शुरू हो गई है। सर्वेक्षणों के मुताबिक अर्थव्यवस्था, शिक्षा और अन्य घरेलू मुद्दों पर नीतिगत फैसलों और गलत तरीके से कैबिनेट नियुक्तियों को लेकर मई में पदभार ग्रहण करने के बाद से यून की लोकप्रियता में कमी आई है। राजधानी सियोल के एक स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में ली को पार्टी सदस्यों के करीब 78 प्रतिशत मत मिलने के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। अपने संबोधन में ली ने अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर यून प्रशासन की आलोचना की, लेकिन यह भी कहा कि वह यून और सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के साथ सहयोग करना चाहते हैं अगर वे देश और लोगों के लिए सही रास्ता चुनते हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी को फिर से सत्ता में लाने को अपना मुख्य मिशन बताया।

# श्रीलंकाई नौसेना ने छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंकाई** नौसेना ने कथित रूप से देश के जल क्षेत्र में मछलियां पकड़ने के आरोप में छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौकाएं जब्त कर ली हैं। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। यह अगस्त माह में इस तरह की दूसरी घटना है। श्रीलंकाई नौसेना ने बयान में बताया कि मन्नार द्वीप के उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थित एक बस्ती तलाईमन्नार के पास शनिवार को मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। मछुआरे तलाईमन्नार में नौसेना की हिरासत में हैं और उन्हें मन्नार में मत्स्यपालन निरीक्षक को सौंपा जाएगा। इससे पहले, 22 अगस्त को श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछलियां पकड़ने के आरोप में 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। मछुआरों के खिलाफ इस तरह की कार्वाई भारत और श्रीलंका के बीच विवाद की बड़ी वजह हैं। श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों द्वारा कथित रूप से अपने देश के जल क्षेत्र में अवैध तरीके से प्रवेश करने पर पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी किए जाने और उनकी नौकाओं को जब्त किए जाने की कई घटनाएं हुई हैं।

# परमाणु संयंत्र पर खतरे पर भिड़े रूस व यूक्रेन

भाषा। कीव

● एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराया

**यूरोप** के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकट गोलाबारी को लेकर यूक्रेन और रूस के एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराने के बीच, संयंत्र से संभावित विकिरण रिसाव के खतरे को लेकर चिंता बढ़ गई है। यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को आरोप लगाया कि रूसी सेनाओं ने यूरोप के सबसे बड़े जैपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकट नीपर नदी के उस पार यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों में मिसाइल और तोप से हमले किए हैं। वहीं, रूस का दावा है कि यूक्रेन की ओर से दागे गए गोले उस इमारत पर गिरे हैं जिसमें परमाणु ईंधन को रखा गया है। इस बीच, अधिकारियों ने संयंत्र के करीब रहने वाले लोगों के बीच शुक्रवार को आयोडिन की गोलियां बांटीं, ताकि विकिरण होने की स्थिति में बचाव हो सके। सबसे बड़ी चिंता परमाणु संयंत्र के रिएक्टर को ठंडा रखने की कूलिंग प्रणाली को लेकर है, जिसे चालू हालत में रखने के लिए बिजली की जरूरत होती है। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने से पारेषण लाइन को हुई क्षति की वजह से संयंत्र को बृहस्पतिवार को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। जानकारों का मानना है कि कूलिंग प्रणाली के बंद होने से परमाणु रिएक्टर के अत्यधिक गर्म होने की वजह से हादसा हो सकता है। रूसी सेना ने इस परमाणु संयंत्र पर छह महीने से जारी युद्ध की शुरुआत में ही कब्जा कर लिया था और यूक्रेन के स्थानीय कर्मियों ने इसका परिचालन जारी रखा। दोनों पक्ष एक दूसरे पर संयंत्र पर गोलाबारी करने का आरोप लगा रहे हैं जिससे इलाके में तबाही मचने की आशंका पैदा हो गई है। यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा परिचालक एनर्गोटम ने शनिवार को कहा कि रुक-रुक कर हो रही गोलाबारी की वजह से ऊर्जा केंद्र के अवसंरचना को क्षति पहुंची है। कंपनी ने बताया, हाइड्रोजन और रेडियोधर्मी सामग्री के रिसाव होने और आग लगने का खतरा बहुत अधिक है। निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के गवर्नर वालेंटिन रेजनिचेंको ने नवीनतम संघर्ष की जानकारी देते हुए बताया कि रूसी ग्राड मिसाइल और तोप के गोलों से निकोपोल और मारहानेट्स पर हमले किए गए हैं।



अपने 31 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्हाइट हाउस के बाहर यूक्रेन के लोग रुस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए

# नीदरलैंड में तेज रफ्तार ट्रक सामुदायिक बारबेक्यू में घुसा, छह लोगों की मौत

भाषा। द हेग

**नीदरलैंड के** रॉटरडैम में एक गांव में एक ट्रक के बांध से फिसलकर सामुदायिक बारबेक्यू से टकरा जाने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर छह हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में घायल हुए सात लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 28 से 75 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता मिरजाम बोअर्स ने कहा कि 46-वर्षीय ट्रक चालक मूल रूप से स्पेन का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार शाम नीउव-बीजरलैंड गांव में हुई थी। नीदरलैंड के निजता के कानून के तहत ट्रक चालक की पहचान को उजागर नहीं किया गया है। बोअर्स ने कहा कि इस हादसे के समय चालक ने शराब नहीं पी हुई थी। तेज रफ्तार ट्रक बांध से फिसलकर गांव में लोगों की भीड़ में जा घुसा।

## आईटी कंपनियों की भर्तियों में तेजी जारी

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने प्रमुख बाजारों से लगातार सौदे मिलने से जून तिमाही में कुल 50,000 से अधिक लोगों को नौकरी दी है। हालांकि कर्मचारियों के जल्द नौकरियां बदलने, मार्जिन का दबाव, मानव संसाधन लागत अधिभार और कर्मचारी-संबंधी चुनौतियों ने आईटी उद्योग के लिए समस्या खड़ी कर दी है। क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि आईटी की प्रतिभाओं के लिए खीचतान तब तक जारी रहेगी जब तक कि उद्योग के लिए तैयार मानव संसाधनों का बल उल्लेखनीय रूप से नहीं बढ़ जाता।

## लंपी स्किन बीमारी की वजह से पंजाब में दूध उत्पादन 15-20 प्रतिशत घटा

**चंडीगढ़।** मवेशियों में फैली लंपी स्किन बीमारी की वजह से पंजाब के डेयरी किसानों को काफी संकट का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के प्रगतिशील डेयरी किसान संघ (पीडीएफए) ने कहा है कि इस बीमारी की वजह से राज्य में दूध उत्पादन 15 से 20 प्रतिशत तक घट गया है। यह संक्रामक बीमारी मवेशियों विशेष रूप से गायों में फैली हुई है। पीडीएफए ने कहा कि इससे वे किसान बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जो अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह मवेशियों पर निर्भर है। राज्य के पशुपालन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, इस बीमारी से 1.26 लाख मवेशी प्रभावित हुए है। अब तक 10,000 से अधिक मवेशी इस बीमारी की वजह से जान गंवा चुके है।

## अब वाहन विनिर्माण का गढ़ बन चुका है हरियाणा: खट्टर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चार दशक पहले गुरुग्राम से शुरू हुए वाहन विनिर्माता सुजुकी के भारतीय सफर को याद करते हुए रविवार को कहा कि हरियाणा अब ऑटोमोबाइल क्षेत्र का गढ़ बन गया है। खट्टर जापानी वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के भारतीय परिचालन के चार दशक पूरा होने के मौके पर गुजरात के गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। स कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के सोनीपत जिले के खारखोड़ा में मारुति सुजुकी के नए वाहन विनिर्माण संयंत्र की आधारशिला डिजिटल तरीके से रखी।

# अगले 25 साल में ऊर्जा क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनाने का लक्ष्य: मोदी



भाषा। गांधीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले 25 वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनने का लक्ष्य रखा है जिसे हासिल करने में मौन क्रांति की अगुवाई कर रहे बिजली चालित वाहनों की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा के बड़े हिस्से की खपत परिवहन क्षेत्र में होती है लिहाजा इस क्षेत्र में नवोन्मेष को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत अगले 25 साल के अमृत काल में ऊर्जा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करना चाहता है। उन्होंने कहा, ऊर्जा क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनने के सफर में परिवहन एक अहम क्षेत्र है। जापानी वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के भारतीय परिचालन के चार दशक पूरा होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, ऊर्जा की बड़ी खपत परिवहन क्षेत्र में होती है ऐसे में इस क्षेत्र में नवोन्मेष एवं शोध प्रयास हमारी प्राथमिकता होने चाहिए। हमें भरोसा है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। प्रधानमंत्री ने गुजरात में सुजुकी मोटर के नए ईवी बैटरी संयंत्र और हरियाणा के सोनीपत में मारुति सुजुकी के नए संयंत्र की आधारशिला रखने के बाद कहा कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की जरूरत है। इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं चार-पहिया वाहन पूरी तरह शांत होते हैं और थोड़ा भी शोर नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों का एकदम शांत रहना देश में एक नई तरह की क्रांति लेकर आ रहा है। मोदी ने कहा, एकदम शांति से मतलब सिर्फ इंजीनियरिंग से नहीं है बल्कि यह देश में एक मौन क्रांति की शुरुआत भी है।

## वोडाफोन आइडिया के करोड़ों ग्राहकों का कॉल डेटा सार्वजनिक होने का दावा, कंपनी ने नकारा

**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा शोध कंपनी साइबरएक्स9 ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि दूरसंचार ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया की प्रणाली में मौजूद खामियों के चलते लगभग दो करोड़ पोस्टपेड ग्राहकों का कॉल डेटा रिकॉर्ड सार्वजनिक हो गया है। हालांकि कंपनी ने इससे इनकार करते हुए कहा कि डेटा में कोई सेंधमारी नहीं हुई है। कंपनी के मुताबिक, उसकी बिल प्रणाली में मौजूद खामियों के बारे में पता चलते ही उन्हें दुरुस्त कर दिया गया था। इससे पहले, साइबरएक्स9 की रिपोर्ट में कहा गया कि प्रणालीगत खामियों की वजह से वोडाफोन आइडिया के करीब दो करोड़ पोस्टपेड ग्राहकों के कॉल डेटा रिकॉर्ड सामने आ गए। इसमें कॉल करने का वक्त, कॉल की अवधि, किस स्थान से कॉल किया गया, ग्राहक का पूरा नाम और पता, एसएमएस विवरण समेत वे कॉन्टेक्ट नंबर भी सामने आ गए जिन पर संदेश भेजे गए थे।

# राज्य सरकारें पिछले साल के बराबर धान की ही कर सकती हैं खरीद

भाषा। नई दिल्ली

**राज्य सरकारों ने** चालू खरीफ विपणन सत्र के लिए करीब 506 लाख टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा है जो पिछले साल के बराबर ही है। सूत्रों ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस साल धान की उपज में आंशिक गिरावट आने की आशंका के बावजूद सार्वजनिक खरीद के लक्ष्य में कोई कटौती नहीं की गई है। मानसूनी बारिश कम रहने से धान की फसल की बुवाई समय पर नहीं सकी और खरीफ सत्र की इस प्रमुख फसल का रकबा पिछले साल की तुलना में करीब छह प्रतिशत घट गया है। ऐसा होने से इस साल धान की पैदावार भी कम रहने की आशंका पैदा हो गई है। सूत्रों ने कहा कि धान की सरकारी खरीद के बारे में अंतिम फैसला अगले सप्ताह केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की राज्य सरकारों के साथ होने वाली बैठक में लिया जा सकता है। इस बैठक में धान की सरकारी खरीद के अनुमान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सरकार किसानों से धान की ही खरीद करती है और फिर उसे चावल मिलों में भेजकर चावल के रूप में प्रसंस्कृत किया जाता है। खरीफ मौसम के दौरान पैदा होने वाले धान की खरीद अक्टूबर से शुरू होती है। सरकार द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर इसकी खरीद भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्यों के निकाय करते हैं। सरकार ने खरीफ सत्र 2022-23 के लिए सामान्य श्रेणी वाले धान का एमएसपी 2,040 रुपए प्रति क्विंटल और ए-ग्रेड वाले धान का मूल्य 2,060 रुपए प्रति क्विंटल तय किया हुआ है। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकारों ने खरीफ सत्र की धान उपज का एक शुरुआती आकलन किया है और उसी के हिसाब से सरकारी खरीद का एक लक्ष्य भी रखने का अनुमान बनाया है। सम्मिलित रूप से राज्य सरकारों ने 506 लाख टन धान की खरीद का अनुमान रखा है।

## ट्विन टावर गिराए जाने से हमें 500 करोड़ रुपए का नुकसान: सुपरटेक चेयरमैन

**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म सुपरटेक लिमिटेड के चेयरमैन आर के अरोड़ा ने रविवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद नोएडा स्थित ट्विन टॉवर इमारत को गिराए जाने से कंपनी को करीब 500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अरोड़ा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि इस इमारत को ढहाए जाने से उसके निर्माण पर आई लागत एवं कर्ज पर देय ब्याज के रूप में कंपनी को करीब 500 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। उच्चतम न्यायालय ने स्थापित मानकों का उल्लंघन कर इस 100 मीटर ऊंची आवासीय इमारत के निर्माण को गैरकानूनी बताते हुए इसे विस्फोटक का इस्तेमाल कर गिराए जाने का आदेश दिया था। उसी आदेश का पालन करते हुए रविवार अपराह्न 2.30 बजे इस इमारत के दोनों टावर विध्वंसक लगाकर महज कुछ सेकंड में धराशाई कर दिए गए। अरोड़ा ने कहा, हमारा कुल नुकसान करीब 500 करोड़ का हुआ है। इसमें इमारत के निर्माण और जमीन की खरीद पर आई लागत के अलावा नोएडा प्राधिकरण को तमाम मंजूरियों के लिए दिए गए शुल्क और बैंकों को कर्ज पर दिया गया ब्याज शामिल है।

## आकाश एयर के डेटा में लगी सेंध, कुछ सूचनाएं हुईं उजागर

**नई दिल्ली।** हाल ही में शुरू हुई एयरलाइन आकाश एयर के डेटा में सेंध लगने की वजह से कुछ अनधिकृत लोगों की पहुंच उपयोगकर्ताओं की सूचनाओं तक हो जाने का मामला सामने आया है। गत सात अगस्त को विमान परिचालन शुरू करने वाली आकाश एयर ने इस गड़बड़ी के लिए अपने ग्राहकों से माफी मांगी है तथा खुद ही भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-इन) को इस मामले की जानकारी दी है। कंपनी की वेबसाइट पर डाली गई सूचना के अनुसार, 25 अगस्त को लॉगइन और साइन-अप सेवाओं को लेकर कुछ अस्थाई तकनीकी गड़बड़ी सामने आई।

# जन-धन योजना वित्तीय समावेशन की दिशा में बड़ा कदम: सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय समावेशन समावेशी वृद्धि की तरफ बढ़ने वाला एक बड़ा कदम है जिससे समाज के सभी वंचित तबकों का समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। सीतारमण ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के आठ साल पूरे होने के मौके पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि बैंकिंग सेवा के दायरे से बाहर मौजूद लोगों को वित्तीय व्यवस्था का अंग बनाकर वित्तीय समावेशन की दिशा में



कदम बढ़ाए गए हैं। पीएमजेडीवाई की शुरुआत 28 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हुई थी। इस योजना के तहत 46 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं जिनमें 1.74 लाख करोड़ रुपए जमा हैं। सीतारमण ने कहा कि इस योजना की मदद से देश की 67 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की पहुंच अब बैंकिंग सेवाओं तक हो चुकी है। इसके अलावा अब 56 प्रतिशत महिलाओं के पास भी जन-धन खाते हैं। वित्त मंत्री ने बयान में कहा, पीएमजेडीवाई को 2018 के बाद भी जारी रखने का फैसला देश में वित्तीय समावेशन के उभरते परिदृश्य की जरूरतों और चुनौतियों का सामना करने की मंशा से प्रेरित था। उन्होंने कहा, अब हर परिवार के बजाय हर वयस्क के पास बैंक खाता होने को तवज्जो दी गई है। जन धन खातों के जरिए लोगों के पास सीधे सरकारी पैसा भेजने और रुपे कार्ड के इस्तेमाल से डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने का तरीका अपनाया गया है।

# ट्विन टॉवर को ध्वस्त करना रियल एस्टेट क्षेत्र के सभी हितधारकों के लिए एक सबक है: उद्योग जगत

भाषा। नई दिल्ली

**नोएडा में** सुपरटेक के ट्विन टॉवर ढहाए जाने को लेकर उद्योग जगत ने भी प्रतिक्रिया दी है जिसमें उनका कहना है कि इससे रियल एस्टेट उद्योग के सभी पक्षकारों को यह सबक मिलेगा कि भवन नियमों का उल्लंघन होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। उद्योग जगत ने कहा कि रियल एस्टेट (नियमन एवं विकास) कानून, 2016 के तहत राज्य नियामक प्राधिकरणों को और सशक्त बनाना चाहिए जिससे कि वे उपभोक्ता हितों की रक्षा कर सकें और चूककर्ताओं के खिलाफ कार्वाई कर सकें।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, पिथौरागढ़

निविदा सूचना संख्या : 1281/निविदा/157 दिनांक 27/08/2022

ई-निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत स्रोत, पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम:- 1 खुम्ती पे0यो0, 2. जुम्मा पे0यो0, 3. गलाती पे0यो0, 4. धामीगांव पे0यो0, 5. मेतली पे0यो0, 6. रॉथी पे0यो0, 7. धारचूला देहात।
2. ई- निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि - 30.08.2022 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि- 12.09.2022 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियन्ता

# अगले साल दिसंबर तक तैयार हो जाएगा भव्य राममंदिर

## दो वर्ष के भीतर 40 फीसदी से अधिक निर्माण कार्य हो चुका है पूरा, अब दुनियाभर के श्रद्धालु जुटेंगे अयोध्या में

**भाषा।** अयोध्या

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन करने के दो साल के भीतर मंदिर परियोजना का 40 फीसदी से अधिक काम पूरा हो गया है। अयोध्या में भगवान राम के विशाल मंदिर के निर्माण की जिम्मेदारी संभाल रहे ट्रस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, दुनियाभर के श्रद्धालु दिसंबर 2023 से भगवान राम की पूजा कर सकते हैं। मंदिर ही नहीं, मंदिर क्षेत्र के आसपास भी सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए निर्माण और जीर्णोद्धार की गतिविधि जोरों पर चल रही हैं। मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर राय ने कहा, मंदिर का 40 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो गया है। प्लिंथ का काम 80 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है और दिसंबर 2023 से यहां दर्शन शुरू होने की संभावना है।





अयोध्या के कारसेवकपुरम में प्रवास कर रहे राय निर्माण कार्य की देखरेख करते हैं, बैठकें करते हैं और दैनिक आधार पर प्रगति की समीक्षा भी करते हैं। निर्माण के लिए इस्तेमाल होने वाले धन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भगवान के काम के लिए धन की कोई कमी नहीं हो सकती है। भगवान के चरणों में तो लक्ष्मी बैठी ही रहती हैं। ट्रस्ट अधिकारी के मुताबिक, कम से कम ।,000 वर्षों तक मंदिर की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जमीन के नीचे एक विशाल ठोस नींव रखी जा रही है। अन्य कार्यों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण और उसके प्रांगण सहित कुल आठ एकड़ भूमि को घेरते हुए एक आयताकार दो मंजिला परिक्रमा सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसके पूर्वी हिस्से में एक प्रवेश द्वार होगा। राय ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के अंदर राजस्थान की मकराना पहाड़ियों के सफेद संगमरमर का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मकराना संगमरमर की नक्काशी का काम प्रगति पर है और इनमें से कुछ नक्काशीदार संगमरमर के ब्लॉक भी अयोध्या पहुंचने लगे हैं। इस मंदिर परियोजना में परकोटा (प्राचीर) के लिए आठ से नौ लाख घन फीट के नक्काशीदार बलुआ पत्थर, प्लिंथ के लिए 6.37 लाख घन फीट ग्रेनाइट और मुख्य मंदिर के लिए लगभग 4.70 लाख घन फीट नक्काशीदार गुलाबी बलुआ पत्थर लगेंगे। उन्होंने कहा कि गर्भगृह के निर्माण में 13,300 घन फीट और फर्श बनाने में 95,300 वर्ग फीट मकराना सफेद नक्काशीदार संगमरमर का उपयोग किया जाएगा। राम मंदिर कार्यशाला में पुरुषों और महिलाओं को मंदिर के लिए पत्थरों को तराशते और पॉलिश करते देखा गया। जो लोग अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन करने आते हैं, वे उस खास जगह पर भी जाते हैं, जहां मंदिर निर्माण में उपयोग के लिए बड़ी संख्या में पत्थर रखे गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त 2020 को निर्माण कार्य की शुरुआत करते हुए मंदिर के लिए भूमि पूजन किया था। उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को अपना फैसला सुनाया था, जिससे भगवान राम के जन्म स्थान अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम के विशाल मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया था। कर्नाटक की राधिका अय्यर, जो बच्चों के साथ पत्थरों के सामने तस्वीर खिंचवा रही थीं, उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वह उस स्थान पर आईं और मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने पर एक बार फिर यात्रा की इच्छा रखती हैं। स्थानीय नागरिक मनोज ने कहा कि जब मंदिर बंद होता है, तब भी इस स्थल पर भारी भीड़ उमड़ती है और लोग उन पत्थरों को छूकर धन्य महसूस करते हैं, जिनका उपयोग अंततः मंदिर में किया जाना है। योजना के तहत मंदिर के आसपास 70 एकड़ के क्षेत्रफल में माता सीता, भगवान वाल्मीकि, केवट, माता शबरी, जटायु, विघ्नेश्वर (गणेश) और शेषावतार (लक्ष्मण) के मंदिर भी बनाए जाएंगे। राम मंदिर के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर तक जाने वाली सड़क को चौड़ा करने के लिए दुकानों और घरों को तोड़ने का काम भी चल रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि तोड़फोड़ का शुरुआती दौर में विरोध जरूर हुआ था, लेकिन अब काम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और लोग स्वेच्छा से अपनी उन दुकानोंाघरों को तोड़ रहे हैं, जो चौड़ीकरण परियोजना में आड़े आ रहे हैं। सड़क निर्माण कार्य के बारे में पूछे जाने पर हनुमान गढ़ी मंदिर की ओर जाने वाली गली में मिठाई के दुकानदार विनीत गुप्ता ने कहा, राम के कारण कोई बाधा नहीं है। देखिए, मैं खुद अपनी दुकान के चिह्नित हिस्से को ध्वस्त करवा रहा हूं। पूजा सामग्री की दुकान के मालिक आशीष का भी कुछ ऐसा ही मत था। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अब चीजें आगे बढ़ने लगी हैं। आशीष ने कहा, हमने अपना बचपन मंदिर आंदोलन को देखकर बिताया है, लेकिन अब अच्छा काम शुरू हो गया है और हमें अपने जीवनकाल में इसे देखने का सौभाग्य मिला है। महान गायिका लता मंगेशकर के नाम पर नया घाट में एक सड़क निर्माण की भी योजना है और इसे मंजूरी भी मिल गई है।

## हरदोई में गर्रा नदी से सभी आठ शव बरामद : अधिकारी

**हरदोई।** हरदोई जिले के पाली इलाके में गर्रा नदी में लोगों को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के गिरने के एक दिन बाद अधिकारियों ने रविवार को सभी आठ लोगों के शव बरामद होने के बाद तलाशी अभियान बंद कर दिया है। हरदोई के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने रविवार को बताया, राज्य आपदा मोचक बल की टीम ने गर्रा नदी में 15 घंटे की खोज और बचाव अभियान में आठ शव बरामद किए है। अभियान को बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन प्रत्येक मृतक के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करेगा। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली गर्रा नदी में गिर गया था जिससे वाहन में सवार 22 लोग नदी में गिर गए थे। घटना पाली थाना क्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि जिले के बेगराजपुर गांव के लोग अपनी कृषि उपज बेचने पाली कस्बा गए थे। वे गांव लौट रहे थे कि सुबह करीब 11 बजे उनके ट्रैक्टर का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और पाली के पास एक पुल से ट्रैक्टर गर्रा नदी में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि 14 लोग नदी से सुरक्षित बाहर निकल आए जबकि आठ अन्य लोगों की तलाश के आदेश दिए गए। पुलिस के अनुसार, बरामद शवों की पहचान नन्हे (20), मुकेश (30), मुकेश कुमार (27), रिंकू (28), नरेंद्र (26), अमित (22) और हरिशरण (30) के रूप में हुई है। हरिशरण दरियापुर का निवासी था जबकि शेष सभी वेगराजपुर के निवासी थे। एक शव की पहचान नही हो सकी।

## गंगा में नहाते समय डूबने से बालक की मौत

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में रविवार को 10 वर्षीय बालक की गंगा स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चे का शव नदी से निकाल लिया है। थानाध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के कुरई गांव निवासी प्रेमचंद का 10 वर्षीय बेटा अजय आज पूर्वाह्न अपने साथियों के साथ स्नान करने गंगा नदी के उरई घाट पर गया था। उन्होंने बताया कि नहाते समय अचानक गहरे पानी में जाने से अजय डूब गया। सूचना पाकर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसका शव नदी से निकाला और पंचनामा करने के बाद परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने शव परिजनों को सौप दिया है।

## युवक का शव तालाब से मिला

**कौशांबी।** जिले के चरवा थाना क्षेत्र में मछली पकड़ने गए एक युवक का शव रविवार को गांव के बाहर तालाब से मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी।थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सैयद सरावा गांव निवासी मोहम्मद हाशिम (22) शनिवार की शाम मछली पकड़ने जाने की बात कह कर घर से निकला था।

# डीएम-एसपी ने कजरीतीज के मद्देनजर देखीं व्यवस्थाएं



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने रविवार को जनपद के विभिन्न शिवालयों का भ्रमण कर जलाभिषेक हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में नगर के एतिहासिक शिव मंदिर दुखहरण नाथ, खरगूपुर के प्रसिद्ध शिव मंदिर पृथ्वीनाथ मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर श्रद्धालुओं के जलाभिषेक हेतु की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये। डीएम-एसपी ने निरीक्षण के दौरान अफसरों व मंदिरों के महंत को निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने में किसी भी प्रकार की समस्या पैदा न होने पावे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिव भक्तों से यह अपील भी किया है कि पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ शांतिपूर्ण ढंग से शिवालयों में जलाभिषेक करें। जलाभिषेक हेतु जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई व्यवस्थाओं का पालन करते हुए जलाभिषेक करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। एसपी आकाश तोमर ने साफशब्दों में कहा है कि शरारती तत्वों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जायेगा। इसके कड़ाई से पालन हेतु उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित भी किया है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सदर गोंडा, एक्सईएन सीडी-1, सीडी-2, एसओ खरगूपुर कुबेर तिवारी, संबंधित ग्राम प्रधान, मंदिरों के महंत आदि उपस्थित रहे।

## भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ समेत 03 गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मनकापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री के भण्डारन के आरोप में 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कि अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री के भण्डारन के आरोप में रिजवान पुत्र इस्तफा निवासी ग्राम भिटौरा गांव थाना कोतवाली मनकापुर गोंडा, किस्मत अली पुत्र अकबर अली निवासी छोटकी करौंदी थाना कोतवाली मनकापुर गोंडा एवं सलमान पुत्र समीर निवासी छोटकी करौंदी थाना कोतवाली मनकापुर गोंडा को गिरफ्तार किया गया है। इस मौके पर उनके कब्जे से 05 बोरा सुतली गोला, 01 बोरी 40 किलो पीला पाउडर (गंधक), 05 किलो सोर्रा पाउडर, 25 किलो बारूद व 03 बंडल सनई बरामद किया गया है।

## बरेली में कंटेनर-ट्रैक्टर ट्राली की जोरदार टक्कर से हुआ दर्दनाक हादसा

# दो बच्चों समेत छह श्रद्धालुओं की मौत

**बरेली।** जिले के बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कंटेनर (बड़े ट्रक) ने श्रद्धालुओं को लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई जबकि 24 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उत्तराखंड के पुलभट्टा थाना क्षेत्र के शक्ति फार्म से श्रद्धालुओं का जत्था ट्रैक्टर-ट्रॉली से बरेली जिले के बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र में उत्तम नगर गुरुद्वारे दर्शन के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि सिरसा चौकी के पास यू-टर्न लेते समय पुलभट्टा की तरफ से आ रहे कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा (उत्तराखंड) और बहेड़ी (बरेली) ले जाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने किच्छा में एक घायल युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि बहेड़ी सीएचसी पर पांच लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। बहेड़ी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सतएन्द्र भड़ाना ने बताया कि हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में बक्सर शक्ति फार्म निवासी भजन सिंह (36) को चिकित्सकों ने किच्छा में मृत घोषित कर दिया जबकि बहेड़ी सीएचसी पर एक किशोरी समेत तीन महिलाओं और दो मासूम बच्चों को मृत घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि बहेड़ी सीएचसी पर मृत घोषित किए गए लोगों की पहचान सुमन कौर (15), गुरनामो कौर (30), आकाशदीप (आठ), राजा (छह) और जस्सी (35) के रूप में हुई। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बरेली के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर उत्तराखंड के सितारगंज से करीब 35 लोग बहेड़ी के उत्तम नगर गुरुद्वारा जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर- ट्राली में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घायलों में तीन की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का उपचार बहेड़ी और किच्छा में चल रहा है।

**नदी में नहाते समय छात्र की डूबकर मौत:**मथुरा। दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके से गोवर्धन घूमने आए एक छात्र की रविवार को मानसी गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार की रात दिल्ली के मंगोलपुरी स्थित एक कोचिंग सेंटर के शिक्षक निरंजन सिंह बस से 48 छात्रों का टूर लेकर गोवर्धन पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह छात्रों ने मुकुट मुखारबिंदु मंदिर में गिरिराज जी के दर्शन किए और स्नान के लिए मानसी गंगा में उतरे। उन्होंने बताया कि नहाने के दौरान तरुण, तुषार और आशुतोष पानी में डूबने लगे। उन्हें डूबता देख अन्य छात्रों ने शोर मचाया। सूत्रों के अनुसार, शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने छात्रों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन वे सिर्फ तुषार और आशुतोष को तो सकुशल बाहर निकालने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि तरुण (18) की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर उसके परिजनों को सूचना दे दी है।

## विंध्याचल दर्शन करने जा रहे कार सवार चार लोगों समेत पांच की हादसे में मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के बरदह थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में विंध्याचल देवी का दर्शन करने जा रहे कार सवार चार लोगों समेत पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। जिले के बरदह थाना क्षेत्र के भगवानपुर के समीप दशनार्थियों से भरी कार आजमगढ़-इलाहाबाद राजमार्ग पर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस दौरान कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। कार सवार एक महिला का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। आजमगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि शनिवार रात करीब नौ बजे एक कार दर्शनार्थियों को लेकर विंध्याचल धाम दर्शन के लिए जा रही थी। कार जैसे ही बरदह थाना क्षेत्र के भगवानपुर पुलिया के समीप पहुंची अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से उन्होंने बताया कि रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार हवा में उछली और इस दौरान दूसरी तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार बरदह थाना क्षेत्र के ही मिर्जा जगदीशपुर निवासी सुशील सरोज (32) की मौत हो गई। दूसरी तरफ कार में सवार बच्ची सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला की उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में देर रात मौत हो गई। मृतकों में शिव प्रकाश (30), पिंटू यादव (22), शिवप्रकाश की तीन वर्षीय बेटी अनोखी एवं मीना देवी (25) निवासीगण एकरापुर थाना सिधारी की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला का उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आजमगढ़ में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

## गन्ना उपायुक्त ने सर्वेक्षण प्रदर्शन कार्य का लिया जायजा



**गोंडा।** उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन हरपाल सिंह ने मैजापुर चीनी मिल के ग्राम हाड़िगड़ा में गन्ना सर्वेक्षण प्रदर्शन कार्य एवं 63 कालम की सूचना प्रदर्शन कार्य का औचक निरीक्षण कर हो रहे कार्यो की समीक्षा किया।उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा की सभी किसानों को उनके पास उपलब्ध गन्ना सर्वे में आंकडों का प्रदर्शन सही-सही किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकारनहीं होगी। उन्होंने किसानों से अपील किया कि किसान भाई अपनी राजस्व अभिलेख में अंकित भूमि का सुधार करा लें। यदि 63 कालम की सूचना में कोई अंतर है तो संबंधित गन्नाधिकारी/गन्ना सुपरवाइजर को अपनी खतौनी उपलब्ध करा दें। ताकि गाटावार उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल को अभिलेखों में अंकित किया जा सके। उप गन्ना आयुक्त श्री सिंह ने यह भी बताया कि आगामी 01 सितंबर के बाद प्री कैलेंडर (कच्चा कलेंडर) वितरण कराए जाने की योजना है। जिसको चीनी मिल एवं गन्ना विकास परिषद द्वारा सामूहिक रूप से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पी.के. चतुर्वेदी ने बताया की मैजापुर चीनी मिल का नवनिर्माण कार्य तेजी से चल रहा है तथा 10 नवम्बर से चीनी मिल चलाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस समय शरद कालीन गन्ना बुवाई का समय चल रहा है। अतः किसान बंधु अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उत्तम प्रजातियों के गन्ने की बुवाई कराना सुनिश्चित करें।

## कजरी मेला: प्रशासन मुस्तैद

**करनैलगंज** (गोंडा)। कजरी तीज मेले के मद्देनजर करनैलगंज के सरयू घाट पर जबरदस्त व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रविवार शाम से कांवरियों की भीड़ सरयू घाट पर जुटने लगेगी। इसके लिए लगातार व्यवस्थाओं का दौर चल रहा है। सरयू नदी के भीतर बैरिकेडिंग, कोई भी कांवरिया गहराई में न जाने पाए इसके लिए नाव को लगाने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटें लगाई गई है›

## सर्वश्रेष्ठ इम्युनिटी एक्सपर्ट ने बच्चों के लिए आयोजित किया सेशन

**वाराणसी।** स्कूल फिर से खुलने लगे हैं और नया अकादमिक सत्र शुरू हो गया हैए इसी के मद्देनज़र डाबर की ओर से जानी.मानी हेल्थ फूड ड्रिंक डाबर वीटा ने आज स्कूली बच्चों को मजबूत इम्युनिटी के बारे में जागरुक बनाने के लिए एक विशाल जागरुकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के अंतरगत आज एक विशेष सेमिनार वाराणसी के स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल के 300 से अधिक बच्चों को इम्युनिटी के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किस तरह वे हाइजीन और सेहतमंद आहार से अपनी इम्युनिटी बढ़ा सकते हैं। इस मौके पर बच्चों को एक स्पेशल इम्युनिटी किट भी दी गईए जिसमें डाबर वीटा और डाबर च्यवनप्राश था। इस अवसर पर प्रशांत अग्रवालए मार्केटिंग हैड.हेल्थ सप्लीमेंट्सए डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहाए ष्स्कूलों में फिज़िकल क्लासेज़ फिर से शुरू हो गई हैंए ऐसे में हर बच्चे की इम्युनिटी को मजबूत बनाना बहुत ज़रूरी है। क्योंकि महामारी अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। महामारी के दौरान साफहो गया है कि वायरस से सुरक्षित रहने के लिए इम्युनिटी को मजबूत बनाना बहुत ज़रूरी है।

# संस्कृत विवि में बाबा किनाराम शोधपीठ का प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने अघोर परम्परा मे सत्रहवीं शताब्दी के महान सन्त और भगवान शिव के अवतार अघोराचार्य बाबा किनाराम के तीन दिन से चल रहे जन्मोत्सव के आखिरी दिन बतौर मुख्य अतिथि कहा कि अघोर अघोर परंपरा को बाबा कीनाराम और बाबा अवधूत भगवान राम ने देश और काल के अनुसार संजोकर इसका स्वरूप निर्धारित किया। अब इस प्रथा को अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी आगे बढ़ा रहे हैं ।उस दौरान कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने किनाराम पीठ के पीठाधीश्वर



महाराज अघोरेश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी से विश्वविद्यालय मे बाबा किनाराम शोधपीठ की स्थापना करने का प्रस्ताव रखा जिस पर उन्होने अपनी सहमति के साथ कहा कि शीघ्र ही वाराणसी स्थित रवींद्रपुरी आश्रम मे आकर पीठ से जुड़े ट्रस्टीयों से विचार विमर्श कर उनके ग्रंथ ष्विद्यासागरष् पर शोध कराया जायेगा।

कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम रामजी ने इस विश्वविद्यालय के 232 वर्षों के ऐतिहासिक स्थल पर ऐसे पीठ की स्थापना व अन्वेषण से निश्चित ही एक नवीन पथ तैयार होगा जिससे हमारी पीढ़ी को आगे बढने का आयाम मिलेगा।

# भाजपाइयों ने मन की बात का 92वा संस्करण सुना

**वाराणसी।** प्रत्येक बार की तरह आयोजित आकाशवाणी पर रेडियो के माध्यम से प्रसारित होने वाले हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 92वां संस्करण भाजपा महानगर के सभी 13 मंडलों के साथ सभी सेक्टरों में सुना गया। रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर की चर्चा करते हुए कहा कि देश की सामूहिक शक्ति को हमने देखा हैए इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया। पीएम मोदी ने कहा थी हजारों साल पहले हमारी संस्कृति में जल संरक्षण के महत्व को समझाया गया है इसके बारे में भी बताया। पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर घोषित करते हुए जो प्रस्ताव पारित किया है उसके बारे में भी बताया। इस प्रकार से मन की बात को कार्यकर्ताओं ने बहुत ध्यान पूर्वक सुना और उसे आम जनता के बीच पहुंचाने का संकल्प लिया। बागेश्वरी मंडल द्वारा नदेसर स्थित मिंट हाउस पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तवए प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंहए राकेश शर्माए सिद्धनाथ शर्माए सुशील कुमार गुप्ताए कमलेश झाए महेंद्र यादव आदि द्वारा मन की बात सुना गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल द्वारा नीचीबाग स्थित भाजपा कार्यालय कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनीए जिसमें मुख्य रुप से विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारीए मंडल अध्यक्ष गोपाल जी गुप्ताए मीडिया प्रभारी किशोर सेठए सोनू केसरीए संजय केसरीए मुन्ना कसेरा आदि ने मन की बात को सुना। महानगर महिला मोर्चा की ओर से अध्यक्ष कुसुम पटेल के नेतृत्व में दीनदयाल मंडल अध्यक्ष सारिका गुप्ता के सेनपुरा स्थित आवास पर महिलाओं ने मन की बात सुना। इस दौरान मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसियाए पूजा दीक्षितए मंजू सिंहए मीरा गुप्ताए प्रीति पुरोहितए साधना सिंहए संध्या पांडेयए रिचा सिंहए मीरा सिंहए मोहनिका माहेश्वरीए नेहा कक्कड़ए सुश्री दीपा राव आदि उपस्थित रही। सारनाथ मंडल में पहड़िया सेक्टर में मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह के साथ क्षेत्रीय मंत्री डॉक्टर सुदामा पटेलए हरीश चंद्र मौर्याए देवेंद्र सिंह पप्पूए विनोद सिंहए सत्यनारायण यादवए सोनू राजभर आदि ने मन की बात को सुना। सारनाथ मंडल के हीरामणपुर सेक्टर में मंडल मंत्री राम सिंहए सज्जन जायसवालए अजय सिंहए प्रवीण आदि ने मन की बात को सुना। कैंट मंडल की ओर से अभिषेक वर्मा गोपाल के नेतृत्व में बेचू महादेव मंदिर प्रांगण में मन की बात सुनी गई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूरए शोभनाथ मौर्यए सिंधु सोनकरए मनोज सोनकरए सुमित मौर्याए गौरव पांडेयए सरोज देवीए पंकज पटेल आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान को हराकर भारत का जीत से आगाज

## एशिया कप : पांच विकेट से जीती टीम इंडिया



**भाषा।** दुबई

**हार्दिक पांड्या** की उम्दा बल्लेबाजी के दम पर भारत ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के अहम मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रविवार को पांच विकेट से हराया।
इससे पहले भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान को 147 रन पर आउट कर दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसे भुवनेश्वर और हार्दिक की अगुवाई में गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। भुवनेश्वर ने चार ओवर में 26 रन देकर चार विकेट लिए जिसमें पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम (10) का बेशकीमती विकेट शामिल था। वहीं हार्दिक ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए और पाकिस्तानी मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 33 रन देकर दो विकेट लिए। भारत . पाकिस्तान मैच में खेलने का अर्शदीप का यह पहला अनुभव था। भारत के लिए सभी दस विकेट तेज गेंदबाजों ने चटकाए। भुवनेश्वर कुमार का पहला ओवर काफी सनसनीखेज रहा जिसमें पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान के पक्ष में डीआरएस के दो फैसले गए। इसी ओवर में बाबर ने स्ट्रेट ड्राइव पर चौका जड़ा। अंपायर ने रिजवान को दूसरी गेंद पर पगबाधा आउट दे दिया था लेकिन डीआरएस का फैसला बल्लेबाज के पक्ष में रहा। रिजवान ने 42 गेंद में 43 रन बनाए। चार गेंद बाद रिजवान ने विकेट के पीछे कैच थमाया लेकिन अल्ट्रा एज देखने के बाद फैसला उनके पक्ष में रहा। भुवनेश्वर और अर्शदीप ने शुरूआती स्पैल में पिच से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाया। भुवनेश्वर ने दूसरे ओवर में बाबर को बाउंसर डालकर चौका दिया और पूल शॉटखेलने के प्रयास में वह शॉर्ट फाइन लेग पर अर्शदीप को कैच दे बैठे। भारत ने तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर आवेश खान को उतारा और उन्होंने पहले ही ओवर में भारत को सफलता दिलाई। रिजवान ने उन्हें छक्का और चौका लगाया लेकिन पांचवीं गेंद पर आवेश ने फखर जमां को विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक के हाथों लपकवाया जिन्हें अनुभव के आधार पर इस बड़े मुकाबले में ऋषभ पंत की जगह उतारा गया है। दर्शकों के शोर में भारतीयों ने बल्ले पर गेंद लगने की आवाज नहीं सुनी लेकिन फखर खुद मैदान छोड़कर चले गए। इस समय पाकिस्तान का स्कोर छह ओवर में दो विकेट पर 43 रन था। रिजवान ने तीसरे विकेट के लिए इफ्तिार अहमद (22 गेंद में 28 रन) के साथ 45 रन जोड़े। हार्दिक ने दोनों बल्लेबाजों को आउट करके पाकिस्तान को बड़े स्कोर की ओर बढने से रोक दिया। इसके बाद उन्होंने एक और शॉर्ट गेंद पर खुशदिल शाह का भी विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए 11वें नंबर के बल्लेबाज शाहनवाज दहानी ने आखिरी दो ओवरों में भुवनेश्वर और अर्शदीप के खिलाफ दो छक्के जड़कर टीम को 150 के पास पहुंचाया। भारत ने आखिरी पांच ओवर में पांच विकेट लिए लेकिन 45 रन भी दिए।

### द्रविड़ कोविड से उबरे, भारतीय टीम से जुड़े

**दुबई।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड-19 के लिए नेगेटिव पाए गए है और रविवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के बहु प्रतीक्षित मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ गए हैं। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की रवानगी से पूर्व नियमित परीक्षण में पूर्व दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए थे लेकिन अब इस संक्रमण से पूरी तरह उबर चुके है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड-19 के लिए नेगेटिव पाए गए है और दुबई में टीम से जुड़ गए है। द्रविड़ की गैरमौजूदगी में टीम के साथ मौजूद अंतरिम कोच वीवीएस लक्ष्मण भारत ए की तैयारियों को देखने के लिए बेंगलुरू लौट आए है। पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ पॉजिटिव पाए जाने के बाद टीम के साथ यात्रा नही कर पाए थे। बीसीसीआई ने इसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को भारत का अंतरिम कोच नियुक्त किया था। द्रविड़ 23 अगस्त को कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद से घर में ही पृथकवास पर थे।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी :** रिजवान का आवेश को हार्दिक 43, बाबर का अर्शदीप बो कुमार 10,जमां का कार्तिक बो आवेश 10, अहमद का कार्तिक बो हार्दिक 28,शाह का जडेजा बो हार्दिक 2,खान पगबाधा बो कुमार 10,अली का यादव बो कुमार 9,नवाज का कार्तिक बो अर्शदीप ।,रउफ नाबाद 13,शाह पगबाधा बो कुमार 0,दहानी बो अर्शदीप 16, **अतिरिक्त :** पांच रन , **कुल योग :** 19.5 ओवर में 147 रन, **विकेट पतन :** 1-15, 2 -42, 3- 87, 4- 96, 5-97, 6-112, 7-114, 8 -128, 9-128, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-26-4, अर्शदीप 3.5-0-33-2, हार्दिक 4-0-25-3, आवेश 2 -0 -19- ।, चहल 4-0-32-0, जडेजा 2- 0-11-0

## पंत और कार्तिक दोनों को एशिया कप में एक साथ खिलाना असंभव : पुजारा



**दुबई।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा को लगता है कि टीम के स्थिर शीर्ष क्रम को देखते हुए एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के दौरान अंतिम एकादश में ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक दोनों को शामिल करना असंभव होगा। शीर्ष क्रम में केएल राहुल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव शामिल हैं जिनके बाद हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा हैं। इसलिए पंत या कार्तिक में से किसी एक के लिए ही जगह बचती है। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो टी20 टाइमआउट में कहा, यह टीम प्रबंधन के लिए बड़ा सिरदर्द है क्योंकि दोनों (पंत और कार्ति) टी20 प्रारूप में सचमुच अच्छा कर रहे हैं। पर फैसला करना होगा कि आप पांचवें नंबर पर किसी को बल्लेबाजी कराना चाहते हो या फिर आप एक फिनिशिर चाहते हो जो छठे या सातवें स्थान पर बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने कहा, इसलिए मैं कहूंगा कि अगर आप पांचवें नंबर पर किसी बल्लेबाज को चाहते हो तो पंत बेहतर विकल्प हैं। लेकिन आप ऐसा बल्लेबाजी लाइन अप रखना चाहते हो जिसमें एक बहुत अच्छा फिनिशर हो जो 10 या 20 गेंद खेलकर आपको 40-50 रन दे दे तो मुझे लगता है कि डीके (कार्तिक) बेहतर विकल्प है। इस अनुभवी बल्लेबाज ने साथ ही कहा, टीम प्रबंधन को जानते हुए मुझे लगता है कि वे पंत के साथ उतरेंगे क्योंकि वह बाएं हाथ का खिलाड़ी है और टीम को दाएं-बाएं संयोजन में थोड़ा संतुलन प्रदान करता है। सूर्यकुमार के बारे में बात करते हुए पुजारा ने कहा कि वह अंतिम एकादश में होने का हकदार है और पंत और कार्तिक दोनों को टीम में शामिल करने के लिए उसे बाहर नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि हाल के वर्षों में टी20 क्रिकेट में वह शानदार फॉर्म में है।

## हम सभी को आप पर गर्व है: डिविलियर्स ने 100वें टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए कोहली को बधाई दी



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली को उनके 100वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले बधाई दी है। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ रविवार का मैच कोहली का 100वां टी20 अंतरराष्ट्रीय होगा, जिससे वह तीनों प्रारूपों में मैचों का शतक पूरा करने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। कोहली ने अब तक 102 टेस्ट और 262 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा ट्विटर पर जारी किए गए वीडियो में डिविलियर्स ने कहा, मैं अपने बहुत अच्छे दोस्त विराट कोहली को तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने पर बधाई देना चाहता हूं।

### मोनसेंग्लाबाख ने बायर्न को बराबरी पर रोका

**बर्लिन।** गोलकीपर यान सोमेर ने रिकॉर्ड 19 गोल बचाए जिससे उनकी टीम बोरूसिया मोनसेंग्लाबाख ने शनिवार को यहां बुंदेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में बायर्न म्यूनिख को।-। से बराबरी पर रोक दिया। सोमेर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बायर्न को निराश किया। बायर्न ने 33 बार गोल करने का प्रयास किया लेकिन उसे सिर्फ एक बार सफलता मिला जब लेरॉय साने ने 83वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। सादियो माने के दो गोल आफ साइड करार दिए गए जिससे बायर्न की टीम दबदबा बनाने के बावजूद जीत दर्ज नही कर सकी।

### डिबाला की मदद से रोमा ने युवेंटस से ड्रा खेला

**मिलान।** फॉरवर्ड पाउलो डिबाला के गोल करने में मदद करने से रोमा ने सीरी ए फुटबॉल प्रतियोगिता में युवेंटस से।-। से ड्रा खेला। युवेंटस के डुसान व्लाहोविच ने महज 76 सेकेंड बाद (दूसरे मिनट में) अपनी टीम को बढ़त दिला ली और मैच के दौरान उसने दबदबा बनाया हुआ था। लेकिन रोमा ने डिबाला की मदद से 69वे मिनट में टैमी अब्राहम के गोल से बराबरी हासिल कर अंक बांटे। डिबाला के लिए यह काफी भावनात्मक क्षण था।

### लीवरपूल ने नौ गोल दागे, हैलेंड ने सिटी के लिए हैट्रिक बनाई

**लंदन।** सत्र की शुरुआत दो ड्रॉ और एक हार से करने वाले लीवरपूल ने शनिवार को जोरदार वापसी करते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में बोर्नेमाउथ को 9-0 से रौंद दिया। लीवरपूल ने इसके साथ ही ईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी जीत की बराबरी की। लीवरपूल की ओर से एनफील्ड स्टेडियम में रॉबर्टो फर्मिनो ने दो गोल दागे जबकि तीन गोल करने में मदद की। गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने लगातार दूसरे मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद क्रिस्टल पैलेस को अपने ही मैदान पर 4-2 से हराया। एर्लिंग हैलेंड ने दूसरे हाफ में हैट्रकि बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

### फोफाना का शानदार गोल, लेंस जीत से फ्रेंच लीग में शीर्ष पर पहुंचा

**पेरिस।** कप्तान सेको फोफाना के शानदार गोल से लेंस ने फ्रेंच लीग फुटबॉल मैच में रेनेस को 2-। से हरा दिया और तालिका में पेरिस सेंट जर्मेन से ऊपर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। पेरिस सेंट जर्मेन अपनी दो अंक की बढ़त बरकरार रख सकता है, अगर वह रविवार को मोनाको को हरा दे। आइवरी कोस्ट के मिडफील्डर फोफाना ने 66वें मिनट में भागते हुए दनदनाता गोल दागा।

### सेविला फिर हारा, पहली जीत का इंतजार

**मैड्रिड।** सेविला को अल्मेरिया के खिलाफा-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीग के मौजूदा सत्र मे टीम को अब भी पहली जीत का इंतजार है।सेविला की टीम मौजूदा सत्र में तीन मैच खेल चुकी है। टीम ने ओसासुना में हार के साथ शुरुआत की और फिर वेलाडोलिड के साथ अपने मैदान पर ड्रॉ खेला।

## एआईएफएफ चुनाव: समीक्षा में सभी 20 नामांनकन पत्र वैध पाए गए

**भाषा।** नई दिल्ली




**अखिल भारतीय** फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को सभी 20 नामांकन पत्रों को जांच के बाद वैध पाया। ए 20 नामांकन पत्र अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए दो-दो उम्मीदवारों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए 14 उम्मीदवारों से संबंधित हैं। निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और कार्यकारी समिति के सदस्यों के नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी 20 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 14 कार्यकारिणी सदस्यों के पदों के लिए चुनाव होना है। छह पूर्व खिलाड़ियों (चार पुरुष और दो महिलाओं) को बाद में मतदान अधिकार के साथ कार्यकारी समिति के सदस्यों के रूप में शामिल किया जाएगा। उम्मीदवार मंगलवार दोपहर एक बजे से पहले अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के शीर्ष तीन पदों पर दो उम्मीदवारों के बीच सीधी लड़ाई देखने को मिल सकती। अध्यक्ष पद की दौड़ में पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के खिलाफ पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया की उम्मीदवारी है। निर्वाचन अधिकारी पहले ही राज्य संघों के 34 प्रतिनिधियों का निर्वाचक मंडल तैयार कर चुके हैं। राजस्थान संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के नेता मानवेंद्र सिंह ने एकमात्र उपाध्यक्ष पद के लिए एनए हैरिस के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए शनिवार नामांकन भरा। हैरिस कर्नाटक फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और राज्य के मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं। मानवेंद्र के राज्य संघ ने भूटिया की उम्मीदवारी का समर्थन किया था। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के तौर पर भूटिया का नाम प्रस्तावित करने वाले आंध्र प्रदेश राज्य संघ के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कोसाराजू ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय के खिलाफ कोषाध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए एक पत्र लिखा था। सूत्रों ने हालांकि कहा कि उन्होंने नाम वापस लेने के लिए कोई फॉर्म नहीं भरा था और इसलिए उनकी उम्मीदवारी अभी भी बनी हुई है। यह ज्ञात नहीं है कि वह मंगलवार की समय सीमा से पहले नामांकन वापस लेंगे या नहीं। उन्होंने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसी दिन भूटिया और चौबे ने भी अपनी उम्मीदवारी पेश की थी। कार्यकारी समिति के सदस्यों की समान संख्या के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से सभी 14 उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। इसमें जी पी पालगुना, अविजित पॉल, पी अनिलकुमार, वलंका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला एथेनपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नेइबोउ सेखोज, लालनघिंग्लोवा हमार, दीपक शर्मा, विजय बाली और सैयद इम्तियाज हुसैन शामिल हैं।

### भूटिया ने सिक्किम एफए का समर्थन नहीं करने के पीछे राजनीतिक दबाव का आरोप लगाया

**गंगटोक।** भारत के पूर्व कप्तान और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बाइचुंग भूटिया ने रविवार को आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के कारण उनका गृह राज्य इकाई सिक्किम एफए आगामी आम चुनाव मे उनका समर्थन नही कर रहा है। भारतीय फुटबॉल के सबसे बड़े दिग्गजो मे से एक 45 साल के भूटिया दो सितंबर को होने वाले चुनावो मे एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए कल्याण चौबे की चुनौती का सामना कर रहे है। चौबे मोहन बागान और ईस्ट बंगाल जैसे बड़े क्लबों के पूर्व गोलकीपर है। वह बंगाल मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता है और उन्हे गुजरात और अरुणाचल प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य संघों से समर्थन प्राप्त है। भूटिया के नामांकन को आंध्र प्रदेश और राजस्थान राज्य संघो द्वारा क्रमशः प्रस्तावित और अनुमोदित किया गया था। उन्हे इसमे अपने राज्य संघ से समर्थन नही मिला।

## एक्सलसेन व यामागुची दूसरी बार बने बैडमिंटन विश्व चैंपियन

**भाषा।** तोक्यो


महिला युगल के खिताब के साथ चेन व फेन

**विक्टर एक्सलसेन** ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में रविवार को कुनलावुत विटिडसर्न को 21-5, 21-16 से हराकर अपना दूसरा खिताब हासिल किया। महिला वर्ग में अकाने यामागुची ने ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई को 21-12, 10-21, 21-14 से हराकर लगातार दूसरी बार इस खिताब को हासिल किया। डेनमार्क के एक्सेलसन के अनुभव का पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच थाईलैंड के 21 साल विटिडसर्न कोई जवाब नहीं दे सके। एक्सेलसन की इस साल मार्च के बाद यह लगातार 37वीं जीत है। इससे पहले 2017 में विश्व चैम्पियन बनने वाले एक्सलसेन ने टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में एक भी सेट नहीं गंवाया। विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज यामागुची ने इस घरेलू स्टेडियम में तोक्यो ओलंपिक की असफलता को पीछे छोड़ते हुए चीन की युफेई को तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त दी।

## पासी के आत्मघाती गोल से मोहन बागान ने लगातार पांचवीं बार ईस्ट बंगाल को हराया

**भाषा।** कोलकाता

**सुमित पासी** के आत्मघाती गोल से ईस्ट बंगाल की टीम डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में चिर-प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान से शनिवार को यहां 0-। से हार गई। कोलकाता डर्बी के इस मैच को देखने के लिए साल्ट लेक स्टेडियम लगभग 70,000 दर्शकों से खचाखच भरा था। मध्यांतर से ठीक पहले कॉर्नर से लिस्टन कोलाको के किक पर ईस्ट बंगाल के गोलकीपर ने विशाल कैथ ने डाइव लगाकर अच्छा बचाव किया लेकिन गेंद उन से झटक कर पासी के पैर से टकराने के बाद गोल पोस्ट के अंदर चली गई। मोहन बागान की ईस्ट बंगाल पर यह लगातार पांचवीं जीत है। इस जीत से 16 बार की चैम्पियन टीम की टूर्नामेंट में बने रहने की उम्मीदें भी जीवंत हो गई। मोहन बागान को टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में आई-लीग टीम राजस्थान यूनाइटेड ने हराकर उलटफेर किया था।

## अमेरिकी ओपन में भी नहीं खेलेंगे जोकोविच

### नडाल की नजरें नंबर एक रैंकिंग पर



**भाषा।** न्यूयॉर्क

**कोविड**-19 टीकाकरण नहीं करवाने के कारण दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार से शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। मौजूदा सत्र में यह दूसरी बार है जब जोकोविच टीकाकरण नहीं करवाने के कारण किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में नहीं खेल पा रहे हैं। वह इससे पहले सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट आस्ट्रेलियाई ओपन में भी इसी कारण से नहीं खेल पाए थे। अमेरिकी ओपन के दौरान पांच पुरुष खिलाड़ियों के पास दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी बनने का मौका होगा जिसमें रिकॉर्ड 22 पुरुष ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल भी शामिल हैं। स्पेन के इस दिग्गज ने न्यूयॉर्क में चार खिताब जीते हैं लेकिन 2019 के बाद वह यहां पहली बार खेल रहे हैं। स्पेन ने 36 साल के नडाल ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन और जून में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता जबकि वह जुलाई में विंबलडन सेमीफाइनल में भी पहुंचे लेकिन पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए। दुनिया के मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी और गत अमेरिकी ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव, कार्लोस अल्काराज, स्टेफानोस सितसिपास और कैस्पर रुड को अमेरिकी ओपन के अगले दिन जारी होने वाली रैंकिंग में शीर्ष पर रहने के लिए 11 सितंबर को होने वाले फाइनल में जगह बनाने की जरूरत है। महिला एकल में नाओमी ओसाका ने अपने चार में से दो ग्रैंडस्लैम खिताब अमेरिकी ओपन में जीते हैं और इसलिए न्यूयॉर्क में उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार माना जाता है। हालांकि वह मंगलवार रात आस्ट्रेलियाई ओपन की उप विजेता डेनियल कोलिन्स के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले से पहले काफी अच्छी स्थिति में नहीं हैं। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका अब 44वें नंबर पर है और अपने पिछले तीन मुकाबले गंवा चुकी हैं। उन्होंने अप्रैल की शुरुआत से दो मैच जीते हैं जबकि छह गंवाए हैं। ओसाका ने शनिवार को कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैंने एक या दो दिन पहले झूठ बोला होगा जब मैंने कहा था कि मैं सहज हूं।

### सेमसोनोवा ने सासनोविच को हराकर लगातार दूसरा खिताब जीता

**क्लेवलैंड।** रूस की ल्यूडमिला सेमसोनोवा ने टेनिस इन द लैड चैपियनशिप के फाइनल मे बेलारूस की सातवी वरीयता प्राप्त अलियाक्सांद्रा सासनोविच को 6-।, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। दुनिया की 45वे नंबर की खिलाड़ी सेमसोनोवा ने अमेरिकी ओपन से पहले तैयारी टूर्नामेंट के दौरान क्लेवलैंड मे पांच मैच मे एक भी सेट नही गंवाया। उन्होंने तीन हफ्ते पहले वाशिंगटन में सिटी ओपन का खिताब भी जीता था और करियर के सर्वश्रेष्ठ लगातार 10 जीत के क्रम के साथ न्यूयॉर्क मे अमेरिकी ओपन मे खेलने उतरेंगी। अमेरिका की निकोल मेलिचर-मार्टिन और आस्ट्रेलिया की एलीन पेरेज की दूसरी वरीय जोड़ी ने कजाखस्तान की अन्ना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रुनिक की चौथी वरीय जोड़ी पर 7-5, 6-3 की जीत से युगल खिताब जीता। मेलिचर-मार्टिन और पेरेज ने इस साल की शुरुआत मे टोरंटो और सिनसिनाटी मे दूसरे स्थान पर रहने के बाद जोड़ी के रूप मे अपनी पहली चैपियनशिप जीती।

### मनारिनो ने विन्सटन-सलेम ओपन जीता

विन्सटन-सलेम। एड्रियन मनारिनो शनिवार को यहां लेस्लो जेयर को हराकर विन्सटन-सलेम ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले पहले फ्रांसीसी खिलाड़ी बने। फाइनल के अपने सफर के दौरान लगातार चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराने वाले 34 वर्षीय मनारिनो गैर वरीयता प्राप्त जेयर को 7-6 (1), 6-4 से हराकर टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। वह 2013 के चैपियन जुएर्गन मेल्जर के बाद यहां खिताब जीतने वाले बाएं हाथ के दूसरे खिलाड़ी और इस सत्र मे एटीपी टूर पर खिताब जीतने वाले चौथे बाएं हाथ के खिलाड़ी है। इससे पहले फ्रांस के चार खिलाड़ी 2019 मे बेनोइट पियरे, 2015 मे पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट, 2013 मे गेल मोनफिल्स और 2011 मे जूलियन बेनेटो इस टूर्नामेंट के फाइनल मे पहुंचे थे लेकिन उन सभी को उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

### चयन ट्रायल्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टी5 की विजेता रहीं रूचिता

**नई दिल्ली।** रेलवे की रूचिता विनेरकर ने रविवार को यहां डा कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में हुए राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टी5 स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने स्वर्ण पदक के मैच में कर्नाटक की दिव्या टीएस को 16-14 से हराया। रूचिता क्वालीफायर्स में 576 के स्कोर से चौथे स्थान पर जबकि दिव्या 574 अंक से सातवें स्थान पर रहीं। महाराष्ट्र की साक्षी सूर्यवंशी 580 के स्कोर से शीर्ष पर रही थीं। शीर्ष आठ सेमीफाइनल चरण में रूचिता ने 251.1 का स्कोर बनाया जबकि दिव्या 248.7 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं।

### ईरान में ट्रेनिंग लेगा 13 सदस्यीय भारतीय पुरूष मुक्केबाजी दल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक कुमार भोरिया (51 किग्रा) और कविंदर सिंह बिष्ट (57 किग्रा) की अगुआई में 13 सदस्ईय भारतीय पुरूष मुक्केबाजी दल 28 अगस्त से ईरान में 10 दिन के ट्रेनिंग शिविर और टूर्नामेंट में भाग लेगा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाले आठ एलीट पुरूष मुक्केबाज रविवार (28 अगस्त) से शुरू होने वाले इस शिविर का हिस्सा नहीं हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने देश के एलीट पुरूष मुक्केबाजों के लिए इस शिविर का आयोजन किया है।

### वाणी और त्वेसा सहित चार भारतीयों ने कट में प्रवेश किया

**स्काप्टो (स्वीडन)।** वाणी कपूर और तीन अन्य भारतीय महिला गोल्फरो ने रविवार को यहां लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट डिड्रिक्सन्स स्काप्टो ओपन मे कट मे जगह बनाई। वाणी ने तीन अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 32वे स्थान पर चल रही है। कट मे जगह बनाने वाली अन्य भारतीय त्वेसा मलिक ने 69, अमनदीप द्राल ने 70 और दीक्षा डागर ने 71 का कार्ड खेला। ए तीनों संयुक्त रूप से 45वे स्थान पर चल रही है। इन तीनों का कुल स्कोर दो ओवर 36 रहा और कट तीन ओवर का रहा जिसमे 72 खिलाड़ियों ने जगह बनाई।

### भारतीय टीम का सैफ महिला चैम्पियनशिप से पहले संक्षिप्त अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम का सैफ (दक्षिण एशिया फुटबॉल महासंघ) महिला चैम्पियनशिप 2022 के लिए 29 अगस्त से 2 सितंबर तक पुणे में संक्षिप्त अभ्यास शिविर होगा। इस चैपियनशिप का आयोजन छह से 19 सितंबर तक नेपाल मे होगा। ब्लू टाइग्रेस (भारतीय टीम) तीन सितंबर को नेपाल रवाना होगी। गत चैपियन भारतीय महिला टीम को ग्रुप ए मे मालदीव, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। टीम सात सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी।

### अवनि विश्व एमेच्योर में 44वें स्थान से शीर्ष भारतीय

**पेरिस।** अवनि प्रशांत (71) 29वी महिला विश्व एमेच्योर टीम चैम्पियनशिप मे संयुक्त 44वे स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गोल्फर रही। भारतीय टीम मे निश्ना पटेल (82) और स्मृति भार्गव (81) भी शामिल थी जो संयुक्त 34वे स्थान पर रही। अवनि ने 75-76-73-71 के कार्ड खेलकर कुल 295 का स्कोर बनाया। वही निश्ना (77-77-77-82) कुल 313 के स्कोर से 113वे स्थान पर ही और स्मृति (73-79-83-81) कुल 316 के स्कोर से 122वे स्थान पर रही। स्वीडन ने अमेरिका से टाईब्रेकर मे जीत हासिल कर एसप्रितो सांतो ट्राफी तीसरी बार अपने नाम की।

### भारतीय गोल्फर शुभंकर स्विट्जरलैंड में कट से चूके

**क्रांस मोंटाना।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ओमेगा यूरोपीय मास्टर्स मे कट से चूकने के कारण एक बार फिर डीपी विश्व टूर से बाहर हो गए। पहले दौर मे एक ओवर 71 का कार्ड खेलने वाले दो बार के डीपी विश्व टूर विजेता शुभंकर ने दूसरे दौर मे 70 का कार्ड खेला और कट से चूक गए क्योंकि कट तीन अंडर का रहा। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म मे चल रहे शुभंकर डीपी विश्व टूर मे पिछली नौ शुरूआत मे आठवी बार कट से चूके है।

### आस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में जिंबाब्वे को हराया

**टाउंसविल (आस्ट्रेलिया)।** कैमरन ग्रीन के पांच विकेट के बाद डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की उम्दा पारियो से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला मे।-0 की बढ़त बना ली। जिंबाब्वे की टीम 2004 के बाद आस्ट्रेलिया मे पहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही है। ग्रीन ने करियर मे पहली बार पांच विकेट चटकाते हुए 33 रन देकर पांच विकेट हासिल किए जिससे जिंबाब्वे की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.3 ओवर मे 200 रन पर सिमट गई। टीम ने अंतिम छह विकेट सिर्फ 15 रन जोड़कर गंवाए। आस्ट्रेलिया की ओर से एडम जंपा ने भी 57 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जिंबाब्वे की ओर से वेस्ली माधेवेरे ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 72 रन की पारी खेली।